माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 184, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 14
जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 2

# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

## करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गईं। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

## एक नजर

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### सुहानी के परिजनों को आमिर ने बंधाया ढांढस

**फरीदाबाद।** फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर की मौत के बाद अभिनेता आमिर खान ने गुरुवार को यहां उनके परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। सुहानी भटनागर (19) की 16 फरवरी को मौत हो गई थी। सुहानी के करीबी रिश्तेदार नवनीत भटनागर ने बताया कि आमिर खान गुरुवार शाम छह बजे फरीदाबाद स्थित सुहानी के घर पहुंचे।

# खनौरी जाने से रोकने पर किसानों ने किया पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

## प्रदर्शनकारियों ने मनाया काला दिवस, भाजपा नेताओं के पुतले फूंके

हिसार/अमृतसर, एजेंसी

पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। किसान पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। वे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के 'दिल्ली चलो' आह्वान पर वहां इकट्ठा हुए हैं।

दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया और राज्य की सीमा पर दो जगह डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके। हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच हिंसा में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए एसकेएम ने काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) ने पंजाब के 17 जिलों में 47 स्थानों पर प्रदर्शन किया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंके। अमृतसर में, किसानों ने मुख्य प्रवेश बिंदु न्यू गोल्डन गेट पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

होशियारपुर जिले में भी प्रदर्शन किया गया, किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मान ने पंजाबी भाषा में एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसान नेता सिंह के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की थी।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

**चंडीगढ़।** किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब अधिकारियों ने बताया कि यह संभव नहीं है। पंधेर ने कहा कि हमने (शुभकरण के) परिवार से कहा कि इसमें दो दिन या 10 दिन लगे। हमारे लिए पैसे महत्वपूर्ण नहीं है। प्राथमिकी दर्ज करन के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

# पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने फांसी लगाकर दी जान

- सुसाइड नोट में लिखा, क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी
- शैक्षिक प्रमाण पत्र भी जला दिए कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा की घटना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। लिखा है कि उसकी मौत के लिए माता-पिता को परेशान न किया जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने नौकरी न लगने का कारण बताते हुए सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अखिलेश यादव ने कहा जान देना समाधान नहीं

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि ये बेहद दुखद खबर है कि बेरोजगारी की त्रासदी से निराश होकर कन्नौज में एक युवा ने फांसी लगाकर जान दे दी और और ऐसा करने से पहले उसने अपनी सारी डिग्रियां जला डालीं। कहा कि जान देना कोई समाधान नहीं होता, संघर्ष ही रास्ता निकालता है। भाजपा सरकार में नौकरी की उम्मीद बेमानी है। जो भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए हर हथकंडा अपनाती है, वो नौकरी देने के नाम पर क्यों मुकर जाती है।

# विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

### बैंक लोन धोखाधड़ी मामला

- दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए
- विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई। वहां सिर्फ स्टाफ होने के चलते गेट खुलने तक तकरीबन एक घंटे तक उन्हें बाहर ही खड़ा रहना पड़ा। यहां छानबीन के दौरान बाहर ईडी के अफसरों की ओर से प्रिंटर आदि भी मंगवाए जाने की सूचना है।

### राज्यसभा चुनाव

# सपा विधायक इरफान सोलंकी नहीं डाल सकेंगे वोट



**कानपुर।** सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी की राज्यसभा चुनाव में मतदान करने संबंधी याचिका शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। उनके वकील मो. आसिफ की तरफ से झारखंड का हवाला दिया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे। जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी एक महिला की झोपड़ी में आग लगाने सहित कई मामलों में इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से सपा विधायक महराजगंज जेल में बंद हैं।

# झोपड़ी में आग लगने से तीन भाइयों सहित 4 बच्चे जिंदा जले

- लुकाछिपी खेल रहे थे बच्चे, अचानक आग लगने से नहीं भाग सके
- मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञान परिवार के प्रति जताई संवेदना

संवाददाता, फरीदपुर (बरेली)

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को मकान की छत पर बनी झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे तीन सगे भाइयों समेत चार बच्चों की जलकर मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले पहुंचे, आग बुझाई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। गांव नवादा बिलसंडी में अमिताभ, भीम, अर्जुन अपने परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। मकान छोटा होने के कारण छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। शुक्रवार दोपहर सभी भाई मजदूरी करने गए थे। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। आग की लपटें देख बच्चे झोपड़ी में घुस गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। झुलसने से मानवी, नीतू, प्रियांशी की मौके पर मौत हो गई, जबकि आराध्या बुरी तरह से झुलस गई। उसे पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत गंभीर होने पर निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। सूचना मिलने पर डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, पुलिस अधीक्षक देहात दक्षिणी मानुष पारीक घटनास्थल पर पहुंचे। पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।





# खेल खिलाड़ी



# कप्तान-बल्लेबाज के तौर पर आत्मविश्वास से भरी स्मृति

## डब्ल्यूपीएल सीजन-2: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है



**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है कि स्मृति मंधाना कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर दोहरी भूमिकाओं में खरी उतर रही है और आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में मंधाना दोहरी भूमिका का बोझ नहीं सह पाई थी और उनकी बल्लेबाजी खराब हो गई थी। वह पहले सत्र में 8 मैचों में 149 रन ही बना सकी थी। विलियम्स ने कहा कि वह मेहनत कर रही है। आत्मविश्वास से भरी हैं और अपने खेल तथा कप्तानी को लेकर उत्साहित हैं। कप्तानी और पारी की शुरूआत की जिम्मेदारी बड़ी है। उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2024 के पहले मैच से पूर्व कहा कि उसे टीम से काफी सहयोग मिल रहा है। उसकी मदद के लिए कई सीनियर खिलाड़ी हैं और वह दोनों भूमिकाओं को पृथक रखने की कोशिश कर रही है। पिछले सत्र में आरसीबी पांच टीमों में चौथे स्थान पर थी। विलियम्स ने कहा कि मंधाना की कप्तानी में टीम इस बार स्थिर लग रही है। उन्होंने कहा कि मैने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर स्मृति के साथ काफी समय बिताया है। पिछले डब्ल्यूपीएल सत्र से काफी सबक लिया है। बतौर टीम और व्यक्तिगत स्तर पर भी। महिला बिग बैश लीग में एडीलेड स्ट्राइकर्स को खिताब दिला चुके ऑस्ट्रेलिया के विलियम्स ने कहा कि इस बार आरसीबी के पास स्पिन और तेज गेंदबाजी में काफी विकल्प हैं।

### यूपी वारियर्स की निगाहें बेहतर प्रदर्शन पर : एलीसा

**मुंबई।** कप्तान एलिसा हीली ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंकाई सुपरस्टार चामरी अटापट्टू के यूपी वारियर्स में शामिल होने से टीम में चयन को लेकर दुविधा होगी जो टीम के लिए अच्छी बात है। यूपी वारियर्स में काफी विदेशी खिलाड़ी हैं, जिसमें हीली के अलावा ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टोन, तहलिया मैकग्रा, डेनियल वाट और अटापट्टू शामिल हैं। अटापट्टू को इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की जगह शामिल किया गया। हीली ने कहा कि उनका जुड़ना हमारे लिए अच्छा रहा। निश्चित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से टीम में गहराई होना अहम है। चामरी का शामिल होना अच्छा है। उन्होंने कहा कि इससे प्रबंधन और मेरे लिए अंतिम एकादश का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड से 3 मैच की शृंखला जीती

**आकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी**

एडम जम्पा के 4 विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और 3 मैच की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच छह विकेट से जीता था। अब तीसरा टी-20 रविवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 72 रन बनाने के बावजूद 19.5 ओवर में 174 रन के स्कोर पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 गेंद में पांच छक्कों से 45 रन बनाए, जिससे टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम यह स्कोर बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 12 रन देकर चार और बेन सीयर्स ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 9.5 ओवर में 59 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड को खेल शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब रचिन रविंद्र घुटने की हल्की चोट के कारण बाहर हो गए और डेवोन कॉनवे को भी विकेटकीपिंग करते हुए अंगूठे में चोट लग गई, जिससे उन्हें एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया। जब पता चला कि कोई फ्रेक्चर नहीं है, तब कॉनवे मैदान पर लौटे, लेकिन वह फिर भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 29 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (42) और जोश क्लार्कसन ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद टीम का स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 74 रन हो गया। फिर टीम 17 ओवर में 102 रन पर सिमट गई।



ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में बल्लेबाजी करते ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श।

## खेल डायरी

### भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती



**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी । भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4 -3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी । इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा । फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाएं। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

टर्किश कप

### कपूर, संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। स्पेन के डेविड पुईग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं। उन पर कट से चूकने का खतरा है।

### अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था। शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11-5, 4 -11, 4 -11, 8-11 से हार गए।

### एफआईएच प्रो लीग : आस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर



**राउरकेला।** पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई। भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाश का दमदार आगाज

## चौथे टेस्ट के पहले दिन जो ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाश ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला

**रांची, एजेंसी**

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे । उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं।

दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला। बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे । पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की शृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए । इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।



टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते ओली रॉबिन्सन।



रांची : जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड** 302/7 (90 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी:** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

## मुश्किलों के बाद आकाश को मिली मंजिल



**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे।

उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते। यह जिंदगी का सबसे यादगार दिन है। मुझे बेटे पर फक्र है।




# बॉलीवुड हलचल

## राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2 .0 रिलीज हो गया है। इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है। हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरु हो जाती है। इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे। यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं। हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।

### सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है। गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल



**मुंबई।** स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा. लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी। हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है। हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है। मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है। इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी। यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है।

## करिश्मा कक्कर और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज




**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कर और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि ...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा... होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से... वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है।

### नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज



**मुंबई।** गायक-अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है। होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये। अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं। सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है। आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं। फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है। गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### संवासियों को दी डिजिटल लर्निंग की जानकारी

**चित्रकूट, अमृत विचार :** राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में शुक्रवार को आवासित संवासियों को डिजिटल लर्निंग की जानकारी दी गई। सहायक अधीक्षक वीर सिंह ने संवासियों को शिक्षा में डिजिटल लर्निंग के लाभ व सावधानियों को बताया। संवासियों ने ध्यान से इसे समझा। कार्यक्रम में शिक्षक व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

### केंद्र व्यवस्थापक पर मधुमक्खियों का हमला

**चित्रकूट, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा के दौरान शुक्रवार को बड़ी के वाह्य केंद्र व्यवस्थापक हेमंत प्रताप पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। हमले से हेमंत प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गए। बरगढ़ के राजकीय इंटर कालेज के शिक्षक मनीषकांत पटेल को नया वाह्य केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है।

### कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**चित्रकूट, अमृत विचार :** देऊधा में कौशल विकास एवं उद्यमिता कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम सीएसआईआर, सीएफटीआरआई के क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ व अन्य संस्थाओं के सहयोग से हुआ। इस मौके पर केंद्र प्रभारी डॉ. पीपी गोथवाल, डॉ. प्रभाकर सिंह, राजदीप सिंह, अखिलेश दुबे एवं कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ग्रामोदय विवि का दीक्षांत समारोह 29 को

**चित्रकूट, अमृत विचार :** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 29 फरवरी को होगा। सद्गुरु रितेश्वर महाराज पीठाधीश्वर आनंदधाम पीठ वृंदावन दीक्षांत भाषण देंगे। शुक्रवार को कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने तैयारियों की समीक्षा की।

# काली पट्टी बांधकर किसानों ने मनाया काला दिवस

## संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर किया प्रदर्शन, भाकियू नेताओं ने कहा- किसान विरोधी है सरकार

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में किसानों ने जिले में काला दिवस मनाया। किसानों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया।

भारतीय किसान यूनियन के जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि पांचों ब्लाकों में किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ काला दिवस मनाया। चांदी, धौरहरा, सगवारा, खंडेह, लवेद, बियावल, छिपनी, चनहट, बरवारा, प्रसिद्धपुर आदि गांवों में किसानों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। काले झंडे लहराकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। किसानों ने सरकार को किसान विरोधी करार दिया। दिल्ली बार्डर पर किसानों पर हो रहे अत्याचार को लेकर किसान आक्रोशित हैं। इस मौके पर शिवदयाल सिंह बघेल, राजकिशोर सिंह, मनोज द्विवेदी, प्रेम सिंह, रामबालक पाल, जयनारायण सिंह, विजय बहादुर सिंह, शैलेंद्र सिंह, रामेश्वर सिंह, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।





काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते भाकियू नेता व रामनगर पावर हाउस में विरोध कर रहे किसानों को समझाते अधिकारी। अमृत विचार

### उत्पीड़न का आरोप

उधर, रामनगर में पॉवर हाउस में ब्लॉक अध्यक्ष देवनारायण यादव के नेतृत्व में किसानों ने जेई पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर धरना दिया। किसानों का कहना था कि निजी नलकूप कनेक्शन के नाम पर जेई द्वारा परेशान किया जाता है। किसानों ने पॉवर हाउस रामनगर का घेराव किया। किसानों ने जेई पर सुविधा शुल्क मांगने का भी आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे एसडीओ अरविंद कुमार और एसओ रैपुरा शैलेंद्र चंद्र पांडेय ने किसानों को आश्वासन दिया और तब धरना समाप्त हुआ। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रमेश पाठक, वीरेंद्र, ओमनारायण गर्ग, योगेंद्र सिंह, उदयनारायण सिंह आदि मौजूद रहे। एसडीओ ने बताया कि नलकूप कनेक्शनों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया है।

## 26 को आएंगे बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य

**चित्रकूट, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य अशोक कुमार यादव तीन दिवसीय भ्रमण पर 26 को चित्रकूट आएंगे। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा ने दी। बताया कि सदस्य 26 फरवरी को सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन उनका धार्मिक स्थलों के दर्शन-पूजन का कार्यक्रम है। जिला अस्पताल, एनआईसी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। वह कोविड-19 से प्रभावित रहे बच्चों व एकल परिवारों से उनके आवास पर बातचीत करेंगे। अगले दिन वह वाराणसी के लिए रवाना होंगे।

## 28 को होगी केवल भूगोल की परीक्षा

**चित्रकूट, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व मध्यमा से उत्तर मध्यमा स्तर की परीक्षा के लिए जारी परीक्षा कार्यक्रम में पहले 28 फरवरी को द्वितीय पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय की भूगोल एवं चित्रकला के प्रश्नपत्र की परीक्षा निश्चित की गई थी। बताया कि अपरिहार्य स्थिति में 28 फरवरी 2को द्वितीय पाली में केवल उत्तर मध्यमा द्वितीय के भूगोल विषय की परीक्षा कराई जाएगी। चित्रकला की परीक्षा अब एक मार्च को पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में प्रातः आयोजित की जाएगी।

# चांदी घाट के दो कर्मचारियों के बीच विवाद, एक घायल

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** चांदी घाट में दो कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। सुरक्षा गार्ड पर आरोप है कि उसने घाट संचालक की शह पर कंप्यूटर ऑपरेटर को मारा-पीटा। फिलहाल कंप्यूटर ऑपरेटर के अस्पताल में भर्ती होने की वजह से इसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।



शुक्रवार को चांदी घाट के कंप्यूटर ऑपरेटर दिवाकर मिश्रा निवासी बसुहार (सराय अकिल) पर वहीं के सुरक्षाकर्मी, जो बरगढ़ निवासी बताया जाता है, उसने ओवरलोड वाहन पास कराने के मामले में हमला कर दिया। मारपीट में दिवाकर गंभीर रूप से घायल हुआ। उसे घाट के ही अन्य कर्मचारियों ने जिला चिकित्सालय मंझनपुर में भर्ती कराया। उधर, इस संबंध में सरधुआ एसओ से बात की गई तो उन्होंने मामले की जानकारी से इनकार किया। चर्चा यह भी है कि घाट संचालक मामले को दबाने के प्रयास में है। घाट संचालक का पक्ष नहीं जाना जा सका। गौरतलब है कि यमुना नदी के चांदी घाट में बालू खनन चर्चा का विषय रहा है। ग्रामीण यहां अनुमति से ज्यादा क्षेत्र में खनन की शिकायतें करते रहे हैं।

## अन्ना मवेशियों से परेशान किसानों ने दिया ज्ञापन

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** अन्ना मवेशियों से परेशान ग्राम पंचायत बछरन के किसानों ने शुक्रवार को उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। एसडीएम ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन के राजकिशोर, शंकर सिंह आदि ने बताया कि तहसील क्षेत्र का किसान अन्ना गोवंशों से परेशान है। इसके अलावा वह दैवीय आपदाओं का शिकार हो रहा है। अतिवृष्टि ओलावृष्टि से पहले लगभग 60 फीसदी फसल नष्ट हो चुकी है। बताया कि बाकी फसल बचाने के लिए गांव के लोगों ने अन्ना मवेशियों को तालाब के किनारे संरक्षित कर लिया है। एसडीएम से इनके रखरखाव की मांग की। बताया गया कि राजापुर तहसील क्षेत्र के बहुत से गांवों-मजरों में अन्ना मवेशियों की समस्या है। इस दौरान शंकर सिंह, संतोष कुमार, राजेंद्र प्रसाद, माताबदल, राज किशोर, लवलेश सिंह, रमेश सिंह आदि रहे।

# जेई पर लगाया अभद्रता का आरोप

**विरोध**

▸▸ **बिजलीकर्मियों ने अधिशासी अभियंता को दिया शिकायती पत्र**

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** रामनगर पावर हाउस के अवर अभियंता की कार्यशैली से किसान ही नहीं बल्कि कर्मचारी भी नाराज हैं। शुक्रवार को इन कर्मचारियों ने अधिशाषी अभियंता राजापुर को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया। इनका कहना है कि जेई की वजह से काम करने में दिक्कत हो रही है।

रामनगर पावर हाउस के सुभाष चंद्र, लवकुश, मनलाल, प्रदीप कुमार, दिनेश, हिमांशु आदि कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि रामनगर जेई रामबहादुर बाथम द्वारा स्टाफ, जिसमें एएसओ, सहायक, एलएम और पीआरडी जवान शामिल हैं, के साथ आएदिन अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और गालीगलौज की जाती है। बताया कि जो कर्मचारी हस्तक्षेप करता है और उच्चाधिकारियों से बताने की बात कहता है, उसे नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। यह भी आरोप लगाया कि जेई शट डाउन लेकर निजी कर्मियों से काम कराते हैं और उनको भर्ती कराने की लालच देते हैं। कर्मचारियों ने एक्सईएन से मार्गदर्शन की अपेक्षा की है जिससे काम सुचारु हो।

### जेई बोले- आरोप निराधार

उधर, इस संबंध में जेई रामबहादुर बाथम ने आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि काम का दबाव है। उनको भी उच्चाधिकारियों को जवाब देना पड़ता है। पूरे पूरे दिन एक कनेक्शन काटना, बहाना बनाना तो बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह उनके घर का काम तो है नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने किसी के साथ अभद्रता नहीं की। गौरतलब है कि एक वीडियो भी वायरल है, जिसमें जेई रुपये लेते नजर आ रहे हैं। (हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता) जेई ने बताया कि यह वीडियो ओटीएस की धनराशि जमा करने का है, जिसे किसी ने शरारतपूर्ण ढंग से बदनाम करने के लिए वायरल किया है। वह सुविधा शुल्क नहीं, बल्कि धनराशि जमा कर रहे हैं।

# पिता की हत्या के आरोपी युवक की जमानत खारिज

**चित्रकूट, अमृत विचार :** पैसे के लिए कुल्हाडी से काटकर पिता की हत्या करने के मामले में जेल में बंद आरोपी बेटे की जमानत सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि आठ अक्टूबर 2023 को रैपुरा थाने में बगरेही निवासी कमलेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि छह अक्टूबर की दोपहर उसके पिता राधेश्याम द्विवेदी गांव में झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पीपल के वृक्ष के नीचे चबूतरे पर बैठे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनका सबसे छोटा भाई त्रिवेणी प्रसाद हाथ में कुल्हाडी लेकर चबूतरे पर पहुंचा और पैसा मांगने लगा। इस पर पिता ने कहा कि अभी पैसा नहीं है। इसके बाद त्रिवेणी ने कुल्हाडी से पिता पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। हत्यारोपी ने अधिवक्ता के जरिए सत्र न्यायाधीश के यहां जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला जज विकास कुमार प्रथम ने आरोपी त्रिवेणी प्रसाद का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## पिकअप की टक्कर से ई रिक्शा सवार वृद्धा की मौत

**राजापुर (चित्रकूट), अमृत विचार :** ई-रिक्शा को पिकप की टक्कर से एक वृद्धा की मौत हो गई। तीन अन्य लोगों को भी चोटें आईं। ग्राम पंचायत कनकोटा के मजरे उद्घटा निवासी गोल्हरी (70) पत्नी स्व. शिवलाल शुक्रवार को ई-रिक्शे से कस्बे से गेहूं खरीदकर गांव जा रही थी। बरगदी पेट्रोल पंप के पास ई-रिक्शा पर सरधुआ की ओर से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई। साथ में बैठी पुत्रवधु, बच्ची व चालक सुधीर को भी मामूली चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वृद्धा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के भतीजे गजराज ने बताया कि मृतका के एक पुत्र तथा तीन पुत्रियां हैं। वह खेती बटाई में लेकर परिजनों का पेट पालती थी। एसओ ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

# अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी


**बैठक**

▸▸ **जल निगम के अधिशासी अभियंता के उपस्थित न रहने पर सीडीओ ने दिखाई सख्ती**

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने शुक्रवार को 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। अधिशासी अभियंता सेतु निगम बांदा के बैठक से गैरहाजिर रहने पर उन्होंने कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्यकारी संस्थाओं राजकीय निर्माण निगम, आवास विकास बांदा, वन विभाग, यूपीसिडको, पुलिस आवास निगम, उत्तर प्रदेश राजकीय पर्यटन विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित परियोजनाओं और निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। सीडीओ ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि काम शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध होने चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिन अधिकारियों को सत्यापित करने के लिए नामित किया गया है, फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट दें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ आदि मौजूद रहे।



बैठक में समीक्षा करतीं मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

# जमीन के विवाद में हत्या, पिता-पुत्र समेत 4 को उम्रकैद

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में लगभग 13 साल पहले हुए हिंसक संघर्ष में एक की मौत और कई लोगों के घायल होने के मामले में न्यायालय ने निर्णय सुनाया। कोर्ट ने हत्या में दोषी पिता-पुत्र समेत चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा दी। साथ ही दूसरे पक्ष के दो लोगों को हत्या के प्रयास के मामले में दोषसिद्ध होने पर पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि 16 जून 2011 को राजापुर थाने के अतरसुई मजरे के पटियनपुरवा निवासी अनंतराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके अनुसार, मेड़ बांधने को लेकर उसके भाई पवन उर्फ मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने अन्य लोगों को लाठी-कुल्हाडी से घायल कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध राममूरत यादव व उसके बेटे लवकुश यादव के साथ ज्ञान सिंह और उसके पिता राजभान यादव को आजीवन कारावास की सजा दी। प्रत्येक को 33 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि 20 अगस्त 2011 को पटियनपुरवा निवासी राममूरत यादव ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि मेड़ बांधने के विवाद में गांव के ही रामरहीस यादव व उसके भाई अनंतराम यादव ने उस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करते हुए घायल कर दिया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुनने के बाद शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने रामरहीस यादव और अनंतराम यादव को 5-5 वर्ष के कारावास की सजा दी। इनको 7-7 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया।

### एनडीपीएस एक्ट में तीन वर्ष का कठोर कारावास

अपर जनपद न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट सुशील कुमार वर्मा ने एनडीपीएस एक्ट में दोषी युवक को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा दी। इसे 10 हजार रुपये जुर्माना भी देना होगा। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्र ने बताया कि चार अगस्त 19 को जीआरपी मानिकपुर के एसआई जाकिर हुसैन ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन शंकरगढ़ से शिवकुमार पुत्र शिवनरेश उर्फ लंबू निवासी मुढियान टोला शंकरगढ़ जिला प्रयागराज को नशीले पाउडर के साथ पकड़ा था। विवेचना करने के बाद पुलिस ने आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। शुक्रवार को अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने शिवकुमार को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# अपर निदेशक ने किया पशु चिकित्सालय का निरीक्षण

▸▸ **'अमृत विचार' की भूमिका की सराहना की**

**रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार :** अपर निदेशक पशुपालन विभाग मंडल बांदा आनंद कुमार ने शुक्रवार को पशु चिकित्सालय रामनगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जल्द ही यहां स्टाफ की कमी पूरी की जाएगी। उन्होंने 'अमृत विचार' की सरोकारों की पत्रकारिता को जमकर सराहा।

बता दें कि बीते दिनों 'अमृत विचार' में पशु चिकित्सालय की बदहाली को लेकर, 'पशु चिकित्सालय खुद बीमार, कैसे हो इलाज' शीर्षक से प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था। शुक्रवार को अस्पताल के मुआयने पर पहुंचे अपर निदेशक पशुपालन विभाग ने इसकी सराहना की। कहा कि इस तरह के समाचारों से विभागों की कमियां पता चलती हैं। बताया कि खबर का संज्ञान लेते हुए यहां का कुछ कायाकल्प भी हुआ है। उन्होंने कहा कि जनसरोकार के मामले में 'अमृत विचार' अखबार की जितनी सराहना की जाए वह कम ही है। सचमुच यह अखबार चौथे स्तंभ की भूमिका बड़ी जिम्मेदारी के साथ निभाने में लगा है। अपर निदेशक ने बताया कि जल्द ही स्टॉफ की कमी दूर की जाएगी। बताया कि भवन के मरम्मतीकरण के लिए पत्र भेजा गया है, अभी शासन से स्वीकृति नहीं मिली है।

## सार-संक्षेप

### रामघाट में निःशुल्क होम्योपैथिक शिविर का आयोजन



शिविर में दवा लेने पहुंचे लोग। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** शुक्रवार को तीर्थक्षेत्र के रामघाट (मेला कंट्रोल रूम) मे जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी की अगुवाई में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया कि शिविर में पथरी, गठिया, चर्मरोग, पाचन संबंधी रोग, खांसी, दमा, मधुमेह व अन्य बीमारियों से पीड़ित 543 तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क दवाई दी गईं। शिविर के आयोजन में ईओ नगर पालिका लालजी, डा. राजेश कुमार, डा. प्रभू सिंह चिकित्साधिकारी, बद्री प्रसाद, राजेश रंजन दास फार्मासिस्ट, अन्य कार्मिक व पालिकाकर्मियों ने सहयोग किया।


### लघु नाटिका से बताई सफाई की आवश्यकता



नाटिका का मंचन करते युवा कलाकार। अमृत विचार

**रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार :** जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजूकेशनल ट्रस्ट के तत्वाधान में स्वच्छता अभियान के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में रंगमंच के कलाकारों ने लघु नाटिका से सफाई की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम को खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) देवेंद्र सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर तेजा, रणधीर, ऋषि सिंह, अजीत, गौरव, कनक, अर्जुन प्रसाद, विकास आदि मौजूद रहे।

### रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक



रैली को रवाना करते ईओ। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** नगर पालिका की ओर से शुक्रवार को नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसको हरी झंडी अधिशासी अधिकारी लालजी, नायब तहसीलदार मंगल सिंह यादव ने दिखाई। रैली ट्रैफिक चौराहे से जीआईसी तिराहा, पटेल तिराहा होते हुए पुन: ट्रैफिक चौराहे पहुंची। कमलाकांत शुक्ला, राहुल पांडेय, प्रवीण श्रीवास्तव, कर्मोत्तम सिंह, सुभाष गुप्ता, ज्ञानचंद गुप्ता, सुरेश राम, अशरफ खान, सभासद शंकर यादव आदि मौजूद रहे।

### बैठक में समाज के उत्थान पर की चर्चा

**चित्रकूट, अमृत विचार :** अग्रहरि समाज विकास सेवा संस्थान की बैठक ऋषि सत्संग भवन में हुई। इसमें अध्यक्षता करते हुए बद्री प्रसाद अग्रहरि ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा को लेकर जागरूकता पैदा करना और रोजगार एवं स्वास्थ्य के साथ समाज का विकास एवं उत्थान करना है। जगदीश अग्रहरि ने सभी से समाज की प्रगति के लिए काम करने की अपील की। रिटायर्ड पुलिस सब-इंस्पेक्टर शिवदास गुप्ता ने हर वर्ष अग्रहरि समाज के प्रतिभावान छात्रों को सहयोग करके उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहन करने की भी आवश्यकता जताई।



दीप प्रज्ज्वलित करते समाज के पदाधिकारी।

**बढ़ेंगी सुविधाएं** — प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को करेंगे वर्चुअली शिलान्यास, तैयारियां चल रहीं जोरों पर


# अयोध्या की तरह होगा कर्वी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली इसका शिलान्यास करेंगे। इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं।

बताते चलें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 554 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाना है। इसके साथ ही 1500 रोड और ब्रिज अंडरपास भी बनने हैं। 26 फरवरी को मोदी इनका वर्चुअली शिलान्यास करेंगे। स्टेशन प्रबंधक आरसी यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने चित्रकूट धाम को पर्यटन और धार्मिक महत्व की दृष्टि से अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत कायाकल्प के लिए चयनित किया है। इसमें 17 .6 करोड़ की लागत आएगी। बताया कि इस अवसर पर स्टेशन में भी एक समारोह होगा। इसमें शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद आरके सिंह पटेल व अन्य जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों व गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रेलवे स्टेशन में देखने की व्यवस्था रेलवे विभाग द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम भव्यतापूर्वक आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। शुक्रवार को आयोजन की तैयारी बैठक में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक गिरीश पांडेय, सेक्शन इंजीनियर सोनू गुप्ता, पारस पाल, राजेंद्र कुमार, संजीव कुमार, अखिलेश सिंह, अजय निराला, नवल किशोर, चंद्रभान, शिवबिहारी आदि मौजूद रहे।

**मानिकपुर स्टेशन का भी बदलेगा स्वरूप:** योजना के तहत कर्वी के साथ साथ मानिकपुर स्टेशन में सुविधाएं बढ़ेंगी और इसे सुंदर और आकर्षक बनाया जाएगा। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि चित्रकूट धाम कर्वी के अलावा मानिकपुर रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प होगा। इसमें कुल 17 करोड़ की लागत आएगी।



इस तरह का होगा स्टेशन का स्वरूप। अमृत विचार




स्टेशन का प्रवेश द्वार।

### अयोध्या की तर्ज पर बनेगा स्टेशन

स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन का पूरी तरह से कायाकल्प किया जाएगा। अयोध्या धाम की तर्ज पर रेलवे स्टेशन का भी लुक रहेगा। स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि स्टेशन अयोध्या धाम की भांति लाल पत्थर से सुसज्जित होगा। हर दरवाजे और खिड़की में मंदिरनुमा डिजाइन बनाई जाएगी। इसके अलावा वीआईपी गेस्ट हाउस, रिजर्वेशन रूम, पार्किंग स्थल, सेल्फी प्वाइंट, लाइटिंग, डेकोरेशन और ग्रीन गैलरी, ऑफीसर्स रेस्ट हाउस के साथ तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं रेलवे स्टेशन में मुहैया होंगी।

# डीएम ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता, सुधार के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बांदा


प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से सवाल पूछतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

- प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुरवा व डिंगवाही का किया निरीक्षण
- कमजोर बच्चों को आगे बिठाने और रिवीजन क्लास पर बल दिया

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को विकास खंड बड़ोखर खुर्द के प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुरवा एवं प्राथमिक विद्यालय डिंगवाही का निरीक्षण किया। जमुनीपुरवा में पेयजल टंकी में टोंटी न होने और शौचालय में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के साथ ही कम बच्चे पाए जाने पर अभिभावकों की मीटिंग करने के निर्देश दिए।

डिंगवाही में उन्होंने कमजोर बच्चों को आगे बिठाने और सप्ताह में दो दिन रिवीजन क्लास करवाने के भी निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को बैठने के लिए बेंच का प्रबंध करने को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने पहले प्राथमिक विद्यालय जमुनीपुरवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में दो शिक्षक उपस्थित पाए गए। एक शिक्षक बोर्ड परीक्षा की ड्यूटी में मिले। विद्यालय में पंजीकृत 83 बच्चों में से 57 उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को अभिभावकों की मीटिंग कर बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिक्षा की गुणवत्ता परखने को उन्होंने बच्चों से हिंदी व गणित विषय से संबंधित प्रश्न पूछे और गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के एक शौचालय में गंदगी पाए जाने और पेयजल की पानी की टोंटी को तत्काल ठीक कराए जाने के साथ ही विद्यालय में सफाई कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने मिड-डे मील मीनू के अनुसार गुणवत्ता के साथ दिए जाने तथा विद्यालय को निपुण मिशन के अंतर्गत आगे लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने इसके बाद प्राथमिक विद्यालय डिंगवाही और आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां निरीक्षण के दौरान विद्यालय में 3 शिक्षक उपस्थित पाए गए। शिक्षा की गुणवत्ता परखने को जिलाधिकारी ने कक्षा-5 के बच्चों से पुस्तक पढ़वाई और गणित के प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। साथ ही शिक्षकों को निर्देशित किया कि कमजोर बच्चों को चिन्हित कर आगे बिठाएं और प्रत्येक सप्ताह में दो दिन ऐसे बच्चों के रिवीजन क्लास अवश्य कराएं।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए कक्षा-2 के बच्चों को बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मिड-डे मील में बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन व फलों का वितरण भी कराया जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य,जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनंद ,विद्यालय के प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# बदला मौसम का मिजाज डायरिया के 9 मरीज भर्ती

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- खांसी, जुकाम और वायरल फीवर के मरीजों की संख्या भी बढ़ी

**अमृत विचार** मौसम का मिजाज बदलने के साथ मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। मौसमी बीमारी डायरिया और वायरल फीवर की चपेट में आने से 9 मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

दिन में तेज धूप और शाम को ठंड की वजह से मौसमी बीमारियों की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शुक्रवार को सुबह खुले जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी लाइन लगी रही। ज्यादातर मरीज खांसी, जुकाम और वायरल फीवर से पीड़ित नजर आए। सभी मरीजों ने पर्चा बनवाने के बाद चिकित्सकों से अपना उपचार कराया। डायरिया और बुखार की चपेट में आए 9 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें राहुल 23 वर्ष गायत्री नगर, सोम (1) सुदामापुरी, वैष्णवी (14) केवटरा, रिंकू (28) अलीगंज, संध्या (19) गायत्री नगर, निहारिका (20) शांति नगर, पारुल (5) भरखरी, नितेश (18) निवासी सिसोलर और आरुष (9 माह) निवासी गिरवा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# अबकी बार 400 पार के नारे को याद रखें, सरकार की उपलब्धियां गिनाएं

## पार्टी कार्यालय में हुई चुनाव प्रबंधक समिति की बैठक, कार्यक्रमों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा



बैठक को संबोधित करते कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना भले ही निर्वाचन आयोग ने नहीं घोषित किया है लेकिन सभी सियासी दलों में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय में चुनाव प्रबंधक समिति की बैठक में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष ने स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने की रणनीति तय की।

कनवारा स्थित जिला पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर भाजपा की चुनाव प्रबंधक समिति की बैठक आयोजित हुई। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सांकृतिक और आर्थिक विकास के समानांतर कीर्तिमान स्थापित किए हैं। एक बार फिर से मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार और दो बातें मत जाना भूल राम मंदिर कमल का फूल नारे के शुरू बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह सीट पार्टी 5 लाख वोटों से जीते इस रणनीति पर कार्य योजना बनाई गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अति आत्मविश्वास में न रहने की सलाह देते हुए कहा कि विरोधी दलों की जमानत नहीं बचनी चाहिए। पार्टी ने शक्तिकेंद संयोजकों तथा बूथ अध्यक्षों को लक्ष्य देगी। जिसे हर हाल में पूरा करना है। उन्होंने गांव चलो अभियान, महिला सशक्तीकरण अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए बूथ प्रबंधन, कार्यालयों के संचालन, काल सेंटर आदि चुनाव संबंधी विषयों को प्रमुखता से समझाया। उन्होंने रामलला के दर्शन का न्योता ठुकराकर जो लोग रामलला के चौखट नहीं गए वो चुनाव के समय रामभक्तों की चौखट पर भी न आएं। इस मौके पर जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, सांसद आरके सिंह पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला, सन्तोष शुक्ला, शिवशंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, जगराम सिंह, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, को-ऑपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल, सन्तोष गुप्ता, गिरजेश तिवारी ,आशुतोष तिवारी, कल्लू सिंह राजपूत, विवेकानन्द गुप्ता, संतू गुप्ता, प्रेमनारायण द्विवेदी, ममता मिश्रा, डा.रागिनी शिवहरे, अश्वनी तिवारी, राजनरायण द्विवेदी, धर्मेंद्र त्रिपाठी, देवमूरत द्विवेदी,प्रेमनारायण पटेल, संतराम सिंह, अजय प्रताप सिंह, संतोष नायक, अजय पटेल, रावेंद्र गर्ग, आनंद स्वरूप द्विवेदी, राजेश सेन, दिलीप तिवारी, राजर्षी शुक्ला, सुधीर त्रिवेदी, दिनेश यादव, उत्तम सक्सेना, विजयपाल, अजीत, सुधीर कुशवाहा, मनीष गुप्ता मौजूद रहे।

# कबड्डी की विजेता खिलाड़ी की गईं सम्मानित

**बांदा।** जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद का नाम रोशन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया। सम्मान पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में कबड्डी प्रशिक्षक कमल सिंह यादव द्वारा बालिकाओं को कबड्डी का प्रशिक्षण देकर उन्हें बेहतर खिलाड़ी बनाया जा रहा है। खिलाड़ी प्रियंका यादव, अल्शिफा मंसूरी, जिया खान, खुशबू प्रजापति, अंजली, प्रियांशी गुप्ता को जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने सम्मानित किया। अल्सिफा ने उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व झारखंड बोकारो स्टील सिटी स्मार्ट सिटी जयपुर में दो बार प्रतिभाग किया। प्रियंका यादव ने उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व पटना बिहार में प्रतिभाग कर किया। जिया खान ने 13 वर्षीय स्कूल नेशनल का प्रतिनिधित्व कर्नाटक में किया। खुशबू प्रजापति ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व सोनीपत, शिमला व पंजाब में किया। अंजली ने यूपी कैंप में प्रतिभाग किया। प्रियांशी गुप्ता ने बुंदेलखंड विवि टीम का प्रतिनिधित्व सोनीपत हरियाणा में किया।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने को आगे आएं युवाः रामकेश निषाद

संवाददाता, तिंदवारी (बांदा)


राज्यमंत्री रामकेश निषाद को स्मृति चिन्ह भेंट करते भाजपाई। अमृत विचार

- भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन का आगाज

**अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन का आगाज हुआ। इस दौरान उन्होंने युवाओं को मोदी सरकार के दस साल में मिले अधिकार और सुविधाओं से वाकिफ कराया। उन्होंने युवाओं से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी का समर्थन करने का आह्वान किया।

लोकसभा चुनाव के अब कुछ ही माह शेष हैं। चुनाव जीतकर अपने पक्ष में करने को सभी राजनीतिक दलों होड़ लगी है। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी वर्ग मोर्चा ने शुक्रवार को ब्लॉक तिंदवारी के सभागार में युवा संवाद कार्यक्रम का आगाज किया। सम्मेलन में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने युवाओं को मोदी सरकार के दस साल में मिले अधिकार और सुविधाओं से वाकिफ कराया। बताया कि मोदी सरकार ने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के साथ ही ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि हर घर नल योजना, एक्सप्रेस-वे, कॉरिडोर, स्वास्थ्य, आयुष्मान, नीट, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक विद्यालयों में 27 फीसदी आरक्षण दिया है। युवाओं से भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी का समर्थन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह, मण्डल अध्यक्ष तिंदवारी अनूप तिवारी, सैनिक प्रकोष्ठ भूरेलाल फ़ौजी, पिछड़ा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष गुप्ता, पिछड़ा मोर्चा महामंत्री संदीप सोनी समेत पिछड़ा वर्ग जिला महामंत्री प्रीतम गुप्ता 'राजा', राहुल गुप्ता, चंद्रभूषण सिंह, राखी सिंह, आर्या गोस्वामी, प्रकाश प्रजापति, सत्यवीर प्रजापति, जितेन्द्र सिंह, रामशंकर गुप्ता, उत्तम सोनी, अजय पाल, आदित्य गुप्ता, रामभरोसा यादव, तरंग धुरिया, पुनीत साहू, प्रमोद विश्वकर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मंगेतर से फोन पर बात की और फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- गिरवां थाना क्षेत्र के बहुंडरी पुरवा में हुई घटना
- फांसी लगाने के लिए साड़ी का लिया सहारा

**अमृत विचार:** गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव के मजरा बहुंडरी पुरवा में एक युवती ने मंगेतर से बात करने के बाद गुरुवार की दोपहर को साड़ी से गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। कमरा बंद करके उसने घटना को अंजाम दिया। शाम को खेत से घर लौटे पिता ने देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बहुंडरी पुरवा निवासी ममता (18) पुत्री रामकुमार ने गुरुवार की दोपहर को कमरा बंद करने के बाद छत के छल्ले में साड़ी फंसा कर गले में फंदा कस लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त पिता खेत में काम पर गया हुआ था। गुरुवार की शाम को पिता जब खेत से घर वापस आया तो दरवाजा बंद था। कुंडी खटखटाने पर कोई हरकत नहीं हुई। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। किसी तरह खिड़की तोड़कर अंदर देखा तो ममता का शव फंदे पर लटक रहा था। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

# वार्षिकोत्सव में जमकर झूमे नन्हे-मुन्हे

संवाददाता, बदौसा (बांदा)


स्टेज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे। अमृत विचार


- मुख्य अतिथि सांसद ने गिनाईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

**अमृत विचारः** कस्बे में संचालित डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि सांसद आरके पटेल ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां पढेंगी तभी तो आगे बढ़ेंगी।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से बएक्र एक कार्यक्रम पेश कर समा बांध दी। छात्राओं में रुचि, आकांक्षा, आयशा, वन्दना, शोभनी व रौनक ने 'अपना बुन्देलखण्ड न्यारो, हमें लगत प्रानन से प्यारो' सामूहिक गीत एवं लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वहीं विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण गीत और देश भक्ति से ओत-प्रोत गीत 'तेरी मिट्टी में मर जावां', 'मेरे देश का तिरंगा', 'फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी', 'हम लोग हैं ऐसे दीवाने' और लोकगीत 'हमरो गुलाबी चुनरिया' पर खूब ठुमके लगाए। वार्षिकोत्सव में राधा-कृष्ण की बाल लीला कस्बे में चर्चा का विषय बनी रही। स्कूल के संचालक एहसान अली ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारियों को समाज में कमजोर बताया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि नारी कई मामलों में पुरुष से भी बलवान होती है। आज की नारी हर उस जगह पर पुरुष का कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है, जहां पहले असंभव माना जाता था। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान बरछा 'ब' राजेश गुप्ता, पूर्व प्रधान बदौसा लाल चन्द्र, रमाशंकर सैनी, वरिष्ठ समाज सेवी सन्तोष कुशवाहा, रियाजुद्दीन खान, राजकरन यादव, अवध पटेल, सुरेश कुमार वर्मा, स्कूल के प्रबंधक मुस्ताक अहमद समेत शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


अरुण यादव का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

### सपा लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

**नरैनी** : नवनियुक्त लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार यादव उर्फ अन्नू भइया के नगर में प्रथम आगमन पर सपाइयों ने करतल मार्ग पर स्थित सपा कार्यालय में फूल–मालाओं से स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पार्टी के सभी सक्रिय सदस्यों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया तथा आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा से लोगों को जागरुक करने की बात कही। स्वागत समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हरिश्चंद्र सोनकर, लालू यादव, मनोज यादव, सगीर प्रधान, मुन्ना पटेल, अखिलेश यादव, राजेंद्र यादव, ज्ञान सिंह, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

धर्म– अध्यात्म

## सदर विधायक के आवास में बना मंदिर, ब्राह्मण भोज के बाद सैकड़ों लोगों ने भंडारे में ग्रहण किया भोग–प्रसाद

# मंत्रोच्चार के बीच शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, प्रसाद पाने उमड़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, बांदा


भंडारा कार्यक्रम में सदर विधायक के साथ आयुक्त व जिलाधिकारी। अमृत विचार


भंडारा ग्रहण करते जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सदर विधायक के खुरहंड स्थित आवास में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा और उनके भतीजे अनंतयश द्विवेदी के यज्ञोपवीत संस्कार के बाद शुक्रवार को ब्राह्मण भोज एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री से लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ही मंडल व जिला स्तरीय सभी अधिकारियों ने भी वहां पहुंचकर भोग-प्रसाद ग्रहण किया।

खुरहंड स्थित अपने आवास में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने हाल में एक मंदिर का निर्माण करवाया है। गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चरण और हर-हर बम-बम उद्घोष के बीच शिव परिवार (भगवान शंकर, पार्वती, गणपति) की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। ओम नमः शिवाय का कीर्तन आयोजित हुआ और इसके बाद शुक्रवार को भंडारा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। सबसे पहले ब्राह्मण भोज कराया गया। हजारों श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद वितरित किया गया। इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत 18 फरवरी को कलश यात्रा से हुई।

19 को मंडल प्रवेश और वास्तु पूजन, 20 वेदी संस्कार, 21 को शोभायात्रा और सदर विधायक के भतीजे अनंतयश का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हुआ। भंडारा में सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अफसरों समेत आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारा के दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी समेत उनके पिता समाजसेवी रामयश द्विवेदी नन्ना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, भाजपा नेता पुष्कर द्विवेदी, अनिरुद्ध त्रिपाठी आदि अपनी पूरी टीम के साथ श्रद्धालुओं की आवभगत में जुटे रहे। भंडारा में प्रसाद ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से सूबे के जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, बांदा-चित्रकूट सांसद आरके पटेल, हमीरपुर-महोबा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, आयुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिला प्रभारी रामकिशोर साहू, जिला प्रचारक अनुराग, विभाग प्रचारक मनोज, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, हमीरपुर विधायक मनोज प्रजापति, पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय,भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह,महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता,चेयरमैन मालती बासू, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ.धर्मेंद्र त्रिपाठी, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता समेत सभी भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मोतियाबिंद के 48 मरीजों का होगा ऑपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण भी

कार्यालय संवाददाता, बांदा


मरीज के नेत्रों का परीक्षण करते डॉक्टर।

**अमृत विचारः** स्व.रवि मोहन निगम की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल नेत्र शिविर में चिकित्सकों ने 122 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया। इसमें मोतियाबिंद के 48 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय ले जाया गया। मरीजों को मुफ्त दवाएं और चश्मा वितरित करते हुए चिकित्सकों ने उचित इलाज की सलाह दी।

तिंदवारी कस्बा स्थित बुंदेलखंड फीलिंग स्टेशन में शुक्रवार को स्व.रविमोहन निगम की पुण्य स्मृति में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड (चित्रकूट) के तत्वाधान में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 122 मरीज का परीक्षण नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों ने किया। मोतियाबिंद ग्रस्त 48 मरीजों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए जानकी कुंड चिकित्सालय भेजा गया।

चिकित्सकों ने मरीजों का विजन चेक करते हुए मुफ्त दवाएं और चश्मा वितरित किए। शिविर में मरीजों में आंखों में ग्लूकोमा, रेटिना व मांस बढ़ने की बीमारी पाई गई। उन्हें निशुल्क दवा देकर उचित इलाज की सलाह दी गई। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञों ने मरीजों की आंखों की जांच की। बुंदेलखंड फीलिंग स्टेशन डीलर व समाजसेवी श्रद्धा निगम ने सभी का आभार जताया।

# सड़क और पानी की समस्याओं के चलते महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## महिलाओं ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं के निस्तारण की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता महोबा



कलेक्ट्रेट का प्रदर्शन करती महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला भटीपुरा, शेखूनगर में पेयजल, सड़क निर्माण सहित तमाम मूलभूत सुविधाओं का लाभ न मिलने से नाराज एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को पेयजल, सड़क निर्माण आदि समस्याओं के लिये प्रार्थना पत्र देकर समस्याओं से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

मोहल्ला शेखूनगर, भटीपुरा निवासी सियारानी, अफसाना, रहनुमा खातून, नीलम, अनवरी, शोभा, तुलसी सहित एक दर्जन महिलाओं ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि मोहल्लों में पेयजल का संकट बना हुआ है। यहां पर लगे हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया। साथ ही यहां पर डाली गई पाइपलाइन भी शोपीस बनी हुई है। बताया कि मोहल्ले वासियों को

- **महिलाओं ने डीएम को मूलभूत सुविधाएं दिलाए जाने के लिए सौंपा ज्ञापन**

मजबूरन दूर दराज लगे हैंडपंपों से पानी भरने जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी समस्याएं होती हैं।

बताया कि नगर के ज्यादातर मोहल्लों की सड़कों को सीसी डालकर रोड तैयार कर दिया गया, लेकिन यहां की सड़क आज भी उबड़ खाबड़ कच्ची नजर आ रही है। बारिश के समय इन सड़कों का नामोनिशान ही गायब हो जाता है, जिससे बाइक चालक सहित अन्य राहगीरों को यहां से निकलना भी दूभर हो जाता है।

बताया कि सफाई कर्मियों द्वारा मोहल्ले की साफ सफाई की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जाता है, जिससे ज्यादातर क्षेत्र में कूड़ा करकट और गंदगी दिखाई देती है। मोहल्ले वासियों ने डीएम को प्रार्थना पत्र मूलभूत समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने की मांग की है।



एडीएम रामप्रकाश को ज्ञापन सौंपते पेंशनर समाज के लोग। अमृत विचार

# पेंशनरों ने प्रदर्शन कर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **स्वास्थ्य विभाग के रवैये से आहत हैं सभी**
- **ज्ञापन में सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की भी उठाई मांग**

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के रवैये से आजिज आ चुके पेंशनरों ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, बाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश को सौंपा साथ ही वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश जनपद इकाई महोबा के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने चेतावनी दी कि तीन मार्च तक यदि उपेक्षित समाज पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो 4 मार्च को मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोबा की कार्यप्रणाली के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोबा से वार्ता कर समस्याओं के निदान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए आगामी माह मार्च में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ बैठक कराकर निराकरण कराया जाएगा। उपेक्षित समाज पेंशनरों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मनमाने ढंग से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के प्रकरण में आपत्ति लगाकर वापस करने तथा प्रतिपूर्ति के प्रकरणों में दबाव बनाए जाने की बात कही। पेंशनर्स संस्थान के जिला महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि मुख्य महाप्रबंधक साचीज द्वारा मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैश लेस योजना के कार्ड बनाने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए पांच दिवसीय कैंप लगा निराकरण के निर्देशों का कागजों पर अनुपालन दिखाकर उच्चाधिकारियों को भ्रमित किए जाने से पेंशनर आहत हैं।

कहा कि भारत सरकार के निर्देशों के बाद भी वरिष्ठ नागरिक पेंशनरों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बार बार अनुरोध करने के बाद भी कैंप नहीं लगवाया जा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान शिवकुमार त्रिपाठी, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया, जगदीश कुमार, कालका प्रसाद गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, पीडी सेन, इशाक अहमद, महेश दीक्षित, महेंद्र गुप्ता, ओपी सिंह, सुभाषचंद्र सहित दो दर्जन उपेक्षित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र शिविर में जुटी भारी भीड़

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

- **मोतियाबिंद पाए जाने वाले 11 मरीजों को भेजा गया चित्रकूट**

**अमृत विचार।** नर्मदा सेवा संस्थान के सहयोग से मॉडर्न पब्लिक स्कूल बस स्टैंड सुगिरा में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सद्गुरु सेवा ट्रस्ट चित्रकूट से आए चिकित्सकों के द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। जिन लोगों को आंखों में मामूली दिक्कत थी उन्हें आई ड्रॉप दिए गए, जबकि जिन लोगों की नजरे कमजोर थी उनके चेकअप के बाद नजर के चश्मे वितरित किए गए। शिविर की जानकारी मिलते ही सुबह से ही मरीज और तीमारदार शिविर में पहुंच गए और अपने अपने रजिस्ट्रेशन कराने के बाद चेकअप कराया। कुछ लोगों के मोतियाबिंद निकलने पर आपरेशन के लिए चित्रकूट ले जाया गया।

चित्रकूट से आए चिकित्सकों द्वारा सुबह से ही मरीजों का पंजीकरण कराने के बाद चेकअप शुरू किया गया। धीरे धीरे आसपास के लोगों को भी नेत्र शिविर की जानकारी लगने पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। चिकित्सकों के अलावा कर्मचारी भी पंजीकरण, चेकअप कराने में जुटे रहे, बावजूद



महिला का नेत्र परीक्षण करते चिकित्सक।

इसके शाम को पांच बजे शिविर समाप्त हुआ। शिविर के मौके पर आए मरीजों को टीम द्वारा निःशुल्क दवा और चश्मे भी वितरित किए गए। शिविर में चेकअप दौरान 11 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद सहित दूसरी समस्याएं पाई गई। ऐसे लोगों को अस्पताल के निजी वाहन से चित्रकूट उपचार के लिए ले जाया गया, जहां उनका निःशुल्क इलाज किया जाएगा। चिकित्सक आशीष गुप्ता ने बताया कि सद्गुरु सेवा ट्रस्ट आंखों के रोगों से संबंधित सभी प्रकार के इलाज के लिए कैंप लगाता है जिसमें निःशुल्क इलाज किया जाता है साथ ही कैंप में आने वाले लोगों को मुफ्त में दवा भी वितरित की जाती है।

# हर्ष फायरिंग से तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता महोबा



जिला अस्पताल में इलाज कराते घायल ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना कबरई के ग्राम बम्हौरी काजी में विवाह समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग के चलते तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने घायलों का परीक्षण किया, लेकिन घायलों की हालत में सुधार न होने पर उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

ग्राम बम्हौरी काजी निवासी रामदयाल श्रीवास के पुत्र रवींद्र का गुरुवार की रात विवाह कार्यक्रम में मायना की रस्म की जा रही थी और शादी मंल आए रिश्तेदार और ग्रामीण भोजन कर रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान भटेवर गांव से आए एक रिश्तेदार द्वारा हर्ष फायरिंग की जाने लगी और अचानक खाना खा रहे हरिदास (47) निवासी ग्राम गहरा, पप्पू श्रीवास (30) निवासी ग्राम लिलवाही व देवीदीन श्रीवास (40) को गोली लग गई। गोली

- **घायलों की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कालेज झांसी के लिए किया गया रेफर**

लगते ही विवाह समरोह में शामिल लोगों में अफरा तफरी मच गई।

परिजनों द्वारा तीनों घायलों को आनन फानन में प्राइवेट वाहन की मदद से जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों द्वारा परीक्षण कर इलाज शुरू किया गया, लेकिन घायलों की हालत में सुधार न होता देख डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। तीनों को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से हायर सेंटर झांसी ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हो रहे शादी समारोह में रौब गलिब करने के चक्कर में हर्ष फायरिंग की गई थी, शासन प्रशासन द्वारा विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग पर रोक लगाए जाने के बाद भी रसूख दिखाने के लिए लोग हर्ष फायरिंग करने से नहीं मानते और अनहोनी हो जाने पर खुशियों में ग्रहण लग जाता है।

# लाभार्थियों से लगातार संपर्क बनाकर रखना है

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला खरेला में आयोजित की गई, जिसमें भाजपा पदाधिकारी व सदस्यों ने आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। कार्यशाला के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अंकुर शिवहरे उपस्थित रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित कर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने नगर खरेला में आयोजित कार्यशाला में कहा कि अभियान का कार्यक्रम आगामी दिनों में आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम के द्वारा भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन मानस तक जो लाभकारी योजनाएं पहुंची हैं। उनसे संपर्क स्थापित कर भाजपा की नीतियों को बताएं और लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहे अभियान के संयोजक मोती द्विवेदी ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को इस कार्यक्रम में एक-एक लाभार्थी तक पहुंचना है और उसको भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकारों द्वारा जो भी योजनाओं का लाभ मिला है उसे बताना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष रुद्र शुक्ला ने कहा कि संगठन का एक-एक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है जहां दूसरे दल आम जनमानस का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी हमेशा आमजन के बीच उपलब्ध रहते हैं। कार्यशाला में जिला मंत्री रोशन सिंह, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, अनुज तिवारी, कन्हिया सिंह, प्रवीण तिवारी रहे।

# पांच दुकानों में लगी भीषणआग

संवाददाता कबरई, महोबा



दुकान में लगी आग को बुझाते दमकल विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में कबरई तिराहे के पास शार्ट सर्किट से दुकानों में आग लग गई, इससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकानदारों का शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और आग बुझाने में लग गए। दमकल विभाग की टीम ने कस्बे वासियों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सबकुछ जल चुका था।

कबरई तिराहे पर सड़क किनारे किराना, चाय, मिठाई व अन्य खानपान की दुकानें टपरो और गुमटियों में रखी हुई हैं। इसी तिराहे पर कानपुर, बांदा, प्रयागराज आने जाने वाले वाहन रुकते हैं, यात्री भी इसी तिराहे पर गन्तव्य स्थानों पर जाने के लिए बसों का इंतजार करने के लिए खड़े रहते हैं, जिससे यहां के दुकानदारों की अच्छी खासी बिक्री भी होती है। बेहद व्यस्तम तिराहा होने के कारण सारा दिन यहां पर आने जाने वाले लोगों की भीड़ जमा रहती है। शुक्रवार को महेश कुमार की किराना दुकान में शार्ट सर्किट होने के कारण उसकी दुकान में आग लग गई, जब तक दुकानदार कुछ समझ पाता तब तक पड़ोसी दुकानदार बब्लू कुशवाहा की दुकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद हीरालाल चौरसिया की दुकान के अलावा देखते ही देखते एक के बाद एक कई दुकानों में आग लग गई, जिससे लोग आग बुझाने के लिए एकत्रित तो हुए, लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। इसी बीच किसी दुकानदार ने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम आनन-फानन में आग बुझाने में जुट गई। दूसरी तरफ से दुकानदार व अन्य लोग भी आग बुझाने में जुटे रहे। दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पा सकी, लेकिन तब तक पांच दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। इस अग्निकांड से दुकानदारों का लाखों रुपये का नुकसान हो गया, जिससे अब उन्हें अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो गया है।

# पेड़ से टकराकर स्कूटी सवार युवती घायल

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर से महोबा आ रही स्कूटी सवार युवती का ट्रक को ओरवटेक करते समय संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क किनारे लगे पेड़ से टकराकर घायल हो गई।

राहगीरों द्वारा उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने हालत में सुधार न होने पर उसे झांसी के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि श्रीनगर के मोहल्ला भैरोगंज निवासी छत्रपाल की 18 वर्षीय पुत्री निशा स्कूटी पर

- **ट्रक को ओरवटेक करते समय संतुलन बिगड़ने से हुआ हादसा**

सवार होकर किसी कार्य से महोबा आ रही थी। कानपुर सागर हाईवे पर स्थित ग्राम पलका के समीप ट्रक को ओवरटेक करते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और सड़क किराने लगे पेड़ से उसकी स्कूटी टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी गई। डाक्टरों द्वारा युवती को मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर किया गया है।

# रविदास ने जातिगत भेदभाव को किया दूर

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **संत शिरोमणि रविदास जयंती पर स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में गोष्ठी का किया गया आयोजन**

**अमृत विचार।** जिले के स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में संत रविदास जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरिफ राईन द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके बाद महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। गोष्ठी में वक्ताओं द्वारा रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके बताए गए मार्ग पर चलने का उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया।

गोष्ठी में प्राचार्य डॉ. राईन ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने सदा समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को दूर करके सामाजिक एकता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि रविदास जी अपनी रचनाओं से जिस समाज की नींव रखी, वह वाकई अद्भुत है। उनकी रचना में बताया गया कि किसी की पूजा इसलिए नहीं करनी चाहिए क्योंकि वो किसी पूजनीय पद पर बैठा है, अगर व्यक्ति में योग्य गुण नहीं हैं, तो उसकी पूजा न करें. लेकिन अगर कोई व्यक्ति ऊंचे पद पर नहीं बैठा है, लेकिन उसमें योग्य गुण हैं तो ऐसे व्यक्ति की पूजा करनी चाहिए। कार्यक्रम के संचालक प्रो. संतोष शर्मा ने कहा कि संत रविदास सदा कर्म पर बल देते थे, कोई कर्म छोटा बड़ा नहीं होता है। उनका जीवन और शिक्षाएं प्रेम भक्ति और समानता पर आधारित रहा। प्रो. क्रांति देवी ने कहा कि रविदास जी भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत थे और उनका कहना था कि यदि मन पवित्र है तो ईश्वर की प्राप्ति संभव है।

इस मौके पर संदीप खरे, संतोष चौरसिया, बसंत, सज्जाद के अलावा छवि सोनी, मंजुल शर्मा, सुमन सहित तमाम महाविद्यालय स्टाफ और छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# न्याय पाने के लिये एसपी से की फरियाद

कार्यालय संवाददाता महोबा

- **दबंगों ने तीन लोगों को लाठी-डंडों से पीटा**

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला कस्बाथाई में दबंगों द्वारा तीन लोगों के साथ गाली गलौज कर उनकी मारपीट किए जाने की शिकायत करने के बावजूद न्याय न मिलने पर पीड़ित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया और दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की फरियाद की।

एसपी को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला कस्बाथाई निवासी साहिल पुत्र फारुख ने बताया कि तीन दिन पूर्व दबंग उसके घर पहुंच गए और दरवाजा पीटने लगे। दरवाजा खोलते ही दबंग घर के अंदर घुस गए और गाली गलौज करने लगे, मना करने पर उसके परिजनों के साथ अभद्रता करते हुए मां हनीफा से मारपीट करने लगे और बीच बचाव करने पहुंची बहन सानिया और सबा से मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शिकायत करने के बावजूद पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। राजीनामा का दबाव भी बना रहे हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने किया पैदल मार्च

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने शुक्रवार को ग्राम अजनर में पैदल गश्त किया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। पैदल मार्च करते हुए उन्होंने कुछ लोगों से बातचीत भी की।

डबरा ग्राउन्ड से बस स्टैन्ड होते हुए बस्ती होकर थाना अजनर तक गश्त किया। एसपी के साथ पीछे-पीछे चल रहा पुलिस फोर्स देखकर लोग सहम गए एसपी ने गस्त के दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखना की अपील की साथ ही अराजकतत्वों को चेताया भी। इस मौके पर थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सहित समस्त थाना स्टाप मौजूद रहा।

**बोर्ड परीक्षा का दूसरा दिन** | मुख्य विषय न होने के कारण परीक्षा केंद्रों पर नजर आया सन्नाटा

# 3622 परीक्षार्थियों में से 172 ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन नागरिक शास्त्र और संगीत का पेपर होने के कारण परीक्षार्थियों की संख्या बेहद कम होने से परीक्षा केंद्रों में सन्नाटा रहा। हालांकि विद्यालय प्रबंधन द्वारा नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए सख्ती जारी रखी। केंद्रों पर लगाया गया पुलिस फोर्स सख्ती के साथ ड्यूटी करता दिखाई दिया, जिससे परीक्षार्थियों के अलावा बाहरी लोग परीक्षा केंद्रों के आसपास तक नहीं फटक सके। इतना ही नहीं उड़न दस्ता टीम भी एक के बाद एक परीक्षा केंद्रों में जाकर नकलचियों को पकड़ने के लिए प्रयासरत दिखाई दिये। शुक्रवार बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट पंजीकृत 3622 परीक्षार्थियों में से 172 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।



बोर्ड परीक्षा का मुख्य विषय न होने पर कम संख्या में नजर आते परीक्षार्थी।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन सुबह की पहली पाली में 0830 बजे से 11:45 बजे परीक्षा समाप्त हुई। पहली पाली में हाईस्कूल का अरबी फारसी का पेपर था, लेकिन इस विषय के परीक्षार्थी न होने के कारण केंद्रों में परीक्षा नहीं हुई, जबकि इंटरमीडिएट का नागरिक शास्त्र का पेपर होने के कारण इसमें में परीक्षार्थियों की संख्या काफी कम दिखाई दी। इंटरमीडिएट में 3102 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2961 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हाईस्कूल का संगीत गायन पेपर में 110 पंजीकृत परीक्षार्थीयों में से 104 परीक्षार्थी शामिल हुए, 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। वहीं इंटरमीडिएट का कृषि शस्य विज्ञान के पेपर में 410 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 385 परीक्षार्थी शामिल हुए और 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

शुक्रवार को परीक्षा केंद्रों पर कम परीक्षार्थियों के होने के कारण करीब 40 फीसदी शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में नहीं लगाई, जिससे ड्यूटी कर रहे शिक्षकों को अपने तैनाती स्थल के विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराने के लिए जाना पड़ा। आज मुख्य पेपर न होने के कारण परीक्षार्थियों की सड़कों पर भी भीड़ भाड़ नहीं दिखाई दी। अब सीधा 27 फरवरी को पेपर होने के कारण परीक्षार्थियों को अगले पेपर की तैयारी करने का मौका मिल गया है।

# जिला अस्पताल में वाहनों की अराजकता

**महोबा।** जिला अस्पताल परिसर में वाहन चालकों की लापरवाही का खामियाजा मरीजों और तीमारदारों को भुगतान पड़ता है। परिसर के अलावा इमरजेंसी गेट के आस पास वाहन चालकों द्वारा चार पहिया, दो पहिया वाहन आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे जिला अस्पताल और इमरजेंसी वार्ड आने जाने वाले मरीजों के अलावा एम्बुलेंस को आने जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

जिला अस्पताल में प्रतिदिन हजारों मरीज और तीमारदार आते हैं, जिस कारण जिला अस्पताल में दिन रात भीड़ बनी रहती है। । जिला अस्पताल परिसर और इमरजेंसी वार्ड के आसपास आड़े तिरछे वाहन खड़े कर दिए जाने से यहां से एम्बुलेंस से आने वाले गभीर मरीज इन वाहनों के खड़े होने से अंदर तक नहीं पहुंच पाते हैं , जिससे गम्भीर मरीज के तीमारदारों को काफी दिक्कतें होती हैं।

# गौशाला में हरा चारा पहुंचाने पर दी धमकी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** अब ग्रामीणों के सहयोग से गोशाला के लिए पिछले 11 दिनों से हरा चरा भेजा जा रहा है साथ ही गोवंशों को चारा भेजने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी। कारण 3.50 बीघा भूमि पर हरा चारा बोया गया है, जिससे गोशालाओं में बंद गोवंशों को भूसे के साथ साथ हरा चारा मयस्सर हो सके। इस कार्य को अंजाम देने के लिए बुंदेलखंड किसान यूनियन के प्रदेश संगठन प्रभारी विष्णु उदेनिया ने इसकी पहल की है, लेकिन प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह लभेरिया और उनका पुत्र हल्के मोबाइल से धमकी दे रहा है। इससे नाराज बुंदेलखंड किसान यूनियन ने डीएम की अनुपस्थिति में डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की गई है।

बुंदेलखंड किसान यूनियन के प्रदेश संगठन प्रभारी ने डिप्टी कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में बताया कि तमाम गोशालाओं में



डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। अमृत विचार

अन्नापशुओं को हरा चरा नहीं मिल रहा है और न ही पर्याप्त मात्रा में भूसा दिया जा रहा है। कभी पिपरमेंट का कचरा तो कभी थोड़ा बहुत भूसा डालकर गोवंशों का पेट भरा जा रहा है। यह सब देखते हुए किसान नेता ने 3.50 बीघा में हरा चारे की बुवाई करा दी थी, जिससे गोशालाओं में मवेशियों को भूसे के साथ साथ हरा चारा भी मिल सके। लेकिन सिंघनपुर बघारी के प्रधान प्रतिनिधि और उनके बेटे को हरा चारा खिलाने की प्रक्रिया पसंद नहीं आई और पिता पुत्र ने किसान नेता को मोबाइल पर धमकी देना शुरू कर दी है। शुक्रवार को उसने किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और धमकी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। किसान नेता ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि और उसका बेटा दबंग किस्म के लोग हैं, आएदिन धमकी दी जा रही है।

## एक नजर

### व्यापार मंडल चुनाव के लिए 9 सदस्यीय समिति गठित

सुमेरपुर(हमीरपुर)। नगर उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न कराने के लिए व्यापार मंडल के संरक्षक ने 9 सदस्यीय चुनाव कमेटी की घोषणा की है। व्यापार मंडल के संरक्षक नंदकिशोर यादव ने बताया कि व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न कराने के लिए 9 सदस्यीय टीम में नरेश मिश्रा, मिथिलेश द्विवेदी, मुनीर खान, नंदकिशोर यादव, प्रेम विलास गुप्ता, संतोष चक्रवर्ती, अरविंद कुमार, अनिल परनामी, रामजी मिश्रा को शामिल किया गया है। चुनाव समिति की प्रथम बैठक रविवार 25 फरवरी को कस्बे के प्रकाश लाज में 12 बजे से होगी। जिसमें चुनाव कार्यक्रम तय करके घोषित किया जाएगा।

### दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ

कुरारा(हमीरपुर)। विकासखंड क्षेत्र की 2 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें तीन शिकायते आई, जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। विकासखंड क्षेत्र के भैंसापाली गांव में शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के नरेश व कृष्णकांत ने प्रधानमंत्री आवास की मांग की। जिस पर उन्हें बताया गया की साइट खुलने पर नाम अंकित किया जाएगा। वही कुतुबपुर ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल में गांव के शिवनारायण ने साफ सफाई करवाने की मांग की। जिस पर विभाग द्वारा सफाई कर्मी को मौके पर भेज कर सफाई कराई गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के आरोपी गिरफ्तार

सरीला(हमीरपुर)। जरिया थाना पुलिस ने चंडौत मंडी के पास से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। क्षेत्र के चंडौत मंडी के पास से आरोपी मोनू को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस दीक्षित ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़ व पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

### मकान में लगी आग गृहस्थी जलकर खाक

सुमेरपुर(हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम मिहुना में रात को अज्ञात कारणों के चलते लगी आग से लाखों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर काबू पाया। मिहुना निवासी लालदीवान के घर में बीती रात 2 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग से अनाज, भूसा, गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर काबू पाया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# अब खर्च होगी खनिज फाउंडेशन न्याय निधि

## वर्षों से इस निधि से कोई विकास कार्य नहीं कराया गया, निधि से 10.57 करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च

राजेश सिंह, हमीरपुर


गड्ढों में तब्दील पारा कंडौर मार्ग। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद में लंबे समय बाद जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि के जरिए चार सड़कों व चंद्रावल नदी पर रपटा निर्माण को हरी झंडी मिली है। इन कार्यो के लिए खनिज फाउंडेशन जिला निधि से 10 करोड़ 57 लाख 41 हजार रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी। वहीं छह मुख्य मार्गों को चमकाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। 429 लाख की लागत से पांच सड़कों का विशेष मरम्मतीकरण का कार्य आगामी दो से तीन माह के अंदर पूरा कराया जाएगा। वहीं एक मार्ग पर कटान के चलते रिटेनिंग वाल का निर्माण कराया जाना है। इन सड़कों के बनने से आवागमन में सहूलियत होगी।

जिले में मौरंग बिक्री के राजस्व से जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि में जमा हो रही है। इस धनराशि से खनिज क्षेत्रों की सड़कों के अलावा अन्य कार्यों पर खर्च करनी है। इस निधि में करोड़ों की धनराशि बैंक में जमा है। इसे मेडिकल कॉलेज के निर्माण में खर्च किए जाने की बात कही जा रही है। पिछले करीब छह साल बाद खनिज फाउंडेशन निधि से चार सड़कों व चंद्रावल नदी पर रपटा निर्माण के लिए हरी झंडी मिली है। इसमें 711.29 लाख की सरीला ब्लाक की दो सड़कें बनेंगी। वहीं सुमेरपुर सिसोलर मार्ग में ग्राम मुंडेरा से किसवाही संपर्क के आंशिक भाग के निर्माण कार्य कराया जाना है। किसवाही (मौदहा) में चंद्रावल नदी में रपटा पुल निर्माण में 345.85 लाख खर्च होंगे। इन कार्यो को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कराएगा। वहीं वर्षो से जर्जर हालत

- जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि के करोड़ों रुपये बैंक में जमा

में पड़े जिले के पांच मार्गों पर पुर्ननिर्माण योजनान्तर्गत 429 लाख की लागत से विशेष मरम्मतीकरण कार्य होगा।

जिसमें पारा कैथी जखेड़ी साढ़े छह किमी, कुरारा बेरी से जल्ला कंडौर साढ़े पांच किमी, कुरारा मनकी से बिलौटा तीन किमी, हमीरपुर कालपी हाईवे से डिमुहा डांडा ढाई किमी व इंगोहटा अरतरा मुंडेरा पांच किमी लंबे मार्ग शामिल हैं। साथ ही पतारा नैठी मार्ग पर कटान की जगह पर रिटेनिंग वाल बनेगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के साथ संबंधित कार्यदायी संस्था को दो से तीन माह के अंदर यह कार्य पूरे करने होंगे।

**जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि के कार्य**

| मार्ग | किमी | लागत लाख में |
|---|---|---|
| हरदुआ बडेरा खालसा से चिकासी | 1.90 | 378.93 |
| झबरा जिटकरी जमौड़ी मोड़ | 4.50 | 334.36 |
| मुंडेरा से किसवाही | 0.800 | 63.36 |
| किसवाही में चंद्रावल नदी में रपटा | 0.100 | 282.49 |

**शासन से मिले बजट से होने वाले कार्य**

| मार्ग | किमी | लागत लाख में |
|---|---|---|
| पारा कैथी जखेड़ी मार्ग | 6.4 | 105 |
| कुरारा बेरी कंडोर मार्ग | 5.5 | 125 |
| कुरारा मनकी बिलौटा | 3 | 44.50 |
| कालपी हाईवे से डिमुहाडांडा | 2.5 | 47.50 |
| इंगोहटा अतरार मुंडेरा मार्ग | 5 | 75 |

'मार्गो व पुलों के निर्माण के लिए सरकार कटिबद्ध है। खनिज फाउंडेशन न्यास निधि जिले में चार स्थानों पर सड़कें चंद्रावल नदी में रपटा निर्माण कार्य होगा। वहीं कई सड़कों में विशेष मरम्मतीकरण कराए जाने की स्वीकृति मिल चुकी है। इन सड़कों पर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे।'

डा.मनोज प्रजापति, विधायक सदर

# समूह की दीदियां अब वसूलेंगी बिजली बिल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- समूहों की दीदियों को मीटर रीडिंग मशीन देकर वसूली करने को किया जाएगा नियुक्त

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत बिल जमा कराने के लिए ग्राम सभाओं में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से गठित महिला समूहों की दीदियों को मीटर रीडिंग मशीन देकर वसूली करने के लिए नियुक्त किया जाएगा। शासन ने इसकी अनुमति दे दी है। एनआरएलएम के जिला प्रबंधक प्रशांत मिश्रा ने बताया मिशन के तहत समूहों से जुड़ी दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह प्रयासरत है। शासन की मंशा है कि ग्रामीण महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य करें।ताकि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। बताया पिछले साल बिजली जमा कराने के लिए जिले से 77 महिला (दीदियों) को लगाया गया था। उन्होंने करीब एक साल में गांवों से बिल काटने के बाद वसूली की। जिसमें सात करोड़ रुपये विद्युत विभाग को दिया।

विद्युत विभाग के पास कर्मचारी कम होने के कारण समूह की महिलाएं अच्छा परिणाम दे रही हैं। इसको देखते शासन ने हर गांव में समूह की एक महिला को बिल जमा कराने संबंधी कार्य के लिए हरी झंडी दे दी है। सभी महिलाओं को पहले प्रशिक्षित किया जाएगा। इसी के बाद वसूली की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। बताया पहले बिल काटने के लिए शासन से बिल संबंधी मशीन समूह की महिलाओं को खरीदनी पड़ती थी । मगर अब शासन ने दीदियों को मशीन भी उपलब्ध कराने का फैसला किया है। ताकि वह कार्य को पूरी तरह रुचि लेकर कर सकें। विद्युत बिल वसूलने पर दीदियों को दो हजार रुपये में 20 रुपये कमीशन व दो हजार से ऊपर वसूली करने में एक फीसद कमीशन विद्युत विभाग देता है। इस काम में महिलाओं को रोजगार मुहैया हो रहा है। बताया अभी विद्युत विभाग ने गांवों में महिलाओं से पार्ट पेमेंट की वसूली की आदेश नहीं है। मगर निकट भविष्य में यह व्यवस्था भी दीदियों को मिल जाएगी।

# 19 लाख के बकाए के 55 कनेक्शन काटे

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के बिजली व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी लिए विभागीय अधिकारियों ने अब व्यापक रूप से बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटने का अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के चलते शुक्रवार को 19 लाख बकाए के 55 कनेक्शन काटे गए। इस अभियान के दौरान विभाग ने चार लाख रुपये से अधिक वसूली भी की।

अवर अभियंता राजीव प्रजापति ने बताया कि विभाग ने ओटीएस अभियान के बाद अब बकाया जमा न करने वालों के कनेक्शन काटने का अभियान शुरू किया। साथ ही सामान्य कनेक्शन लेने के बाद उसे व्यापारिक या अन्य दूसरी योजनाओं में उपयोग करते हैं उन पर भी विशेष नजर रखी जा रही है और मीटर का लोड भी देखा जा रहा है। कहा कि

- कनेक्शन कटने से बचने के लिए बकाया बिल जमा करें

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 11 लाख बकायेदारों के 35 कनेक्शन काटे गए हैं। इस दौरान कुछ लोगों ने अपना बकाया भी जमा किया है। वहीं बिवांर क्षेत्र में 8 लाख से अधिक बकाए के 20 कनेक्शन काटे गए हैं।

यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बकाएदारों से अपील की है कि वह कनेक्शन कटने से बचें और अपने मीटरों को जो किसी योजना के तहत दिए गए हैं और दूसरे मदों में इस्तेमाल हो रहे हैं, उन्हें दुरूस्त कराएं। काटे गए कनेक्शन के संबंध में एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि 19 लाख के बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। अब इनके विरुद्ध आरसी नोटिस जारी करने का अभियान शुरू किया जा रहा है।

# वाहन ने युवक को रौंद दिया, मौत

सुमेरपुर। नेशनल हाईवे 34 में नजरपुर मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे जा रही युवक को रौंद दिया और 20 मीटर तक घसीट ले गया। युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। मृत युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है।

शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 बजे एक युवक शराब के नशे में धुत होकर हाईवे किनारे नारायनपुर की तरफ जा रहा था। नजरपुर मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और 20 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इस घटना में युवक की मौके पर मौत हो गई। घटना से राहगीरों ने पुलिस को अवगत कराया। घटना की सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और मृत युवक की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि हादसे के समय युवक शराब के नशे में था।

# फंदे से लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। कस्बे के मराठीपुरा मोहल्ले में गुरुवार सुबह एक युवक का सूने घर में शव फांसी के फंदे में झूलते मिलने की खबर से परिजनों सहित मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। जबकि परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई है।


शिवम।

कस्बे के मराठीपुरा महाकाली मंदिर के निकट के निवासी स्व.झुर्री जाटव के सत्रह वर्षीय पुत्र शिवम ने सूने घर में दरवाजे बंद कर रस्सी से गले में फंदा डाल आत्महत्या कर ली। हालांकि उसके हाथ बंधे होने से इस बात की चर्चा आम थी कि किसी

- परिजनों ने हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने की आशंका जताई

ने मारकर लटका दिया। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि मारने वाला हाथ बांध कर क्यों छोड़ेगा और अंदर से कुडी भी बंद थी। युवक की आत्महत्या करने की खबर से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं मृतक की मां मिथिला ने युवक की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने की आशंका जताई है। मृतक अपने परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं। बड़ा भाई गुड़गांव में मजदूरी करता है। जबकि छोटा भाई मां के साथ ननिहाल राठ में था। वह घर में अकेला था। कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया कि मामले की सभी एंगल से जांच की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही स्थिति का पता चल सकेगा।

# युवक ने प्रधान पति के साथ की मारपीट, रिपोर्ट

कुरारा(हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के पतारा गांव में प्रधान पति व उसके पुत्र के साथ अकारण गाली गलौज, मारपीट व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग व जान से मारने की धमकी देने पर प्रधान पति ने एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पतारा गांव निवासी प्रधान पति मुकेश कुमार पुत्र महिपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को वह अपने दरवाजे के बाहर बैठा था। तभी नैठी गांव का विश्राम यादव पुत्र मलखान यादव अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट करने लगा। शोर सुनकर पुत्र विश्वनाथ प्रताप सिंह बीच बचाव करने आया तो उसको भी मारा। लोगों के एकत्र होने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। पुलिस ने आरोपी विश्राम यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश को दिव्यांग करें आवेदन

संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राम लखन गुर्जर ने सभी दिव्यांगजनों को सूचित किया है कि डॉ.अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन उप्र कानपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि संस्था में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा मान्यता प्राप्त एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद उप्र से सम्बद्धता प्राप्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। जिसमें हाईस्कूल उत्तीर्ण के लिए तीन वर्षीय कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग व दो वर्षीय आर्किटेक्चर असिस्टेंटशिप के अलावा इंटरमीडिएट उत्तीर्ण के लिए दो वर्षीय मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट एंड सेक्रेटेरियल प्रेक्टिस डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है। संस्थान में प्रवेशित दिव्यांग छात्र छात्राओं को पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा के साथ निःशुल्क छात्रावास सुविधा तथा छात्रवृत्ति एवं रू0 1000 /-प्रतिमाह की भोजनवृत्ति के अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन वर्दी, यूनिफार्म भी निःशुल्क प्रदान की जाती है। अतः ऐसे दिव्यांगजन जो हाईस्कूल अथवा इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हैं और उक्त डिप्लोमा करना चाहते हैं तो प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन www.jeecup admissions. nic.in पर कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 29 फरवरी 2024 एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 16 से 22 मार्च 2024 है। अधिक जानकारी के लिए संस्था के वेवसाइट www. aith.ac.in अथवा दूरभाष संख्या 0512-2583221 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# जारी रही अनिश्चितकालीन हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


जजी गेट पर सुंदरकांड का पाठ करते अधिवक्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं व वादकारियों के साथ दुर्व्यवहार के चलते पीठासीन अधिकारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं की चल रही अनिश्चित कालीन हड़ताल के चौथे दिन भी जारी रही। अधिवक्ता संघ ने चौथे दिन शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी की बुद्धि शुद्धि के लिये सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन एवं प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिसिंग डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त बैनर अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। चौथे दिन बार संघ द्वारा जजी परिसर के मुख्य गेट के सामने पीठासीन अधिकारी की बुद्धि-शुद्धि के लिये सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया। पूजा पाठ की शुरूआत पं.कमलेश कुमार पाण्डेय द्वारा अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा एवं

- पीठासीन अधिकारी की बुद्धि शुद्धि के लिए किया गया सुंदरकांड का पाठ

राजेन्द्र वीर सिंह चौहान के हाथों से कराया गया। एडवोकेट रामदत्त पाठक ने कहा कि यह धर्म और अधर्म की लड़ाई है। भगवानदास दीक्षित ने कविताओं के जरिए विचार रखे। अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा ने बताया कि अधिवक्ताओं की हड़ताल के बावजूद प्रधान परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी प्रतिदिन मुकदमें बिना सुनवाई के खारिज कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आन्दोलन को पीठासीन अधिकारी द्वारा बढ़ाने को मजबूर किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन की भांति अनशन में 10 अधिवक्ता धरने पर बैठे रहे। राजेन्द्र वीर सिंह चौहान ने आंदोलन जारी रखने का आह्वान किया। देवी प्रसाद शुक्ला, आशुतोष सिंह गौर, धर्मेन्द्र दत्त बाजपेयी, अश्विनी प्रजापति, शैलेन्द्र सचान, अजय पालीवाल, भगवानदास दीक्षित, बृजेश साहू महेश प्रसाद गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# महिला ने लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले में एक महिला ने अपने पड़ोस में रहने वाले एक युवक पर गाली गलौज कर उसे परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

अतरौलिया निवासी अंजना देवी पत्नी रमेश चंद्र ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी शैलेंद्र विभिन्न तरीकों से उसे परेशान कर उसका उत्पीड़न करता है। बताया कि वह अपने घर के पास थी। तभी आरोपी शैलेंद्र ने अपनी कार को उसकी पानी से भरी हुई बाल्टी पर चढ़ा दिया। जब विरोध किया तो शैलेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे जान माल की धमकी दे डाली। उसने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

# 4 दिन से बिजली नहीं पानी के लिए हाहाकार

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- बिजली आपूर्ति न होने से बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्रों को भी उठानी पड़ रही है परेशानी

अमृत विचार। ओलावृष्टि के चार दिन गुजरने के बाद विद्युत विभाग कस्बे के इमिलिया थोक के अलावा बांकी, बांक, बिलहड़ी, धरमपुर की आपूर्ति बहाल नहीं कर सका है। इस वजह से कस्बे की जलापूर्ति भी नहीं हो पा रही है। आपूर्ति न होने से बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गत 20 फरवरी को तेज आंधी बारिश ओलावृष्टि के कारण किसानों के साथ विद्युत विभाग को करारी चपत लगी थी। चार दिन गुजरने के बाद विद्युत विभाग कस्बे के इमिलिया थोक के अलावा बांकी, बांक, धरमपुर, बिलहड़ी की आपूर्ति नहीं बहाल कर सका है। इससे जहां ग्रामीण व छात्र छात्राएं परेशान हैं। वहीं बांकी फीडर से जुड़े जल संस्थान के नलकूपों के बंद होने से कस्बे में जलापूर्ति नहीं हो रही है। इससे कस्बा वासी परेशान हैं। जल संस्थान के कर्मचारी रोहित चौरसिया ने बताया कि नलकूप संख्या 6 बांकी फीडर से संचालित है। इस वजह से ओवरहेड टैंक नहीं भरा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नलकूप संख्या 5 की मोटर भी खराब है। इस वजह से समस्या खड़ी हो गई है।

विद्युत वितरण उप खंड के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि इमिलिया थोक के अलावा बांकी फीडर के कई खंभे टूटे हैं। नए खंभे आ गए हैं। मरम्मत जारी है।

**ग्रामीणों की गुहार** — डीएम व विधायक से ट्रकों की रफ्तार नियंत्रित करने के लिए दो और ब्रेकर बनवाने की मांग

# स्पीड ब्रेकर के बाद भी रफ्तार पर 'ब्रेक' नहीं

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

अमृत विचार। राठ हमीरपुर मार्ग बड़ी आबादी वाले पौथिया गांव के बाहर दो जगहों पर बने स्पीड ब्रेकर से ओवरलोड एवं खाली ट्रकों की रफ्तार धीमी नहीं हो रही है। जिससे किसी दिन फिर से कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। ग्रामीणों ने दो जगह पर और स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग जिलाधिकारी एवं सदर विधायक से की है।

बताते चले कि ललपुरा थाना क्षेत्र एवं जलालपुर थाना क्षेत्र में क़रीब एक दर्जन से अधिक बालू की खदानें चल रही है। प्रतिदिन एक


पौथिया गांव के अंदर से निकलते ओवरलोड वाहन। अमृत विचार

सैकड़ा से अधिक खाली एवं बालू भरे ट्रकों एवं चार पहिया वाहनों का आवागमन रहता है।

चालक ओवरलोड बालू लोड कर बड़ी स्पीड से गुजरते हैं। उन्हें सिर्फ मंडी और खदानें दिखाई देती है। कभी भी फिर से बड़ी दुर्घटना घट सकती है। पिछले वर्ष पौथिया गांव निवासी बाबू सांई, उमाशंकर सचान एवं कुम्हऊपुर के दो युवकों व ललपुरा में एक बच्ची की तेज रफ्तार ट्रकों की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। पौथिया में सड़क किनारे आधा दर्जन विद्यालय व सड़क किनारे अस्पताल, मार्केट है। स्कूली बच्चों सहित महिलाएं पुरुषों का आवागमन रहता है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान, रामलखन, धीरेंद्र द्विवेदी, गणेश गुप्ता, शीलू सोनी, अच्छेलाल, शाकिर खां, आलोक दीक्षित आदि लोगों ने कुंडौरा मोड व एसवी इंटर कॉलेज के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग जिलाधिकारी राहुल पांडेय एवं सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति से की है।

# ठेले पर पुलाव खा रहे युवक को तीन दबंगों ने पीटा

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के अंबेडकर चौराहे के पास पुलाव खा रहे एक युवक को कुछ युवकों ने जमकर मारा पीटा। घटना के बाद घायल ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

कस्बे के पठनऊ मोहल्ला निवासी शानू पुत्र बुल्लन ने बताया कि वह कस्बे के अंबेडकर चौराहे के पास पुलाव खा रहा था। तभी मकसूद और उसके दो अज्ञात साथी उसके पास आए और उसे बेवजह गालियां देने लगे। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो तीनों लोगों ने एक राय होकर उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिसस उसके गंभीर चोटें आईं हैं।

# 'कर्मयोगी' रहा संत रविदास का जीवन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में संत रविदास की जयंती में बोलते प्रधानाचार्य।

अमृत विचार। नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हमीरपुर में संत रविदास जयंती के सुअवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामप्रकाश गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि संत रविदास का जीवन कर्मयोग का अनुपम उदाहरण है। उन्होने अपने आचरण एवं व्यवहार से यह सिद्ध कर दिखाया कि मानव अपने जन्म तथा कर्म से ही महान बन जाता है। वे कहा करते थे कि 'मन चंगा तो कठौती में गंगा''। मध्ययुगीन साधकों में रैदास या रविदास का विशिष्ट स्थान है। रैदास संत कबीरदास के समकालीन थे। निम्न वर्ग में वे पैदा होकर भी उत्तम जीवन शैली उत्कृष्ट साधना पद्धति तथा उल्लेखनीय आचरण के कारण वे आज भी भारतीय धर्म साधना में सादर स्मरण किये जाएंगे।

उन्होंने बताया कि संत रविदास जी ने भगवान की भक्ति मे समर्पित होने के साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों को भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास ने हमेशा जातिवाद को त्याग कर प्रेम से रहने की शिक्षा दी। उन्होने अच्छे कर्मो और गुणो को जरूरी माना है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। संचालन एवं आभार संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य श्री वेदप्रकाश शुक्ला ने दिया।

# बेटी के साथ मुख्य मार्ग पर लेटे पीड़ित दंपति, लगा जाम

## जमीन का जबरन बैनामा कराने से परेशान दंपति ने उठाया कदम

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जमीन का जबरन बैनामा कराने का दबाव बनाने को लेकर एक वृद्ध दंपति अपनी बेटी के साथ कस्बे के ब्लाक गेट के सामने राठ हमीरपुर मुख्य मार्ग पर लेट गया। दंपित्त के सड़क पर लेटने से करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंचे कोतवाली पुलिस ने दंपत्ति को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। वृद्ध का कहना था कि कुछ लोग उसकी जमीन का जबरन बैनामा कराना चाह रहे हैं। जबकि वह बैनामा नहीं करना चाहता है। आरोप लगाया कि आरोपियों के साथ एक पुलिस कर्मी भी शामिल है। बताया कि जब वह शिकायत लेकर मुस्करा थाने पहुंचा तो उसे राठ थाने में टरका दिया। राठ पहुंचने पर राठ पुलिस ने उसे भी टरका दिया।


राठ हमीरपुर मार्ग पर ब्लाक गेट के सामने सड़क पर लेट कर जाम लगाए दंपति।

गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे मुस्करा थाने के बिहूनी खुर्द गांव निवासी वृद्ध अहमद पुत्र नूर

**● ब्लाक गेट के जमा हो गई भीड़ पुलिस ने समझाया**

मुहम्मद ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया कि उसके बाद कुछ लोग राठ तहसील के औंराखेरा में डेढ़ बीघा जमीन का जबरन बैनामा उसकी बुआ बरकत अपने रिटायर्ड दरोगा रिश्तेदार के साथ मिलकर कराना चाह रहे हैं। शिकायत उसने मुस्करा पुलिस से की तो उसे राठ थाने के लिए टरका दिया। जब उसने राठ थाने में शिकायत की तो मुस्करा थाना क्षेत्र की बात कहते हुए उसे टरका दिया। जिसके चलते वह अपनी पत्नी जमीला और पुत्री जमरत के साथ जाम लगाने के लिए मजबूर हुआ। सूचना पर पहुंचे कोतवाल उमेश कुमार सिंह उसे मदद का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

## पुलिस के हत्थे चढ़े दो चोर, माल बरामद

**बांदाः** घर में घुसकर चोरी की घटना अंजान देने वाले दो चोरों को कालिंजर पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए 48 घंटे में खुलासा कर दिया। पकड़े गए चोरों के पास से पुलिस ने चोरी का माल और तमंचे बरामद किए हैं। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना कालिंजर पुलिस ने छतैनी गौशाला के पास से दो चोरों नरैनी कोतवाली क्षेत्र के मोतियारी गांव निवासी अरविंद आरख पुत्र नत्थू और कालिंजर थाना क्षेत्र के बिरौना गांव निवासी श्यामदीन उर्फ बउआ पुत्र बाबूलाल आरख को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से चोरी के जेवरात व 4800 रुपये व 12 बोर तमंचा बरामद किया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार चोरे 48 घंटे पहले इसी थाना क्षेत्र के बिरौना गांव निवासी तेजबहादुर सिंह के घर से जेवरात व 10 हजार रुपये ले उड़े थे। घटना का खुलासा करने वाली टीम में कालिंजर थानाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह आदि रहे।

## क्षति के आंकलन को क्रॉप कटिंग का प्रयोग जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**● डीएम ने अधिकारियों को निरीक्षण के दिए आदेश**

**अमृत विचारः** शासन के निर्देश पर रबी फसल के अंतर्गत गेहूं की फसल की क्राप कटिंग प्रयोगों के निरीक्षण के लिए जनपद के राजस्व, कृषि एवं ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को ग्रामों का आवंटन कर दिया गया है। इसलिए सभी अधिकारी सूची के अनुसार गांवों में क्राप कटिंग के लिए चयिनत खेतों की फसल कटाई का अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण करें। साथ ही कटाई की तिथि के संबंध में संबंधित तहसीलदार से संपर्क भी स्थापित करें।

जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने क्रॉप कटिंग के संबंध में संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश पत्र जारी कर दिए हैं। उन्होंने सभी राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए है कि वह निरीक्षण अधिकारी को कटाई की तिथि की सूचना सारांश फार्म में भरकर भेजेंगे, यदि कटाई कि तिथि या ग्रामों का परिवर्तन आवश्यक हो तो इसकी सूचना एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण अधिकारी को तहसीलदार के माध्यम से भेजेंगे। निरीक्षण अधिकारी तथ्यात्मक विवरण निर्धारित प्रारूप में भरकर भूलेख अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि देश व प्रदेश की विभिन्न फसलों की उत्पादकता व उत्पादन ज्ञात करने में देश की कृषि नीति के निर्धारण में तथा राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अंतर्गत कृषकों को क्षतिपूर्ति के भुगतान में क्राप कटिंग के परिणामों के महत्व को देखते हुए यह आवश्यक है कि रबी फसल 2023-24 में विभिन्न फसलों की उत्पादकता, उत्पादन व आच्छादन के सही-सही आंकलन के लिए क्रॉप कटिंग प्रयोगों का संपादन व निरीक्षण अत्यंत सावधानी व सतर्कता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार रवि मौसम की फसल क्षति पड़ताल ससमय पूर्ण कराए तथा सभी राजस्व अधिकारी निर्धारित मानक के अनुसार जांच पड़ताल करें। उप जिलाधिकारी व तहसीलदार द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि क्राप कटिंग प्रयोग अनिवार्य रूप से स्मार्ट फोन के माध्यम से सीसीई एग्री एप पर संपन्न कराए जाए। इस कार्य में शिथिलता न बरती जाए।

## सार-संक्षेप


निर्माणाधीन मोक्षधाम का निरीक्षण करते एसडीएम राजेश चंद्रा। अमृत विचार

### एसडीएम ने निर्माणाधीन मोक्षधाम का किया निरीक्षण

**मौदहा (हमीरपुर)।** उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने शुक्रवार को भुलसी गांव में निर्माणाधीन मोक्षधाम स्थल का निरीक्षण किया। इस मोक्ष धाम निर्माण के लिए भूमि संबंधी शिकायत व आपत्तियां प्रशासन से लेकर शासन स्तर तक की जा रही थीं। पहले यहां किसी का कब्जा था, जिसे हटाया गया और फिर मंदिर के निकट होने पर आपत्ति जताई गई। जब यह सारे मामले निपट गए और निर्माण कार्य शुरू हो गया। लेकिन उसके बाद भी शिकायतकर्ताओं ने इस भूमि के संबंध में शिकायत कर कहा कि मंदिर के निकट मोक्षधाम निर्माण रोका जाए। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को उप जिलाधिकारी ने राजस्व अधिकारियों के साथ मौके पर निरीक्षण किया और उन्होंने इसे बिल्कुल सही ठहराया। कहा मंदिर से भी दूरी है और एक परिवार छोड़कर किसी को आपत्ति भी नहीं है। वहीं उप जिलाधिकारी ने नगर स्थित नगर पालिका परिषद की गौशाला निरीक्षण किया। वहां पाया के बड़ी संख्या में मवेशियों को टैग नहीं किया गया। जिस पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि पशु चिकित्सा अधिकारी से मिलकर वह सभी गोवंश का टैगिंग कराएं।


भजन प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### 'मेरे हृदय में श्रीराम बसे'

**बांदा :** पैलानी तहसील अन्तर्गत नरी गांव स्थित मगरहा बाबा स्थान पर श्रीराम जानकी महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे मुंबई के प्रख्यात गीतकार अनूप जलोटा के शिष्य ने 'मेरे हृदय में श्रीराम बसे' एवं 'ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन' गीत प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। प्रख्यात कथावाचक पं .संजय कृष्ण महाराज ने 'जीवन की डोर तुमसे है', 'बिहारी तेरे नैना कजरारे' एवं मंदिर बना रहा हूं मोहन तेरे लिए' गीत प्रस्तुत किया। बुंदेलखंड के ख्यातिलब्ध कलाकार रामधनी सिंह चौहान ने 'होली में रास रचाऊंगी' गीत प्रस्तुत किया। गायक कलाकार मुकेश कुमार ने बोले 'पिंजरे का तोता राम रे, हरे राम राधे श्याम सीताराम' गीत प्रस्तुत किया। कानपुर से आये विनय तिवारी ने 'सांवरिया तेरी सुरतिया मोहे मन मेरो' गीत प्रस्तुत किया। तबले पर संगत अंकित पांडेय और प्रतीक व नाल वादक पंडित दीनदयाल तिवारी, ऑर्गन पर चंदन कुमार कानपुर रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन संदीप कुमार अग्रवाल, असिस्टेंट कमिश्नर संतोष सिंह गौर, राजा सिंह पिपरहरी, डॉक्टर आशीष चौहान, जगतपाल निषाद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सिंधनकलां छेदीलाल वर्मा, अरुण द्विवेदी आदि मौजूद रहे। संचालन बबलू त्रिवेदी नरी ने किया।


जीजीआईसी में छात्राओं की तलाशी लेती शिक्षिका। अमृत विचार

### दूसरे दिन 4174 परीक्षार्थियों में से 170 ने छोड़ी परीक्षा

**हमीरपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन दिन जिले के 41 परीक्षा केंद्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह पाली में इंटरमीडियट की नागरिक शास्त्र व दूसरी पाली में हाइस्कूल संगीत गायन एवं इंटर मीडियट की सामान्य आधारित की परीक्षा संपन्न कराई गई। जिसमें पंजीकृत कुल 4174 परीक्षार्थीयों में से कुल 170 परीक्षार्थी दोनों पालीयों की परीक्षाओं में अनुपस्थित रहें। माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दूसरे दिन शुक्रवार को केंद्र व्यवस्थापकों, के साथ सह केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा जनपद को 12 सेक्टर एवं चार जोन में विभाजित कर सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमे प्रथम पाली इंटरमीडियट की नागरिक शास्त्र की परीक्षा में कुल पंजीकृत 2930 परीक्षार्थियों में से 2803 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 755 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। मुख्य गेट के अंदर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे कक्षों में प्रवेश मिला। इस दौरान परीक्षा केंद्रों के मुख्य गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की संगीत गायन की परीक्षा में कुल 71 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमे चार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी दौरान दूसरी पाली में इंटर मीडियट का सामान्य आधारित की परीक्षा अपराह्न 2 बजे से 5 :15 तक सम्पन्न हुई। जिसमे कुल 1173 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसके सापेक्ष में 1134 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें कुल 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

### अनुयायियों ने मनाई संत गाडगे महाराज की 149 वीं जयंती

**हमीरपुर।** शहर स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को अनु मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण प्रेमी की अध्यक्षता में संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अनु मोर्चा दिनेश सुदर्शन एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद रहे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा हर संभव मेहनत कर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। जिला उपाध्यक्ष संध्या वर्मा ने कहा कि इन विचारों को जन जन तक पहुंचाना है और 400 पार के नारा को पूरा करना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि बसपा सरकार की मुखिया ने अनुसूचित जाति का सिर्फ इस्तेमाल किया है। महिला बिल व 370 के बारे में चर्चा की। कहा कांग्रेस सरकार ने समाज का दोहन किया और कहा कि अपने पूर्वजों की किताबें पढ़े और जागरूकता फैलाएं। कहा कि भाजपा ने वादा किया कि राम मंदिर बनाएंगे वह आज पूरा कर दिखाया और प्रभु श्री राम के दर्शन लोग कर रहे। जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा रामविलास, कपिल वर्मा, सीमा वर्मा, जितेंद्र, अजय कुमार, कृष्ण पाल, राजू कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बेकाबू कार से कुचलकर महिला मजदूर की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के महोबा रोड़ स्थित गल्ला मंडी के गेट के पास बेकाबू कार ने घर जाने के लिए ई रिक्शा का इंतजार कर रही एक मजदूर महिला को रौंद डाला। इस हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला को टक्कर मारकर तेज गति कार ने सैदपुर गांव के पास एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। तीन लोग घायल हो गए। पठानपुरा मोहल्ला निवासी प्रेमरानी पत्नी मोतीलाल गल्ला मंडी में अनाज की छनाई का काम करती थी। शुक्रवार शाम

**● आगे चलकर बाइक में टक्कर मारी, तीन घायल**

करीब पांच बजे वह काम खत्म कर घर जाने के लिए गल्ला मंडी के बाहर खड़ी होकर ई रिक्शा का इंतजार करने लगी। इसी दौरान राठ की ओर से तेज रफ्तार कार गल्ला मंडी के सामने से गुजरी और सड़क किनारे खड़ी महिला को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। इसके बाद कार चालक महोबा की ओर भागा। तभी सैदपुर गांव के पास बाइक सवार दिनेश कुमार व पुत्री प्रियंका तथा यश पुत्र मुकेश घायल हो गए।

## ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार एक की मौत, छह घायल

**महोबा।** चरखारी मार्ग में रामनगर पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर में सवार आधा दर्जन श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि एक श्रमिक की झांसी ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

महोबा निवासी विमलेश ट्रैक्टर से मजदूर साथियों के साथ महोबा की तरफ आ रहा था।ट्रक ने रामनगर के पास टक्कर मार दी दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर के दो पहिए तक निकल गए ट्रैक्टर में सवार रामदीन मुन्ना सहित छह लोग बुरी तरह घायल हो गए जबकि विमलेश को झांसी ले जाते समय मौत हो गई।

## ट्रकों की भिड़ंत से हाईवे जाम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर हाईवे पर अनूपुर मोड़ के पास दो ट्रकों की भिड़ंत हो जाने से हाईवे में जाम लग गया।जिसमें दोनो ओर करीब दस किमी लंबा जाम लग गया। जानकारी मिलते यातायात पुलिस सक्रिय हुई। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं होने के चलते तमाम परीक्षार्थी भी इसमें फंस गए। वहीं ट्रैफिक सिपाही ने एक छात्रा को अपनी बाइक से समय से उसे परीक्षा केंद्र छोड़ा।

बता दें कि कानपुर-सागर हाईवे में शुक्रवार की तड़के कानपुर नगर के अनुपूर मोड़ के पास दो ट्रकों की भिडंत हो गए। जिससे हाईवे में दोनों


जाम में फंसी छात्रा को बाइक से परीक्षा केंद्र छोड़ने जाता यातायात सिपाही धर्मेंद्र।

तरफ जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गईं। जिसमें करीब 10 किमी लंबा जाम लगा रहा। सूचना पर यातायात पुलिस पहुंची। यातायात प्रभारी एसआई हरवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि अनूपुर मोड के पास दो ट्रकों की भिड़ंत से जाम लग गया था। कड़ी

**● जाम में फंसी छात्रा को यातायात सिपाही ने समय से परीक्षा केंद्र पहुंचाया**

मशक्कत के बाद करीब तीन घंटे बाद यातायात बहाल कराया गया। बताया कि जाम में रोडवेज बसों के साथ स्कूली बस व यूपी बोर्ड की परीक्षा देने वाले छात्र छात्राएं फंसे रहे। वहीं कुछेछा के पास कुंडौरा निवासी इंटर की छात्रा खुशी भी जाम में फंस गई। खुशी ने बताया कि घर से काफी पहले निकली थी। लेकिन जाम में फंस गई। बताया कि जीजीआईसी में 8.30 से नागरिक शास्त्र का पेपर था। यातायात प्रभारी ने उसे सिपाही धर्मेंद्र के साथ बाइक से उसे परीक्षा केंद्र पहुंचाया।

## 45 दिन के अंदर विद्युत कनेक्शन करने का आदेश

**हमीरपुर।** एकमुश्त योजना के तहत पूरा भुगतान करने के बाद भी कनेक्शन व सामान न देने पर उपभोक्ता आयोग ने फैसला सुनाया है। अध्यक्ष महेश कुमार कुशवाहा, सदस्य रामप्रताप व स्वर्णलता ने 45 दिन के अंदर विद्युत विभाग को पीड़ित के जमा पूर्व धनराशि पर कनेक्शन किए जाने का आदेश दिया है। मौदहा कस्बा के कजियाना मोहल्ला निवासी पीड़ित किश्वर जहां पत्नी शौकत अली ने 17 नवंबर 2022 को उपभोक्ता आयोग में वाद दायर कर बताया कि निजी नलकूप के लिए 10 किलोवाट का कनेक्शन कराए जाने का आवेदन किया था। अधिशासी अभियंता द्वारा पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत कनेक्शन की स्वीकृत दी थी। एसडीओ के आदेश पर अवर अभियंता ने उसके नलकूप में जाकर विद्युत संयोजन का प्राक्कलन तैयार कर हेड कार्यालय भेजा था। बताया कि योजना के तहत 5500 रुपये का चालान में जमा कराया।

## पत्नी व बेटे के हत्यारोपी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप थाना बिसंडा क्षेत्र के चुहका पुरवा में वर्ष 2019 में अपनी पत्नी व बेटे की धारदार हथियार से हत्या करने वाले अभियुक्त को न्यायालय ने आजीवन कठोर कारावास व 55 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।



ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में विभिन्न अपराधों में अभियुक्तों को प्रभावी विवेचना एवं पैरवी के फलस्वरुप न्यायालय ने कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने के क्रम में शुक्रवार को हत्या के अभियुक्त को आजीवन कठोर कारावस की सजा से दण्डित किया। गौरतलब हो कि अभियुक्त राममूरत पुत्र टिरुआ रैदास निवासी चुहका पुरवा मजरा ओरन थाना बिसंडा ने 2 फरवरी 2019 को अपनी पत्नी मीरा व 4 वर्षीय पुत्र बउवा उर्फ अंकित पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था, जिसमें बउआ की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी, जबकि मीरा की 21 फरवरी 2019 को इलाज के दौरान को मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में थाना बिसंडा पर धारा 302/326 आईपीसी पंजीकृत किया गया था। अभियोग की विवेचना निरीक्षक मधुसूदन शुक्ला द्वारा की जा रही थी। विवेचक ने गहनता से विवेचना करते हुए 29 नवंबर 2019 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। लोक अभियोजक शिवकुमार की प्रभावी पैरवी एवं कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह व पैरोकार अनूप सचान के अथक प्रयासों से अभियुक्त राममूरत पुत्र टिरुवा को न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी कोर्ट ने आजीवन कठोर कारावास व 55 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## क्षेत्रीय विधायक ने अफसरों संग किया ओलावृष्टि प्रभावित गांवों का दौरा

संवाददाता, बबेरू (बांदा)

**● पीड़ितों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाने की मांग**

**● केंद्र व प्रदेश सरकारों को विधायक ने लिया आड़े हाथ**

**अमृत विचारः** दो दिनों पहले बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसलों में नुकसान की संभावना बढ़ गई है। ओलावृष्टि की मार से किसान कराह उठा है। क्षेत्रीय सपा विधायक ने नायब तहसीलदार, कानूनगो और लेखपाल के साथ ओला प्रभावित गांवों का दौरान करते हुए फसल के नुकसान का जायजा लिया। विधायक ने राजस्व अधिकारियों से पीड़ित किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए किसान विरोधी बताया।

क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव ने नायब तहसीलदार मनोहर सिंह, कानूनगो हनुमानशरण व लेखपाल संदीप कुमार के साथ शुक्रवार को ओलावृष्टि प्रभावित गांवों चंदेलन पुरवा, इंगुवा, गोंडा, अमिलिहा पुरवा, औदहा, खेरा, सौहारा पुरवा, दतिनिहा पुरवा,


प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते विधायक बबेरू। अमृत विचार

मुसीवां का भ्रमण करते हुए फसल की बर्बादी देखी। किसानों को विधायक ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक ने अधिकारियों से पीड़ित किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाने की मांग की। योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है। सरकार किसानों को ओला वृष्टि से बर्बाद हुई फसलों का उचित मूल्य नहीं देना चाहती। सर्वे रिपोर्ट में 33 प्रतिशत नुकसान दिखाया गया है। सच्चाई यह है कि किसानों की 80 से 100 फीसदी फसल बर्बाद हो गई है। सपा अन्नदाताओं की हर लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम करेगी। इस दौरान छेदीलाल गुप्ता, अखिलेश पाल, अनूप गुप्ता, सामवेद यादव रहे।

**बैठक** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपाइयों ने कसी कमर

## मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में लाने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में अभी से जुटकर भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने चुनाव प्रबंधन समिति के समस्त पदाधिकारियों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा सरकार जरूरतमंदों को आवास, उज्जवला गैस, बिजली कनेक्शन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, एवं कोरोना काल के समय


प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक।

फ्री में वैक्सीन उपलब्ध कराए जाने सहित तमाम जनहित गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लेकर हम जनता के बीच में लाभार्थी संपर्क अभियान के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से पकड़ बनाएंगे। पांच लाख से अधिक वोटों से अपने उम्मीदवार को चुनाव जिताएंगे। संकल्प दिलाया कि भारत में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में सरकार बने और हमीरपुर महोबा तिंदवारी का रिकार्ड मतों से सांसद चुनकर पहुंचे। लोकसभा प्रभारी संजय दुबे ने कहा कि आप सभी भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को गली गली घर घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदाताओं को रिझाने का कार्य करना है। बैठक में मुख्य रूप से सह प्रभारी डॉ.बीके साहू, संयोजक संतोष चौरसिया, जिला प्रभारी देवेश कोरी, विधानसभा प्रभारी अनूप तिवारी, लोकसभा विस्तारक राम सरोज पाठक, महोबा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जगदीश व्यास, रामदेव सिंह, कुलदीप निषाद, आशारानी कबीर, धीरेंद्र शिवहरे, कैलाश चंद्र गुप्ता, देवी सिंह तोमर ,प्रहलाद सिंह, लक्ष्मी रतन साहू, पुष्पराज सोनी, आराधना राजपूत आदि चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री नरवेंद्र सिंह ने किया।

## वरासत दर्ज न होने के कारण मृत किसानों को कैसे मिले मुआवजा

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**● कस्बे के सैकड़ों मृत किसानों के नाम अभी भी दर्ज है खेती**

**अमृत विचार।** कस्बे के किसानों की फसलें पिछले दिनों प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो चुकी हैं। मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि कस्बे में वरासत पिछले 5 सालों से बंद है। मृतक किसानों के नाम ही कृषि भूमि है और खतौनियों मे अभी मृतक किसानो के ही नाम दर्ज हैं।

थोक इमलिया के किसान अशोक सिंह, विनोद सिंह, नईम अख्तर, अजयपाल सोनकर, विजयपाल सोनकर, सन्तोष चक्रवर्ती आदि किसानो ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु हो चुकी है। मगर राजस्व विभाग के लापरवाही से अभी तक पाँच छः सालो से वरासत हमारे नाम दर्ज नहीं हो सकी है। जिससे उनके नाम कृषि भूमि दर्ज नहीं है। हालांकि वह सिर्फ अपने खेतों में कृषि कार्य है। पिछले दिनों ओला और बेमौसम बारिश होने के कारण पूरी फसल चौपट हो गयी है। किसानों के खाने के अब लाले पड़ गये हैं। सरकार अगर मुआवाजा भी दे रही है तो यहां पर वरासत न होने के कारण लाभ कैसे मिलेगा, यह बड़ा सवाल है। कृषि भूमि अभी भी मृतकों के नाम ही दर्ज है तो ऐसे किसानो के लिए शासन द्वारा कोई विशेष आदेश से ही मृतक किसानों के वारिसों को मुआवाजा मिल सकता है। ऐसे ही सैकड़ो किसानों को किसान सम्मान निधि भी नही मिल पा रही है। जब तक खतौनी में मृतक किसानों के नाम हटाकर वारिसों के नाम नहीं दर्ज होगा तब तक किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक : 1725/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 22/02/2024

**म्युटेशन सूचना**

निम्न प्रकार से पालिका अभिलेख में नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज सहित प्राप्त हुआ है। जिस पर आपत्ति हेतु 30 दिवस का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित अवधि के पश्चात किया गया कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी और तदनुसार पालिका अभिलेख में परिवर्तन कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

1. मुहाल सिकन्दरपुरा–2 वार्ड–4 में स्थित प्लाट पर मॉ विराट रियल स्टेट प्रा0लि0 डायरेक्टर पवन कुमार पुत्र रामगोपाल के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र करने के आधार पर श्री हिमांशु पुत्र चन्द्रशेखर का नाम अंकित करने का आवेदन।
2. मुहाल दीवानपुरा–2 वार्ड–3 में स्थित भवन सं0 289 पर अंकित श्रीमती माया देवी पत्नी रामगोपाल सोनी का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्री जगदीप प्रजापति पुत्र हरगोविन्द प्रजापति का नाम अंकित करने का आवेदन।
3. मुहाल सिकन्दरपुरा–1 वार्ड–1 में स्थित भवन सं0 911 पर अंकित श्रीमती राजकुमारी पत्नी लखनलाल का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्रीमती महेन्द्र कुमारी पत्नी गोपीनाथ का नाम अंकित करने का आवेदन।
4. मुहाल सिकन्दरपुरा–2 वार्ड–4 में स्थित भवन सं0 1075 पर अंकित श्रीमती नीतू देवी पत्नी बृजेन्द्र सिंह का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्रीमती मिथलेश पत्नी बलभद्र सिंह का नाम अंकित करने का आवेदन।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ– हमीरपुर

# गैस सिलेंडर फटा, मकान की छत उड़ी

## घर के सभी सदस्य भागे तो जान बची, फायर ब्रिगेड देर से पहुंची, तब तक गृहस्थी जलकर राख हुई

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** उरई शहर के नया पटेल नगर मुहाल में खाना बनाते समय एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। आग से सिलेंडर फटा तो तेज धमाके से लोगों के दिल दहल उठे। सिलेंडर फटने से एक मकान की छत उड़ गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बब्बू का मकान बना था। धमाका इतना तेज था कि मकान की छत और दीवारें फट गईं। मकान में रखा खाने पीने का सामान व घर-गृहस्थी का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि गैस सिलेंडरमें आग लगते ही खाना बना रही

महिला, बच्चे-बूढ़े घर के बाहर निकल जाने से कोई हताहत नहीं हुआ। तेज धमाके से आस पास के लोगों में दहशत फैल गई कि



गैस सिलेंडर फटने से ध्वस्त मकान। अमृत विचार

- धमाका तेज होने से लोगों के दिल दहले
- पड़ोसियों ने दी पुलिस और दमकल को सूचना

आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों को भय था कि कहीं आग ने विकराल रूप लिया तो सटे हुए और भी घर उसकी चपेट में आ सकते हैं। पड़ोसियों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाते ही मौके पर उरई कोतवाली पुलिस तो पहुंच गई। जबकि घटना स्थल से महज 500 मीटर दूर स्थित फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड के पहुंचने के घंटों लग गए। आग इतनी भीषण थी कि मकान का सारा सामान जल गया। लोगो का कहना था कि अगर फायर ब्रिगेड घटना समय से पहुंच जाती तो घरेलू सामान को बचाया जा सकता था।

### बाइकों में हुई टक्कर, तीन लोग घायल

**कालपी-जालौन।** हमीरपुर इटोरा मार्ग में पराशन गांव हरसंकरी नहर की पुलिया के पास विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही मोटरसाइकिलों में टक्कर हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक प्रभु दयाल पुत्र लल्लू राम (55) सरीला हमीरपुर से परशन गांव अपनी मौसी के यहां जा रहे थे। परशन से सुनील कुमार पुत्र धर्मोले (28) किसी कार्य से आटा की ओर जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही दोनों मोटरसाइकिल तेज गति होने के कारण आपस में टकरा गईं, जिसमें प्रभु दयाल और सुनील कुमार के पैर में गंभीर चोटें आईं। 108 एम्बुलेंस के द्वारा तीनों मरीजों को कालपी के स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया, जहां उनका इउलाज चल रहा है।



अस्पताल में भर्ती दुर्घटना में घायल।

# खराब हैंडपंपों को चिह्नित कर दुरुस्त कराएं

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नगर निकायों में राजस्व प्राप्ति एवं प्रचलित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही आने वाली गर्मी के मौसम में पेयजल संकट न होने देने के लिए खराब हैंडपंपों को चिह्नित कर उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।




कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते डीएम राजेश पांडेय। अमृत विचार

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने पालिका व नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने नगर पंचायत एवं नगर पालिका में साफ सफाई के साथ-साथ शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। उन्होंने निकायों में चल रहे लंबित निर्माण कार्यों की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देशित किया कि समय पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सभी लंबित कार्यों को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ रहे, इसके लिए सर्वे कराया जाए। जो भी हैंडपंप खराब मिलें, उन्हें त्वरित सही कराया जाए। गर्मी का समय आने वाला है, अभी से ही सभी तैयारियां पूर्ण रहनी चाहिए। हैंडपंप से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने निकायों की राजस्व एवं करकरेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा कर निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में लक्ष्य तक ही सीमित न रहकर अधिक की जाए।

# बोर्ड परीक्षा में नहीं मिला एक भी नकलची

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों में मजिस्ट्रेट द्वारा कमरों की सघन निगरानी के बाद भी एक भी नकलची परीक्षार्थी नहीं मिला।

तहसील के नगर पंचायत रामपुरा में स्थित राजा चित्तर सिंह इंटर कालेज, नगर पंचायत माधौगढ में बुंदेलखंड इंटर कालेज और पंडित बाबूराम वैद्य इंटर कालेज में सुबह की पाली हाईस्कूल की परीक्षा चल रही थी। इसी बीच सेक्टर मजिस्ट्रेट रमेश चंद्र शर्मा खंड विकास अधिकारी माधौगढ ने केन्द्रों के कमरे में बैठे परीक्षार्थियों की जांच की तो सभी जगह नकल विहीन परीक्षा होती नजर आई। इसी क्रम में बालिका राजकीय इंटर कालेज गोहन में बड़ी सख्ती के साथ कैमरे की नजर में हिंदी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। सुबह के समय हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा में बच्चों ने प्रतिभाग किया पहले से तीसरी नजर की खबर पर एक भी कहीं भी नकलची नहीं पकड़ा गया है। वहीं शाम की मीटिंग में इंटर की परीक्षा भी नकलविहीन सम्पन्न हुई। एक ओर पढ़ाई और मेहनती बच्चे काफी खुश हैं तो दूसरी ओर जो केवल मार्कशीट की चाहत में पढ़ रहे थे उनके चेहरे पर पसीना है।



इम्तिहान देते परीक्षार्थियों की निगरानी करते कक्ष निरीक्षक। अमृत विचार

### अभिभावकों का केन्द्रों के बाहर दूरी पर दिखा जत्था

परीक्षा केंद्र के आसपास काफी दूरी पर अभिभावकों का जत्था मौजूद रहा। वहीं अभिभावकों में भी चर्चा जारी रही है कि हमारे बच्चों ने विद्यालय और छः छः ट्यूशन पढे है तैयारी पर्याप्त की है। कुछ भाग्य की चर्चा में चाय की चुस्की और समोसे का आनंद लेते रहे।

### कुछ को सरल तो कुछ को कठिन लगा हिंदी का पेपर

**माधौगढ।** पेपर समाप्त होते ही कुछ बच्चे बड़े ही खुशी के साथ निकले और अभिभावकों को बताने लगे कि हमने पेपर अच्छा किया है। हमारा पेपर शत-प्रतिशत गया है तो किसी के चेहरे लटके दिखे। बच्चों शिक्षकों और अभिभावकों का मानना है कि इस बार सुबह की पाली में हिंदी का पेपर कुछ कठिन बना हुआ था लेकिन पढ़ने वाले बच्चों ने शत-प्रतिशत जबाब दिए। वहीं शाम की पाली का पेपर इंटरमीडिएट की हिंदी का था।

# मदारीपुर में नाला निर्माण के लिए ग्रामीणों ने एडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन

**अमृत विचार।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत मदारीपुर में नाला निर्माण न होने की वजह से गंदगी से निकलने को ग्रामीण मजबूर हैं। पानी निकासी की समस्या को लेकर मदारीपुर गांव के दर्जनों महिला पुरुषों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य के नेतृत्व में विकासखंड कार्यालय कुठौंद में पहुंचकर एडीओ पंचायत को ज्ञापन दिया। इस दौरान ग्रामीण ने तत्काल पानी की निकासी की व्यवस्था नाला निर्माण कराने की गुहार लगाई।

ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत मदारीपुर के कालपी रोड पर मुमताज खान के घर से तालाब तक नाला ना बने होने की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ता है उनके घर के बाहर गंदा पानी बहता रहता है गंदा कीचड़ होता है गंदगी होने की की वजह से बीमारी का खतरा भी रहता है क्षेत्र पंचायत सदस्य शीला के नेतृत्व में ग्रामीण जितेंद्र सिंह मुमताज खान, आसाराम, सोम सिंह, श्याम बाबू, अरुण, राजेश, मुस्तकीम, शेर मोहम्मद आदि ने प्रार्थना पत्र देते हुए जल्द नाला निर्माण की मांग की। एडीओ पंचायत रामकुमार कुशवाहा का कहना है प्रार्थना पत्र मिला है जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का निदान किया जाएगा।



एडीओ पंचायत को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

### महामंडलेश्वर संरक्षक मंडल के सुशील महाराज बने अध्यक्ष

**माधौगढ़-जालौन।** 27 वां महायज्ञ जगम्मनपुर के नजर बाग हनुमान मंदिर में भारी संख्या में जुड़े संत समुदाय ने मंडलेश्वर और महामंडलेश्वरों ने महामंडलेश्वर सुशील महाराज को संरक्षक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। नगर पंचायत स्थित भांडेर वाली माता के पुजारी महंत सुशील महाराज द्वारा माधौगढ़ हैदलपुरा उरई कैथवां कुठौद सहित 27 महायज्ञों का आयोजन कर भक्ति की धारा बहाई। यही नहीं इन दर्जनों महायज्ञों में भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। गरीबों की कन्याओं के विवाह भी कराए। महामंडलेश्वर सुशील महाराज ने अपने उवाच से सभी भक्तों को शुभाशीष दिया।

# औद्योगिक क्षेत्र कालपी को मिलेगी 21 घंटे बिजली

- स्वतंत्र विद्युत फीडर स्थापित आपूर्ति भी चालू की गई
- लंबे समय से उद्यमियों की मांग डीएम की पहल पर पूरी

संवाददाता, कालपी-जालौन

**अमृत विचार।** औद्योगिक आस्थान कालपी के औद्योगिक क्षेत्र की बिजली की आपूर्ति की परेशानी खत्म हो गई है। लंबे अरसे से चली आ रही स्वतंत्र फीडर बनाने की मांग अब पूरी हो गई है। उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में स्वतंत्र फीडर से इंडस्ट्रियल एरिया की बिजली सप्लाई भी शुक्रवार को शुरू की गई। अब रोस्टर के हिसाब से लगातार 21 घंटे सप्लाई स्वतंत्र फीडर के माध्यम से दी जाएगी।

मालूम हो कि वर्ष 1985 के दौरान कालपी से सटे गैर आबाद मजरा अहमदपुर दीवारा में औद्योगिक आस्थान की जिला उद्योग केंद्र जालौन के द्वारा बनाया गया था। धीरे-धीरे प्रगति करते औद्योगिक आस्थान के परिसर में डेढ़ दर्जन से अधिक हाथ कागज की फैक्ट्री स्थापित हो गई। दो वर्ष पहले औद्योगिक आस्थान की बाउंड्री वाल, औद्योगिक पार्क तथा सुंदरीकरण के लिए 2 करोड़ 34 लाख रुपये का सरकारी कार्य कराया गया था। दरअसल औद्योगिक आस्थान रेलवे लाइन के पार पश्चिम दिशा के बाहरी छोर में स्थित हैं। इसलिए आये दिन बिजली की समस्या बनी रहती थी। लंबे अरसे से उद्यमी औद्योगिक आस्थान के लिए विद्युत आपूर्ति को लेकर परेशान थे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर विद्युत विभाग ने स्वतंत्र फीडर के लिए पहल की। शुक्रवार को उपखंड अधिकारी आदर्श राज, अवर अभियंता जितेंद्र कुमार, विभागीय कर्मचारियों रिंकू अग्रवाल, दिलीप कुमार, अजय कुमार निगम आदि ने स्वतंत्र फीडर के कार्य को अंतिम रूप दिया गया। कार्यस्थल में मौजूद एसडीओ आदर्श राज ने बताया कि रेलवे पुल के पास हाईटेंशन लाइन को दो अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। एक स्वतंत्र फीडर औद्योगिक आस्थान कालपी के लिए हैं। दूसरा तहसील कम्पाउंड, तरीबुलदा मुहल्ला के लिए है। सब स्टेशन कालपी में स्वतंत्र फीडर के लिए ओसीबी मशीन स्थापित कराई जाएगी।



कालपी औद्योगिक क्षेत्र का बिजली फीडर। अमृत विचार

# श्री कृष्ण जन्म की कथा के दौरान भक्तों ने आतिशबाजी छुड़ाई

संवाददाता, कोंच-जालौन


- नदी गांव के महामृत्युंजय आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन

**अमृत विचार।** नदीगांव में महामृत्युंजय आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन सुन श्रोता भावविभोर हो उठे। पंडाल में नंद घर आनंद भयो जै कन्हैया लाल की...के साथ जयकारों का उद्घोष हुआ। भगवान का जन्म होते ही आतिशबाजी की गई।

श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते भगवताचार्य पं लल्लूराम मिश्रा ने कहा कि राजा परीक्षित के पूछने पर यदुवंश में अवतीर्ण भगवान श्री कृष्ण का चरित्र शुक्रदेव जी ने विस्तार से वर्णन किया है। यह पावन प्रसंग भागवत के दशम स्कन्ध में है। भगवान का मंगलमय चरित्र अतिप्रिय एवं भवरोग की महान औषध है उन्होंने भगवान के अवतार का कारण करते हुए बताया एक समय आसुरभावपन्न दुष्ट राजाओं के भार से पृथ्वी पड़ित हो। गौ रूप धारण करके ब्रह्मा जी के पास तब ब्रह्म जी सबको लेकर क्षीर समुद्र तट पर गये भगवान की स्तुति की तो एक दिव्य वाणी सुनाई दी कि पृथ्वी का भार उतारने के लिए कंस के कारागार में शेष जी और फिर भगवान स्वयं अवतार लेंगे उनकी शक्ति योगमाया भी यशोदा में कन्या रूप से प्रकट होगी कथावाचक व्यास श्री मिश्र ने कहा कि मथुरा समानत यदुवंशी राजाओं की प्रधान राजधानी थी उग्रसेन के भाई देवक की कन्या देवकी का विवाह बासुदेव से हुआ वह विदा कराकर रथ पर जा रहे थे कंस बहन के प्रेमवश रथ चला रहा था कि आकाश वाणी हुई देवकी का आठवा बालक तेरा काल होगा। यह सुनते ही कंस देवकी को मारने की ठान लेता है।

वासुदेव जी ने वचन दिया हे कंस क्यों घबराता है व्यर्थ हत्या करता है जिनसे तुम्हे भय है वह पुत्रो को मै तुम्हे दे दूंगा इस पर कंस देवकी को छोड़ देता है कथा सुनाते हुए भगवतचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि भादो का महीना कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि है रोहिणी नक्षत्र बुधवार का दिन ठीक रात्रि 12 बजे थे भगवान देवकी के सामने प्रकट हो गये भगवान बालक बने वासुदेव जी भगवान को उनकी इक्छा से यमुना पार करके गोकुल भेज आए। यशोदा के कन्या हुई थी उसे लेकर वापस मथुरा आ गये। यह रहस्य कोई नहीं जान पाया। गोकुल में सुबह समाचार फ़ैल गया कि नंद बाबा यशोदा के घर पुत्र हुआ। सभी गीत गाने लगे। इस अवसर पर पंडाल को सजाया गया था।

कथा के परीक्षित श्रीमती कृष्णा रवि अग्रवाल के पारसमणि अग्रवाल छोटेलाल अग्रवाल एड हरिमोहन अग्रवाल संजीव अग्रवाल सिद्धार्थ मनु ठठेरे अभिषेक अग्रवाल आलोक अग्रवाल रंजना विशाखा रजनी ऊषा अग्रवाल दिव्या चिकल ईनू नीलमणि राजेंद्र मास्टर आणिमा जागृति गुंन्नो आदि व्यवस्था में लगे में लगे रहे।



नदी गांव में भागवत कथा सुनते लोग। अमृत विचार

शिविर — ग्राम मौखरी में अपर जिला जज ने दी जानकारी, 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

# लोक अदालत में वैवाहिक विवाद भी निपटेंगे

- पति-पत्नी या नजदीकी रिश्तेदार कर सकते आवेदन

संवाददाता, उरई-जालौन

**अमृत विचार।** तहसील उरई अन्तर्गत ग्राम मौखरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज की अध्यक्षता में किया गया। अपर जिला जज महेन्द्र कुमार रावत ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च शनिवार को होना है। जनपद की सभी दीवानी अदालतों से संबंधित सभी वादों का सुलह समझोते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। लोक अदालत में ऐसे वैवाहिक विवादों को स्वीकार किया जायेगा, जिनमें पति-पत्नी के मध्य किसी भी कारण से कोई विवाद उत्पन्न हुआ हो।

ऐसे विवादों के समाधान हेतु पति-पत्नी में से कोई अथवा उनका नजदीकी रिश्तेदार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तहसील विधिक सेवा समिति कार्यालय में प्रार्थना-पत्र दे सकता है। प्रार्थना-पत्र में दोंनो पक्षों का नाम पता उनका फोन नम्बर विवाद का संक्षिप्त विवरण एवं फोटोग्राफ पहचान पत्र सहित देना होगा। मामले के समाधान हेतु प्रार्थना-पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु सम्बन्धित पीठ को भेज दिया जायेगा। पीड़ित वादकारी पति-पत्नी जिला दीवानी न्यायालय परिसर में स्थापित हेल्प डेस्क पर सम्पर्क करके विधिक परामर्श एवं सहायता ले सकते हैं तथा प्रारम्भिक स्तर पर ही अपने मामले के निस्तारण हेतु यहां प्रार्थना-पत्र दे सकते हैं। इस शिविर में तहसीलदार उरई शेर बहादुर सिंह, सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय कुमार पाण्डेय, भारतीय खाद्य निगम से पुष्पेंद्र सिंह व राकेश कुमार रंजन, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अभिषेक पाठक, समाज कल्याण विभाग से अधीक्षक देवेन्द्र कुमार त्रिवेदी, सखी वन स्टॉप सेन्टर से प्रवीणा यादव व शकुन्तला यादव द्वारा विभागीय योजनाओं को विस्तार से बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कनिष्ठ लिपिक शुभम् शुक्ला द्वारा लोक अदालतों, सुलह-समझौता केन्द्र एवं स्थायी लोकदालत के लाभ बताये गये और विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली विभिन्न कानूनी सुविधाओं के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम का संचालन महेश सिंह परिहार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में ग्राम प्रधान गीता देवी द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक श्री शंकरशरण शास्त्री, पैरालीगल वालंटियर टीम लीडर श्रीमती मनीषा चतुर्वेदी, महेन्द्र कुमार मिश्रा, योगेन्द्र सिंह तखेले, धर्मेन्द्र कुमार समेत लगभग एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीण स्त्री-पुरुष उपस्थित रहे।




विधिक साक्षरता शिविर में मौजूद अपर जिला जज व अन्य। अमृत विचार

### आरटीआई को लेकर कुठौंद ब्लाक में गंभीर नहीं जिम्मेदार

**माधौगढ़-जालौन।** विकास खंड कुठौंद में सूचना अधिकार अधिनियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। निर्धारित समय में जानकारी नहीं दी जाती है या फिर गोल मोल जवाब दिया जाता है। जम्मेदार पदों पर अधिकारी आरटीआई को लेकर गंभीरता नहीं अपना रहे हैं।

विकासखंड कुठौंद मैं सूचना का अधिकार कानून 2005 का विकासखंड कुठौंद में बैठे जिम्मेदार मखौल उड़ा रहे हैं। सरकारी कामकाज में पारदर्शिता लाने के लिए लागू किए गए जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत गौशालाओं की स्थिति जानने की कोशिश की गई। मिशन अखंड गौ रक्षा दल संस्था ने डेढ़ माह पहले खंड विकास अधिकारी कुठौंद से क्षेत्र पंचायत की सभी ग्राम पंचायत की गौशालाओं की संख्या, उनमें संरक्षित गोवंश की संख्या, गौशालाओं में होने वाले खर्चे का विवरण आदि की जानकारी मांगी थी, जो उन्हें आज तक नहीं मिली।

# यह कैसा यात्री प्रतीक्षालय है बैठने को बेंच न पीने को पानी

संवाददाता, माधौगढ़-जालौन

**अमृत विचार।** बस अड्डे की व्यवस्था को आदर्श नगर पंचायत रामपुरा अपने किये दावों से मुकरती नजर आ रही है। जिम्मेदार अब तक यात्रियों के लिए मूल सुविधाएं भी मुहैया नही करा सके। यात्रियों के बैठने के लिए प्रतीक्षालय में बेंच तक की व्यवस्था नही कराई गयी। यात्रियों को फर्श पर बैठकर घंटो बस का इंतजार करना पड़ता है। प्यास बुझाने में पानी की तलाश में यात्रियों को इधर उधर भटकना पड़ता है।

आदर्श नगर पंचायत के किये अब तक के सारे वादे फेल होते ही दिखायी दिये क्योंकि राहगीर हो य फिर यात्री सभी अपनी अपनी परेशानी लेकर डोलते है कहीं जरूरत के तौर पर प्रतीक्षालय नही तो कहीं पर कुर्सी नही आलम यह है कि परेशानियों के भमर जाल में लोगों को महज परेशानियां ही झेलनी पढ़ रही है। ऊमरी स्टेण्ड, निनावली मोड़ पर यात्रियों के बैठने तक की व्यवस्था नही है। जबकि ऊमरी स्टेण्ड पर प्रतीक्षालय नगर पंचायत की पहल से बनवाया गया था लेकिन समय उपरांत ही जमीनदोज होने पर उसे बनवाया नही गया जबकि उसी स्थान पर महाराणा प्रताप चौराहा स्थापित कर दिया गया इतना ही नही पानी व तप्ती गर्मी में राहगीरों व यात्रियों को दुकानदारों की पनाह लेनी पड़ती है वहीं यात्रियों के ठहराव के लिए होली मोड़ पर बना यात्री प्रतीक्षालय बदहाली की दास्ता बयां कर रहा है क्योंकि प्रतीक्षालय तो बना है लेकिन कुर्सी ना होने से गंदगी भरे फर्स पर बैठकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

यात्री प्रतीक्षालय पर बस का इंतजार कर रहे विनोद, महेश, रामलखन, सोना देवी, कौशल्या आदि ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय में पानी तक नहीं है। जमीन पर बैठकर बस का इंतजार करते हैं।




माधौगढ़ का यात्री प्रतीक्षालय। अमृत विचार

# बदले मौसम से बढ़े मरीज, अस्पताल में 11 सौ पर्चे

## बुखार खांसी व गले में इंफेक्शन के आ रहे सबसे ज्यादा मरीज, डाक्टर बोले, बदलते मौसम में लापरवाही पड़ सकती है भारी

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम बदलने के साथ सरकारी सहित प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की खूब भीड़ पहुंच रही है। सबसे ज्यादा बुखार जुकाम खांसी पेट दर्द व गले में इंफेक्शन के मरीज पहुंच रहे हैं। इस मौसम में बच्चों के साथ-साथ वृद्ध लोगों का विशेष ध्यान रखने की सलाह डाक्टरों ने दी है। सुबह व रात में सर्दी और दिन में तेज धूप नुकसानदायक है। वहीं खानपान से लेकर गर्म कपड़ों के पहनने में लापरवाही बीमार कर सकती है। अभी तक जिला अस्पताल में जहां मरीजों की संख्या कम थी, वहीं अब ओपीडी में मरीजों का मेला सा लगने लगा है।

**कुछ ऐसे हो रही लापरवाही:** पिछले दो दिनों से मौसम में ज्यादा बदलाव हुआ है। दो दिन से हल्की बारिश के साथ ठंडी हवाएं भी चल रही हैं लेकिन दोपहर में तेज धूप निकल रही है। बारिश से पहले ऐसा लगने लगा था, जैसे गर्मी आ गई और तेज धूप निकलने पर लोग लापरवाही भी करने लगे।


पैथालॉजी के बाहर जांच कराने के इंतजार बैठे मरीज। अमृत विचार

### ओपीडी में मरीजों की भरमार है

एक सप्ताह पूर्व तक जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में काफी कमी थी। अब फिर से मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर ओपीडी में मरीजों की भरमार है। फिजीशियन से लेकर बाल रोग विशेषज्ञ ईएनटी सर्जन के पास इस समय सबसे ज्यादा मरीज पहुंच रहे हैं। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जहां 900 तक पर्चे बना रहे थे। अब इन पर्चों की संख्या 1100 पार हो गई है। कभी-कभी यह संख्या 1200 तक भी पहुंच जाती है।

**900** से 1100 पहुंच गई पर्चों की संख्या

**50** से 60 थ्रोट इंफेक्शन के मरीज आ रहे

### नवजात से लेकर सभी बच्चों का रखें विशेष ध्यान

जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डा मूलचन्द्रा का कहना है कि बदलते मौसम में नवजात बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है क्योंकि इन बच्चों की सांस की नली पतली होती है। इसलिए वह संक्रमण का जल्दी शिकार होते हैं। उन्होंने बताया ओपीडी में जुकाम बुखार खांसी के साथ डायरिया पेट दर्द के मरीज भी सामने आ रहे हैं। हालांकि डायरिया के मरीजों को भर्ती करने की जरूरत नहीं हो रही है। बच्चों को इस मौसम में गर्म कपड़े पहनाकर रखें। ठंडा खाना व बाहर की चीज बच्चों को कतई न दें। इसके अलावा बच्चों को साफ व गुनगुना पानी ही पिलाएं। जिन घरों में छोटे बच्चे हैं वह लोग अभी पंखा बिल्कुल न चलाएं।

- तेज धूप निकलने पर लोग लापरवाही भी करने लगे
- दो दिन से ठंडी हवाएं भी चल रही, दोपहर में तेज धूप

### थ्रोट इंफेक्शन व कान बहने के सबसे ज्यादा मरीज

ईएनटी सर्जन राजीव चौधरी का कहना है कि बदलता मौसम शरीर को कमजोर कर देता है और बीमारियां बढ़ती हैं। इस समय उनके पास 50 से 60 थ्रोट इंफेक्शन के मरीज आ रहे हैं। साथ ही कान बहने के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। थ्रोट इंफेक्शन के कारण खांसी व गले में दर्द तथा खाना निगलने में भी लोगों को दिक्कत हो रही है। कान में दर्द भारीपन की शिकायत के मरीज भी सामने आ रहे हैं। ऐसे मरीजों को इस मौसम में काफी बचाव करने की जरूरत है। गर्मी से सर्दी और सर्दी से गर्मी में जाने से बचना चाहिए। साथ ही ठंडी चीजों का परहेज करना चाहिए।

### सांस के रोगी न करें इस समय लापरवाही

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डा एनके सक्सेना का कहना हैं कि खास तौर से अस्थमा और सांस के मरीजों को इस मौसम में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। बदलते मौसम मे ऐसे मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। एलर्जी होने का खतरा बढ़ जाता है। ओपीडी में उनके पास जुखाम बुखार खांसी के अलावा सांस के मरीज भी काफी आ रहे हैं। सांस के मरीजों को ठंडी चीजों से दूर रहना चाहिए।

### घुटने व जोड़ों के दर्द के मरीज बरतें सावधानी

जिला अस्पताल के आर्थोपेडिक सर्जन डा सुधीर चौधरी का कहना है कि सर्दी में मांसपेशियां जकड़ जाती हैं जिसके कारण कमर दर्द जोड़ों का दर्द घुटने का दर्द कंधे के दर्द की समस्या बढ़ जाती है। इन्हीं समस्याओं के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। गर्म कपड़े पहनें वहीं घुटनों में नी कैप भी पहननी चाहिए। बदलते मौसम में बुजुर्ग लोगों को ज्यादा ध्यान रखने की जरूरत है।

# धूप-बदली देख अन्नदाताओं की बढ़ी धड़कन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दिन में सामान्य से दो डिग्री नीचे रहा पारा, चलती रही ठंडी हवा
- विपरीत मौसम देख पकी फसलों को समेटने में जुटे दिखे किसान

**अमृत विचार।** मौसम की मार किसानों को तबाह कर रही है। मौसम के बार-बार करवट बदल रहा है। बारिश व ओलों के बाद शुक्रवार को भी बदली व धूप के बीच लुका छिपी जारी रही। जिससे किसानों की धड़कने बढ़ रही हैं। दिन में पारा गिरने व ठंडी हवाओं ने मौसम को सर्द रखा। वहीं कुछ क्षेत्रों में धूप निकलने के बाद खेतों में पहुंचे किसान फसलों को समेटने व थ्रेंसरिंग कराने में मशगूल रहे।

जिले में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। बीते दिनों बारिश व ओले गिरने के कारण जहां किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है वहीं रात में पारा सामान्य से कुछ नीचे रहा। वहीं ठंडी हवा ने लोगों को सर्दी का अहसास कराया। शुक्रवार को भी बदली व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। पूरे दिन बदली व धूप के बीच लुकाछिपी जारी रही। साढे तीन किमी प्रति घंटा से चलने वाली ठंडी उत्तर पश्चिमी हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। शाम होते ही सर्दी का असर बढ़ने से लोग गर्म कपड़े फिर से निकालने को विवश हो गए। कुछ क्षेत्र में मौसम साफ होने तथा धूप निकलने के बाद लोग खेतों में भीगी फसल को समेटते दिखे। किसान पकी लाही की फसल की थेसरिंग कराने में किसान जुटे दिखे।


मौसम की मार से खराब हो रही फसलें। अमृत विचार

### दिन भर चली ठंडी हवा

मौसम के पलटवार से शहरी परेशान हो गए। सुबह से 10 से 12 किमी रफ्तार से चल रही पछुआ ने कान ढंकने को मजबूर कर दिया। वहीं बदन गर्म कपड़े हटा चुके लोग एक फिर जैकेट, स्वेटर, शॉल सहित अन्य ऊनी कपड़ों में नजर आए। दोपहर 2.30 बजे 4.30 बजे तक धूप ने कुछ राहत दी

### तेज हवाओं संग छाएंगे बादल

बीते बुधवार को हुई बारिश और गिरे ओलों के बाद मौसम ने यू टर्न लिया। गुरुवार को पूरब-पश्चिम, उत्तर दिशाओं से चल रही हवाओं से सर्दी ने पलटवार किया। वहीं 48 घंटों में अधिकतम तापमान करीब 09 डिग्री नीचे सरका और 24 पर टिक गया। जबकि न्यूनतम पारा 13 डिग्री होने की वजह से रात में सर्दी रही। अभी भी बूंदाबांदी के आसार हैं।

### फसलों के नुकसान का आंकलन शुरू

बारिश के साथ ओले गिरने से लाही, चना, धनियां आदि फसलों को भारी नुकसान हुआ। इसके साथ फसलों को हुए नुकसान के आंकलन की कवायद शुरू हुई है। उप निदेशक ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों के किसानों से 72 घंटे के अंदर फसलों के नुकसान की सूचना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामित बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर के साथ ही बीमा कंपनी के प्रतिनिधि के मोबाइल नंबर पर देने को कहा गया है। इसके साथ ही किसान जिला कृषि अधिकारी व उनके कार्यालय में भी सूचना दे सकते हैं।

### अभी मौसम में नहीं होगा कोई खास बदलाव

जनपद में मौसम में अभी कोई खास बदलाव नहीं होगा। आसमान में बदली रहने के साथ ही ठंडी हवाएं जारी रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक की मानें तो शुक्रवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री व न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि अभी आसमान में हल्के मध्यम बादल छाए रहने तथा शुक्रवार को स्थानीय स्तर पर छिटपुट बारिश होने की संभावना है।

# नहर में उतराता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका


घटना स्थल पर जांच करने पहुंची फोरेंसिक टीम। अमृत विचार

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को राम गंगा नहर में अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। जिसे देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के मदद से शव को बाहर निकाला। मृतक की फ़ोटो सोशल मीडिया में पोस्ट करने पर परिजन पहुंचे और शिनाख्त करने के बाद हत्या की आशंका जताई।

हथगाम थाना क्षेत्र के सरायं इदरीश गांव में राम गंगा नहर में एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। पहचान होने के बाद खखरेरू के पौली गांव से पहुंचे अबरार ने बताया कि उनका बेटा सरफराज (25) बाहर नौकरी करता है और दो जनवरी को बीमार होने पर घर आया था। 21 फरवरी को बैंक से पैसा निकालने के लिए गया था। उसके बाद से गायब हो गया। सोशल मीडिया से उन्हें शव मिलने की जानकारी हुई। पिता ने बेटे की हत्या का आशंका जताई है।

अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि एक युवक का शव नहर में बहते हुए देखकर ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दिया। मृतक की फोटो सोशल मीडिया में देखकर परिजन ने मृतक की शिनाख्त की। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



दिव्यांग बच्चों की बस को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी। अमृत विचार

### एक्सपोजर विजिट के तहत दिव्यांग बच्चों ने किया भ्रमण

**फतेहपुर।** समेकित शिक्षा के तहत परिषदीय स्कूलों के दिव्यांग बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। बस को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव के नेतृत्व में समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को ज्ञानवर्धक एवं ऐतिहासिक स्थलों के भ्रमण के लिए शुक्रवार को एक्सपोजर विजिट का कार्यक्रम कराया गया। जिसमें बच्चों को विकास खंड खजुहा में स्थित बागबादशाही, बारादरी एवं बावन इमली का भ्रमण कराया गया। कलेक्ट्रेट फतेहपुर से मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा द्वारा सदर तहसील के सभी विकास खण्डों से आए बच्चों को हरी झंडी दिखाकर बस से रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों के अभिभावकों से बात करते हुए बच्चों को सामाजिक एवं ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को सकुशल एक्सपोजर विजिट कर वापस आने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्पेशल एजुकेटर्स, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### चोरी का प्रयास करते समय चोर को पकड़ा

**बिंदकी।** लोहा वेल्डिंग की दुकान में रात को चोरी करते समय आरोपी चोर को दुकानदार ने पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने आरोपी चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। गुरुवार की रात को नगर के तहसील के गेट नंबर दो के सामने स्थित शिवम शुक्ला के लोहा वेल्डिंग की दुकान में एक चोर सामान की चोरी कर रहा था। आरोपी को देखकर कुत्ते भौंकने लगे। यह सुनकर दुकानदार शिवम शुक्ला अपने दो मंजिल मकान से नीचे उतरा देखा तो चोर छिपा हुआ था। दुकानदार के शोर मचाने पर कई लोग पहुंच गए और चोर को पकड़ लिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

### मारपीट में दंपति समेत तीन लोग घायल

**थरियांव।** महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे पति व बेटे को भी पीट दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। थाना क्षेत्र के तलकापुर गांव निवासी चंदा देवी पत्नी रमेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले के एक व्यक्ति चार लोग घर के पास पड़ी पुस्तैनी जमीन के चलते नशे में गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर चंदा देवी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पति व पुत्र भी मौके पर आ गए। उन्हें भी लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### यातायात नियमों की दी जानकारी

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी अजय कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी, चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की। इसी दौरान आम जनमानस को जागरूक कर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई।

### दुकानदार के साथ की गई मारपीट

**बिन्दकी।** झावन खेड़ा गांव में दिलीप सैनी पुत्र बनवारी लाल की चाय नाश्ता व हरी सब्जी की दुकान है। पीड़ित दिलीप सैनी के अनुसार उसकी दुकान में कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के पारा दान गांव निवासी अन्ना पुत्र सग्गीलाल आया। उस समय वह अपने मोबाइल से एक जरूरी व्यक्ति से बात कर रहा था तभी अन्ना ने लूडो खेलने के लिए मोबाइल मांगा। जब उसने मोबाइल नहीं दिया तो उसने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### चोरी गई बाइक लावारिस खड़ी मिली

**बिन्दकी।** फरीदपुर मोड़ स्थित एक गेस्ट हाउस सोमवार की रात को बारात में गए बाराती भोला निवासी महरहा रोड कस्बा बिंदकी कोतवाली बिंदकी की बाइक चोरी हो गई थी। गुरूवार को चोरी हुई बाइक जाफराबाद गांव के पास लावारिस मिली।

# गलत तरीके से ड्यूटी कर रहे छह कक्ष निरीक्षकों पर रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

- प्रदेश में टापटेन सूची में नाम दर्ज कराने वाला विद्यालय भी शामिल

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की प्रदेश टॉपटेन सूची में नाम दर्ज कराने वाले सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम के छह शिक्षक गलत विषय और योग्यता अंकित कर परीक्षा ड्यूटी करते पकड़े गए। डीएम के आदेश पर सभी शिक्षकों के खिलाफ सदर कोतवाली और राधानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

डीएम ने गलत परिचय पत्र जारी करने के लिए डीआईओएस को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तीन शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर स्थित परीक्षा केंद्र और तीन शिक्षक स्वकेंद्र में कक्षनिरीक्षक की ड्यूटी करते पकड़े गए हैं। एडीएम ने बताया कि निरीक्षण में राजकीय इंटर कॉलेज में तीन तीन स्वकेंद्र एसबीएम में ड्यूटी कर रहे थे। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर में तीन कक्ष निरीक्षकों के आईडी कार्ड पर अंकित उनके पढ़ाए जाने वाले विषय का नाम, शैक्षिक योग्यता तथा हस्ताक्षर गलत मिले। सरस्वती बाल मंदिर, रघुवंशपुरम में भी तीन कक्ष निरीक्षक ऐसे मिले हैं, जो स्वकेंद्र में ड्यूटी कर रहे थे। राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रमाकांत सिंह ने सदर कोतवाली में कक्षनिरीक्षक योगेश कुमार, सोहनलाल तिवारी, अवध कुमार के खिलाफ नकल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

# बेकाबू वाहन ने युवक को रौंदा

**थरियांव।** गुरूवार देर रात अज्ञात वाहन कि टक्कर लगने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई तो युवक बांदा जनपद का निकला। पुलिस कह सूचना पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मचा रहा।

थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा चौकी के बिलंदा नेशनल हाइवे के पास एक युवक हादसे का शिकार हो गया। युवक की पहचान बांदा के घनसोल गांव निवासी शिवनंदन के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि शिवनंदन फतेहपुर में रह कर मजदूरी का काम करता था। वह गांव बिलंदा गया था। वापस लौटते समय हाईवे तेज रफ्तार वाहन उसे रौंदते हुए निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# यूपी बोर्ड: कड़ी निगरानी में दूसरे दिन भी हुई परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा एवं चाकचौबंद व्यवस्था के बीच शुक्रवार को दूसरे दिन भी हुईं। दोनों पालियों में कुल मिलाकर 387 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के साथ ही अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल में अरबी-फारसी की परीक्षा में पंजीकृत 29 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 5 गैर हाजिर रहे तो 24 ने परीक्षा दी। इसी पाली में इण्टरमीडिएट के नागरिक शास्त्र की परीक्षा में पंजीकृत 5116 परीक्षार्थियों में 4795 ने परीक्षा दी और 321 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। इसी तरह से द्वितीय पाली में हाईस्कूल की संगीत गायन एवं इण्टरमीडिएट की सामान्य आधारित विषय, कृषि शस्य विज्ञान, कृषि शस्य विज्ञान एग्रोनॉमी विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा आयोजित हुई। हाईस्कूल में संगीत गायन विषय के लिए कुल 146 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जिनमें 143 ने परीक्षा दी और 03 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह से इंटरमीडियट में सामान्य आधारित विषयों की परीक्षा में पंजीकृत 1404 परीक्षार्थियों में 58 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज हुई, जबकि 1346 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में 387 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरे दिन किसी भी परीक्षा केन्द्र पर कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। परीक्षा से पहले मुख्य गेट पर ही परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। उसके बाद परीक्षा कक्ष में जाने दिया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक समेत अन्य सचल दलों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। दूसरी तरफ अफसरों का पूरा जोर इस बात पर रहा कि कहीं भी नकल नहीं होने पाए। सभी केंद्रों पर अफसर व्यवस्थाओं को जांचते रहे।


राजकीय इंटर कालेज में स्थापित कंट्रोल रूम रहा सक्रिय। अमृत विचार

### ड्यूटी करने नहीं पहुंचे कई कक्ष निरीक्षक

बोर्ड की परीक्षाएं गुरुवार से विधिवत शुरू हो गईं। पहले दिन जहां परीक्षा को लेकर केंद्रों पर काफी गहमागहमी रही। वहीं सख्ती भी काफी दिखाई दी। हालांकि कई परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करने नहीं पहुंचे। ऐसे में वहां उन कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था कर ड्यूटी कराई गई। बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पूर्व जिले के 12 परीक्षा केन्द्र के व्यवस्थापकों ने परीक्षा प्रभारी को कई कक्ष निरीक्षकों के न आने की शिकायत दर्ज कराई। परीक्षा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि 12 विद्यालयों के करीब 25 कक्ष निरीक्षक अपनी डयूटी पर नहीं पहुंचे। जिससे परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न हुआ। हालांकि समय रहते रिजर्व में रखे गए कक्ष निरीक्षकों को भेज कर परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई गई है। इसकी सूचना परिषद को भेज दी गई है।

> बोर्ड परीक्षा में जिन शिक्षकों को केन्द्र व्यवस्थापक, वाहय केन्द्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों के रूप में डयूटी लगाई गई है, वह लोग यदि अपने दायित्वों का निवर्हन करने में बहानेबाजी करेंगे तो उन्हें अनुपस्थित मानते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
>
> -विनोद श्रीवास्तव, परीक्षा प्रभारी

**रोजगार** | नियुक्ति होने के बाद भी करीब 75 फीसदी युवा आ जाते वापस

# नहीं भा रहीं प्राइवेट नौकरियां, छोड़ रहे जॉब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के लिए शासन स्तर पर प्रयास तो किए जा रहे हैं लेकिन युवाओं को प्राइवेट नौकरी शायद नहीं भा रही है। यही कारण है कि रोजगार मेले के तहत नौकरी पाने वाले करीब 75 फीसदी युवा नौकरी छोड़ रहे हैं। यह बात दीगर है कि कोई सरकारी नौकरी की चाहत रखता है तो कोई दूर जाने से कतरा रहा है। जिला सेवायोजन विभाग द्वारा लगातार रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

इस वित्तीय वर्ष में सेवायोजन विभाग द्वारा कई रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 1523 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों ने नौकरी दी। इस दौरान अहमदाबाद, गुजरात समेत अन्य कई प्रदेशों की कम्पनियों ने हिस्सा लिया और 11 हजार रुपये प्रतिमाह से लेकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह के वेतन पर चयन किया गया। लेकिन अधिकांश युवा सरकारी नौकरी की चाहत में प्राईवेट नौकरी से तौबा कर रहे हैं। विभाग की मानें तो अभ्यर्थी दूर होने का हवाला देते हैं। जॉब छोड़कर वापस आ जाते हैं। इसकी कम्पनियां शिकायत भी दर्ज कराती रहती हैं।

### युवाओं से किया जाता सम्पर्क

जॉब छोड़ने वाले युवाओं से सेवायोजन विभाग लगातार सम्पर्क करता रहता है। सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि ऐसे युवाओं की समस्याएं जान उनकी काउंसिलिंग की जाती है, समझाया जाता है कि जॉब करते हुए आगे की मंजिल तलाशी जा सकती है।

### रोजगार मेले के लिए मिलता बजट

एक वित्तीय वर्ष में रोजगार मेला आयोजित करने के लिए शासन से विभाग को करीब 50 हजार रुपये की धनराशि दी जाती है। जिससे विभिन्न दिवसों में रोजगार मेले का आयोजन होता है। मेले में हिस्सा लेने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होता है।

- सेवायोजन विभाग रोजगार मेले के माध्यम से कराता सेवायोजित

> जॉब मिलने के बाद जो युवा नौकरी छोड़ रहे हैं, उनकी काउंसिलिंग की जा रही है। अधिकांश युवा पहली बार घर छोड़कर बाहर जाते हैं तो घर की याद में भी वापस आ जाते हैं। कुछ सरकारी नौकरी की तलाश में हैं। युवाओं को जॉब दिलाने के लिए लगातार मेलों का आयोजन हो रहा है। अब तो ब्लाक स्तर पर भी आयोजन किए जा रहे हैं।
>
> -उज्जवल कुमार, सेवायोजन अधिकारी

# गोकशी के 7 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**फतेहपुर।** गोकशी और मांस तस्करी के सात आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपियों को पांच अगस्त को गोकशी के मामले में गिरफ्तार किया था। डीएम की अनुमति के बाद हथगाम थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने मुकदमा दर्ज कराया है।

आरोप है कि मुल्लनपुर निवासी कौनयन अली का संगठित गिरोह गोकशी करता है। वह कौनयन गैंग का लीडर है। गैंग के सदस्य मुल्लनपुर के ही मो. हैदर अली, मो. कासिम अली, सिद्दीक मोहम्मद इस्माइल उर्फ शोएब, दरियापुर निवासी साबिर अली, सुल्तानपुर घोष थाने के इजुरा बुजुर्ग निवासी सफी मोहम्मद, थरियांव थाने के मोहम्मदपुर कला निवासी मो. तौफीक हैं।

# बैठक में एल्डर्स कमेटी का हुआ गठन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी की आम बैठक सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर एल्डर्स कमेटी का भी गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत तिवारी को मनोनीत किया गया। गठन के बाद एल्डर्स कमेटी ने अपना काम भी प्रारम्भ कर दिया।

आदर्श अधिवक्ता संघ बिंदकी के अध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेयी ने बताया कि बहुत जल्द ही एल्डर्स कमेटी अधिवक्ता संघ के चुनाव की घोषणा करेगी। इसके साथ ही बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई जिससे अधिवक्ताओं की समस्याओं का समय रहते निस्तारण कराया जा सके। एल्डर्स कमेटी में तीन अन्य अधिवक्ताओं का भी चयन किया गया जो एल्डर्स कमेटी को अपने सुझाओ के साथ सहयोग करेंगे। महामंत्री सत्यार्थ सिंह ने कहा कि सभी साथी अधिवक्ता हित में काम करें। कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायन यादव, पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र प्रसाद मिश्र, विप्र नारायण तिवारी, लक्ष्मी शंकर यादव, सुरेश सिंह चौहान आदि रहे।


बैठक कर एल्डर्स कमेटी का गठन करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### एल्डर कमेटी के सदस्य

एल्डर कमेटी का अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, सहयोगी रमेश चन्द्र गुप्ता व राम नरेश सिंह के अलावा आनंद शंकर वर्मा, राम करन सिंह चैहान, राम किशोर वर्मा, गंगाराम सोनकर को बैठक में मनोनयन किया गया है। एल्डर कमेटी ने काम करना भी शुरू कर दिया है।

# विकास कार्यों के लिए चार करोड़ का बजट हुआ पास

## क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक से नदारद रहे प्रधान
## मनरेगा को मिला 1867.74 लाख का बजट

महेवा ब्लॉक

संवाददाता महेवा, इटावा


क्षेत्र पंचायत महेवा की खुली बैठक में शामिल बीडीसी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत महेवा की खुली बैठक में वित्त वर्ष 2024 -25 की कार्ययोजना में करीब 4 करोड़ रुपये के कार्य पंचम व 15वें वित्त से कराये जायेंगे तथा ब्लाक में मनरेगा के लिये 1867.74 लाख रुपये का बजट पारित किया गया।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख पवित्रा दोहरे ने सदन में घोषणा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष में सबसे पहले उन क्षेत्र पंचायत सदस्यों के गांव में काम कराये जायेंगे जहां अभी तक एक भी कार्य नहीं हुआ। साथ ही पूरे ब्लॉक में बिना किसी भेदभाव के व जरूरत के अनुसार भी विकास कार्य होंगे। बैठक का संचालन करते हुए बीडीओ सूरज सिंह ने सबसे पहले सदन में पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया व पिछले वित्त वर्ष के कार्यो के बारे में बताया जो कि विभिन्न गांवों में चल रहे हैं। वहीं उन्होंने आगामी वित्त वर्ष के कार्यो में सबसे पहले पेयजल, जलनिकास, गली निर्माण आदि को कराने के प्रस्ताव भी सदस्यों से मांगें। बैठक में ग्राम प्रधान की संख्या शून्य रही। क्षेत्र पंचायत सदस्य शिखा देवी, राजेन्द्र सिंह, मिथुन पाण्डेय, गम्भीर सिंह यादव, राजवीर सिंह, राघवेंद्र कुमार, राखी, लज्जावती, उमादेवी, अरुण कुमार, दिलसाराम, शशि दिवाकर, अन्नू पाल, रोहित, अनुराग दोहरे भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य लिपिक शैलेन्द्र कुमार, मनरेगा लेखाकार राजीव कुमार, कुलदीप चौहान, आवास लिपिक सुरजीत कुमार, कमलेश कुमार, मनोज दुबे, रितिक कुमार, सीमा आदि मौजूद रहे।

### सदस्यों ने रखीं समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

**महेवा।** बैठक में कई सदस्यों ने गांव की समस्याओं को सदन में रखा। जिसमें कुशगवा -अहिरान के क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप यादव ने गांव में प्रधान व सचिव द्वारा चहेतों और अपात्रों को शौचालय देने, गोपियापुर से बीडीसी बलराम कुमार ने डॉ.आंबेडकर पार्क सही कराने, नबादाखुर्द कला से क्षेत्र पंचायत सदस्य जितेंद्र सिंह ने नगला कुशल स्कूल के लिए रास्ता न होने व पंचायत में पात्रों को आवास व शौचालय देने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि जितेंद्र दोहरे ने मनरेगा द्वारा क्षेत्र पंचायत में पक्के कार्य कराने, सभी गांव में जनहित के कार्य वरीयता में कराने तथा कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न करने की बात रखी। सभी लोगों की समस्याओं का खण्ड विकास अधिकारी द्वारा समाधान किया गया।

# इसरो ने युवा विज्ञानी कार्यक्रम शुरू किया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दो सप्ताह के लिए दी जाएगी इसरो केंद्रों पर विशेष ट्रेनिंग
- कक्षा नौ में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों के लिये है सुविधा

**अमृत विचार।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के द्वारा कक्षा 9 में पढ़ने वाले स्कूली बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान तथा अंतरिक्ष तकनीकी की जानकारी देने के लिए विशेष कार्यक्रम युवा विज्ञानी कार्यक्रम लॉन्च किया गया है।

हिंदू विद्यालय जसवंतनगर के भौतिकी प्रवक्ता प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि युवा विज्ञानी कार्यक्रम के लिए पंजीकरण 20 फरवरी से स्टार्ट होकर 20 मार्च तक चलेंगे। चयनित होने वाले बच्चों को सरकारी खर्चे पर इसरो के द्वारा विभिन्न केंद्रों देहरादून, श्रीहरिकोटा, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, अहमदाबाद, शिलांग में आवासीय युवा विज्ञानी कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 8 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले तथा विज्ञान मेलों तथा स्काउट गाइड ,एनसीसी तथा खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों व ग्रामीण बच्चों को वरीयता प्रदान की जाएगी।

इसरो ने इस कार्यक्रम के द्वारा स्कूली बच्चों में विज्ञान तकनीकी इंजीनियरिंग तथा गणित में प्रवीणता हासिल करने के लिए बच्चों को आवासीय कार्यक्रमों के द्वारा प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2024 को कक्षा 9 में पढ़ने वाले बच्चे ही केवल इस युवा विज्ञानी कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# काला दिवस के आह्वान पर किसानों ने हुंकार भर कर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा


प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी काला दिवस के आह्वान पर किसानों ने प्रदर्शन किया। इन किसानों ने कहा कि किसान आंदोलन में नौजवान किसान शुभकरण सिंह की हत्या का केस केन्द्रीय गृहमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री के खिलाफ दर्ज किया जाए तथा सुप्रीम कोर्ट के जज से जांच कराई जाए। इसके साथ ही शहीद परिवार को एक करोड़ का मुआवजा, क्षतिग्रस्त ट्रैक्टरों का मुआवजा के साथ साथ एमएसपी की गांरटी दी जाए।

यहां यासीनगर, खडकौली में तथा ताखा तहसील प्रांगण में किसानों ने प्रदर्शन किया। किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य ने बताया कि यासीनगर, खडकौली में जुलूस के साथ पुतलों का दहन किया गया, ताखा तहसील में काले झण्डों के साथ प्रदर्शन व सभा का आयोजन किया गया।

ताखा तहसील में किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष नाथूराम यादव, उपाध्यक्ष विश्राम सिंह, राज्य काउंसिलर रामबृजेश, श्रीकृष्ण, रामसिंह, यदुनाथ सिंह आदि ने सम्बोधित किया। यासीनगर में सीटू के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य, किसान सभा के जिलामंत्री संतोष शाक्य, पिंटू शाक्य, इंद्रपाल यादव ने अपने विचार रखे। इन वक्ताओं ने आंदोलन तेज करने की बात भी कही।

# प्रेमबाबू को मिला ब्रजभाषा भूषण सम्मान

कार्यालय संवाददाता ,इटावा


प्रेमबाबू प्रेम को सम्मानित करते अतिथि।

**अमृत विचार।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय, संस्कृति विश्वविद्यालय मथुरा व ऑडियो प्लेटफॉर्म गाथा द्वारा आयोजित बृज साहित्य उत्सव में बृज भाषा में लोक गीत रचने वाले जिले के वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम बाबू प्रेम को बृज भाषा भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता एवं गाथा के संस्थापक अमित तिवारी ने लोक गीतकार प्रेम जी सहित दस विभूतियों को सम्मानित किया।

जिले के वरिष्ठ साहित्यकार और आम जन मानस की पीड़ा की मुखर अभिव्यक्ति करने वाले प्रेम जी वियोग शतक, विकर्ण प्रतिज्ञा, मांटी, गोपाल और श्रीकृष्ण करमायण जैसे प्रबन्ध काव्य का प्रणयन कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर अनुराग असफल, डॉ कुश चतुर्वेदी, महेश तिवारी, गोविन्द माधव शुक्ल, साबिर इटावी, रौनक़ इटावी, सलीम इटावी हरिओम सिंह विमल, रोहित तिवारी, सत्यदेव आज़ाद, वैभव कुमार, डॉ बाल मुकुद ने बधाई दी है।

# खेत में जबरन बकरियां चराने से रोकने पर भाइयों को पीटा

संवाददाता, बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** खेत में जबरन बकरियां चरा रहे तीन नामजदों ने दो भाइयों को डंडों व कुल्हाड़ी से प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना में इसी क्षेत्र के गांव अंदावा की मड़ेया यादवान में रहने वाले सुखवीर सिंह ने दर्ज कराए मुकदमा में कहा है कि वह अपराह्न एक बजे खेत पर फसल देखने गया था, उसका छोटा भाई रामजीवन पशुओं के लिए बरसीम काट रहा था तभी गांव के विनोद कुमार, चन्द्रवीर, रामवीर खेत में जबरन बकरियां चराने लगे। रामजीवन ने मना किया तो नामजदों ने लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से उस पर प्रहार करने लगे, चीख पुकार सुनकर छोटे भाई को बचाने गया तो मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू की।

# फलों के रस से हुआ नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- गौर निताई परिवार ने हर्सोल्लास से मनाया महाप्रभु का अवतरण दिवस


नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक करते पंडित मनु पुत्र दास। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भगवान श्री कृष्ण के अग्रज वशेषावतार बलराम जी के अवतारी नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वावधान में श्रद्धाभाव के साथ हर्सोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर हरिनाम के बीच महाप्रभु का पंचामृत ,फलों के रस व नारियल पानी से महाभिषेक किया गया। इस दौरान भक्तों के द्वारा भगवान पर खूब पुष्प वर्षा भी की गयी। हरिनाम संकीर्तन पर श्रद्धालु खूब झूमें वही नित्यानंद महाप्रभु के जयघोष गुंजायमान होते रहे।

माघ मास की त्रयोदशी पर भगवान नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण दिवस मनाया जाता है। श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में पक्का तालाब के किनारे स्थित सत्संग स्थल पर अवतरण दिवस आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। यहां पर परिवार के मुखिया व सनातन धर्म प्रचारक पंडित मनुपुत्र दास ने श्रद्धालुओं के साथ पंचामृत ,फलों के रस व नारियल पानी से नित्यानंद महाप्रभु का अभिषेक किया और भगवान का श्रंगार कर भोग अर्पित किया और आरती भी उतारी। अभिषेक के बीच में हरी नाम संकीर्तन चला रहा जिस पर श्रद्धालु झूमते रहे भगवान के अवतरण दिवस की खुशी में पंडित मनुपुत्र दास के द्वारा भक्तों के ऊपर जमकर फल फूल मेवा व अन्य सामानों की लुटाई भी की गई।

इस मौके पर पंडित मनुपुत्र दास ने भक्तों को भगवान के अवतरण दिवस पर वताया कि नित्यानंद महाप्रभु का अवतरण पश्चिम बंगाल के गांव एक चक्र में हुआ था।कलयुग में गौरांग महाप्रभु जिन्हें चैतन्य महाप्रभु के नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम के बाद सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

# देवरानी -जेठानी के झगड़े में देवर घायल

**इकदिल, इटावा।** क्षेत्र के गांव देसरमऊ में जेठानी और देवरानी के बीच आपस मे झगड़ा हो गया। बीच बचाव करने गए देवर को भाभी ने ईंट मार कर घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव देसरमऊ के रहने वाले इंदल सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि उसके परिवार की भाभी व उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया। जब वह बीच बचाव करने के लिए गया तो भाभी ने उसे ईंट मारकर घायल कर दिया। घायल का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है।

# तीन साल का कनेक्शन, बिल भेजा 31 साल का

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग के एक अनोखे मामले में उपभोक्ता आयोग ने फैसला सुनाया है। पीड़ित ने तीन साल पूर्व बिजली कनेक्शन लेने व 31 साल का बिल भेजे जाने का वाद उपभोक्ता आयोग में दायर किया था। अध्यक्ष महेश कुमार कुशवाहा, सदस्य रामप्रताप व स्वर्णलता जायसवाल ने विपक्षी को 30 दिनों के अंदर जमा धनराशि को बिल में समायोजित कर उपलब्ध कराए जाने का आदेश दिया है। कहा कि पूर्व के किसी भी विद्युत बिलों का भुगतान करने का दायित्व परिवादी को नहीं है।

सुमेरपुर क्षेत्र के पचखुरा गांव निवासी पीड़ित आसाराम ने 30 अगस्त 2022 को आयोग में वाद दायर कर बताया कि वह विद्युत कनेक्शन धारक है। बताया कि उसने जनवरी 2020 में विद्युत कर्मचारियों से 4000 रुपये व कागजात देकर आवेदन कराया था। बताया कि कर्मचारियों ने सात मार्च 2020 को उसके घर में मीटर लगाया, लेकिन मीटर लगने के बाद विद्युत रीडिंग लेने कोई नहीं आया। ठीक एक वर्ष बाद 10 मार्च 2021 को वह उपखंड अधिकारी सुमेरपुर को मामले संबंधित प्रार्थना पत्र दिया। तब उसे बताया गया कि उसका मीटर विभाग के अभिलेखों में फीड नहीं है। जिसके कारण कोई बिल उपलब्ध नहीं कराया गया। पुनः 19 मई 2021 को इस संबंध में उसने आवेदन दिया, लेकिन उसे कोई बिल नहीं दिया गया। और 30 जून 2022 को विभाग द्वारा उसका कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया कि उसका लगभग 2.70 लाख बिल बकाया है। उसके विरोध के बाद विभाग ने पांच जुलाई 2022 को आवेदन लेकर 600 रुपये शुल्क एवं जीएसटी जमा कराकर उसका कनेक्शन पुनः संयोजित कर दिया गया। बिल सही नहीं किया गया।

# गरीब रथ से कटकर छात्र की मौत

संवाददाता भरथना इटावा


शिवम।

**अमृत विचार।** गरीब रथ सुपर फास्ट ट्रेन से कटकर एलएलबी छात्र की मौत हो गई। जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर गुरुवार रात आठ बजे दिल्ली से रांची जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन से औरैया के थाना अछल्दा क्षेत्र में गांव झीघुरिया इटैली में रहने वाले 25 साल के शिवम टकरा गया, जिसका शव खंभा नंबर 1134/6 के निकट पड़ा मिला। मृतक के चाचा शिक्षक महेश चंद यादव ने बताया उसका भतीजा शिवम एलएलबी का छात्र था, मृतक दो भाई तीन बहनों में सबसे छोटा था। मौत की खबर सुनते ही मां मुन्नी देवी, पिता महेरवान सिंह, बड़े भाई हरिओम सिंह सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# कस्तूरबा स्कूल, परोस रहे घटिया भोजन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- आपूर्ति ठेकेदार व वार्डन के खिलाफ वाद दायर

**अमृत विचार।** शहर के कुछेछा मोहल्ले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बालिकाओं को खिलाएं जाने वाले खाद्य पदार्थों दाल व आटा के नमूने खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने लिए थे। इनकी जांच कराई गई तो

मानक विहीन निकले। इस पर विभागीय अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त से अनुमति लेकर ठेकेदार व वार्डन के खिलाफ कोर्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

जनपद में सभी विकासखंड स्तर पर सात कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित हैं। इनमें ज्यादातर में एक ही ठेकेदार भोजन संबंधी खाद्य सामग्री की आपूर्ति करते हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त द्वितीय राम अवतार यादव ने बताया कि माह जनवरी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुछेछा से खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके निरंजन ने दाल, आटा का नमूना लिया था। जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया था।

बताया जांच रिपोर्ट में मूंग की दाल मिलावटी पाई गई है। जबकि आटा अधोमानक पाया गया है। इससे साबित होता है कि विद्यालय में छात्राओं को मिलावटी भोजन दिया जा रहा है। जो सेहत के लिए नुकसानदायक है।

# सात घंटे नहीं आयेगी बिजली

**इटावा।** 24 फरवरी को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक के फीडर न. 4 पर आरडीएसएस योजनान्तर्गत अनुरक्षण संबंधी कार्य के कारण विद्युत उपकेंद्र मैनपुरी फाटक से संबंधित मोहल्ला वैशालीपुरम की विद्युत आपूर्ति सात घंटे तक बंद रहेगी।

जेई विनयशील ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

# डीएम और एसएसपी होंगे सम्मानित

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के जनपद में संचालित होने वाले कार्यक्रमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात नियमों को आम जनमानस में जागरुकता के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस जागरुकता से एवं यातायात नियमों के पालन करने से जनपद में सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में वर्ष 2022 के सापेक्ष 17.2 फीसदी की कमी हुई। जनपद इटावा का स्थान प्रदेश में द्वितीय रहा। दिनांक 27 फरवरी को डीएम एवं एसएसपी को सम्मानित किया जायेगा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैंफई-इटावा**

पत्रांक: मेमो/निविदा विज्ञप्ति-ग्रा0पं0अ0/2023-24 दिनांक: 22.02.2024

**अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति**

ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैंफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैंफई-इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टरों से निविदायें/ टेण्डर दिनांक 23.02.2024 से 26.02.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 27.02.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.02.2024 से 26.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से सम्बधित नियम /नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | योजना | कार्य का विवरण | अनुमानित सामग्री लागत | धरोहर धनराशि (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | मनरेगा | ग्राम पंचायत सहसारपुर में नरोत्तम के घर से जबर सिंह के घर तक इण्टर लॉकिगं निर्माण कार्य। | 595569 | 11912 | 200 |

ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सहसारपुर विकास खण्ड सैफई।



**कार्यालय ग्राम पंचायत मनगाँव विकास खण्ड सैफई-इटावा।**

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत मनगाँव/निविदा प्रकाशन/2023-24/ दिनांक: 23.02.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत मनगाँव सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत मनगाँव विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 24.02.2024 से 28.02.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 28.02.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.02.2024 से 28.02.2024 तक ग्राम पंचायत मनगाँव सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते हैं। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नगला मंगली में मनोज के घर से सूबे के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 372409.78 | 7448.18 | 300 |
| 2 | नगला सिंह में सीसी से अमृत सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 146349.02 | 2926.98 | 300 |
| 3 | मड़ा की शीशी से रामसेवक के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 137674.16 | 2753.48 | 300 |
| 4 | मड़ा की सीसी से टिल्लू के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 192447.95 | 3848.94 | 300 |
| 5 | नगला ईश्वरी में पक्की सड़क से सतीश के घर होते हुए रामफल के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 15वां वित्त 9वां वित्त | 419431.67 | 8388.62 | 300 |

निविदा की शर्तें ग्राम पंचायत मनगाँव कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/टेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वत: निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत मनगाँव, विकास खण्ड सैफई (इटावा) सचिव


तैयारी

## जुलाई में रामनगर फ्लाईओवर से स्कूल जाएंगे बच्चे, इस योजना से आम लोगों को होगी सुविधा

# एक साल में शहर के हर घर तक पहुंचे पीएनजी : सांसद

कार्यालय संवाददाता इटावा


गायत्री पार्क के कार्यक्रम में भाग लेते सांसद डॉ. राम शंकर कठेरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा है कि घर घर गैस पहुंचाने का काम तेजी से किया जाए और एक साल के अंदर शहर के सभी घरों में पीएनजी पहुंच जाए। टोरंटो पीएनजी गैस के ड्राइव की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि यह योजना आम लोगों के लिए काफी फायदेमंद और सुविधाजनक है।

यहां गायत्री पार्क में इस ड्राइव का उद्घाटन करते हुए सांसद डॉ.. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि पहले बड़े शहरों में यह सुविधा मिलती थी लेकिन अब इटावा में भी लोगों के घरों तक रसोई गैस पहुंचने लगी है इससे सिलेंडर आदि के झंझटों से छुटकारा मिल जाएगा। उन्होंने पीएनजी के कर्मचारियों से कहा कि एक साल में हर घर में पीएनजी पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि पीएनजी एलपीजी से सस्ती पड़ती है और आसानी से सुलभ होती है।

सांसद ने इटावा लोकसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यो की चर्चा करते हुए कहा कि रामनगर फाटक पर फ्लाई ओवर बनाना बहुत जरूरी था।

सपा नेताओं के आवास लाइन के इस पार है और कई बार सरकार रहने के बाद भी सपा ने यह काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब यह कार्य तेजी से चल रहा है और जुलाई तक पूरा हो जाएगा। जुलाई में स्कूल खुलने पर बच्चे इसी फ्लाईओवर से स्कूल जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि लाइनपार से जलभराव की समस्या का निदान भी कराया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

टोरंटो के उपाध्यक्ष राम मनोहर ने सांसद का स्वागत किया। सभासद अतुल पचौरी, पूर्व सभासद राकेश पाल, वरिष्ठ नागरिक हरी नारायण चतुर्वेदी, रवीन्द्र गुप्ता, व्यापारी नेता आलोक दीक्षित,भाजपा नेता अंशुल दुबे, अरविन्द दीक्षित, अमित तिवारी मानू, सीपू चौधरी, नवल शुक्ला व टोंरटो के अधिकारी मौजूद रहे।

### पूर्व सासंद ने की वर्तमान सांसद की तारीफ

**इटावा।** पीएनजी ड्राइव के उद्घाटन के मौके पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया द्वारा कराए गए विकास कार्यो केलिए उनकी जमकर प्रशंसा की। श्री शाक्य ने कहा कि वे भी दो बार सांसद रहे हैं और उन्हे पता है कि बड़े काम कराने में कितनी कठिनाई होती है लेकिन डॉ. रामशंकर कठेरिया ने फ्लाईओवर बनवाने के साथ ही स्टेशन पर सीढ़िया, लिफ्ट लगवाई और कई ट्रेनों को इटावा के साथ ही भरथना और फफूद जैसे स्टेशनों पर भी ठहराव कराया।

# भाजपा सहकारिता कार्यकर्ता अपने बूथ मजबूत करें

कार्यालय संवाददाता, इटावा


भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक मे भाग लेते अभिवन दीक्षित व अन्य।

**अमृत विचार।** भाजपा जिला कार्यालय पर सहकारिता प्रकोष्ठ के विधानसभा संयोजकों और सह संयोजकों की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कमजोर बूथों पर सहकारिता कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य जल्द से जल्द पूरा करने का आह्वान किया गया।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय उपभोक्ता भंडार इटावा एवं औरैया के चेयरमैन अभिनव दीक्षित ने की। बैठक का संचालन जिला संयोजक गोविंद शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपभोक्ता भंडार इटावा के डायरेक्टर नरेंद्र बरुआ,संजीव पांडे, सुबोध गुप्ता, रिचा मिश्रा, ध्रुव कठेरिया, निर्मल दुबे आदि उपस्थित रहे। बैठक में केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के चेयरमैन अभिनव दीक्षित ने अबकी बार 400 पार के लिए कमजोर बूथों पर पूरी रणनीति और मजबूती के साथ इटावा में बूथों को ए श्रेणी में लाने का सफल प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने बैठक में आगामी समय में संपन्न होने वाले महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा सहकारीजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया और सहकारीजनों की सूची भी जल्द से जल्द तैयार करने पर जोर दिया।







अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। इस दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के भी शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा राजधानी से रायबरेली, अमेठी, लखनऊ आदि जिलों से गुजर चुकी है। पूर्व में सपा प्रमुख के यात्रा में शामिल होने की चर्चा थी, पर वह शामिल नहीं हुए। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के सीटों पर समझौता होने के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय उन्हें यात्रा का न्योता देने सपा मुख्यालय पहुंचे थे। सूत्रों ने बताया कि सपा प्रमुख ने 25 फरवरी को यात्रा में शामिल होने पर सहमति दी है।

# 100 प्रत्याशियों की जारी होगी भाजपा की पहली सूची

## लोकसभा चुनावः मार्च के पहले सप्ताह में सूची जारी करने की तैयारी, प्रत्याशी चयन पर हो रहा मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहली सूची में प्रदेश में हारी हुई 14 लोस सीटों के प्रत्याशियों के होंगे नाम
- प्रत्याशियों को जनता तक पहुंचने का पूरा मौका देने का प्रयास कर रही भाजपा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा की पहली सूची में करीब 100 प्रत्याशियों के नाम होने की भी बात कही जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा फोकस है। इसके अलावा कई प्रदेशों की हारी हुई सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। उप्र में भी भाजपा के 14 प्रत्याशी पिछले लोकसभा चुनाव में हार गए थे। साथ ही 10 सीटों पर उनकी जात का अंतर भी कम था। ऐसी सीटों को लेकर भाजपा नेतृत्व ज्यादा सतर्क है। मिशन-80 साधने के लिए भाजपा इन सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मौका देना चाहता है, ताकि कोई कोर कसर न रहे।

**लोकसभा की 160 सीटों पर फोकसः** भाजपा लोकसभा चुनाव में पूरी शक्ति और क्षमता के साथ उतरने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने लोकसभा की ऐसी करीब 160 सीट पहले से ही चयनित कर रखी है, जिनमें या तो भाजपा जीत नहीं पाई थी या फिर बहुत कम अंतर से चुनाव जीती थी। यहां पहले ही कलस्टर प्रभारी तैनात कर काम कर रही है।

### 10 लोकसभा सीटें जीतने में छूट गए थे पसीने

उप्र में सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को पिछली बार 10 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए पसीने बहाने पड़े थे। इसमें मछलीशहर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को महज 181 वोटों से जीत मिली थी। जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर संजीव बालियान मात्र 6,526 वोटों से जीते। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर भी राजेंद्र अग्रवाल मात्र 4,729 वोटों से जीत पाए। सपा की गढ़ रही कन्नौज सीट पर भी पिछली बार भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को मात्र 12,353 वोटों से हराया था। चंदौली लोकसभा सीट पर महेंद्र नाथ पांडेय करीब 14 हजार वोट से जीते थे। सुल्तानपुर में मेनका गांधी भी महज 14,526 वोटों से जीत सकीं। बलिया में भी सिर्फ 15,519 वोटों से वीरेंद्र सिंह मस्त जीते। पश्चिम की बदायूं लोकसभा सीट पर संघमित्रा मौर्य को भी मात्र 18,454 वोटों से जीत हासिल हुई। बागपत सीट पर सत्य पाल सिंह भी मात्र 23,502 वोटों से जीत पाए थे। दूसरे स्थान पर रालोद के जयंत चौधरी थे, जो अब भाजपा गठबंधन के तहत यह लोकसभा सीट ले सकते हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर पिछली बार भाजपा चंद्रसेन जौदान 28,781 वोटों से जीते थे। उनकी जीत का अहम फैक्टर था कि पिछली बार बागी होकर शिवपाल सिंह यादव ने ताल ठोकी थी, और 91869 वोट हासिल हुए थे। इस बार शिवपाल सपा के साथ हैं। ऐसे में भाजपा के लिए इस सीट पर जीत हासिल करना आसान नहीं होगा।

# विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चार मार्च से मतदान शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन की अधिसूचना चार मार्च की जाएगी। इसी दिन से प्रत्याशी नामांकन शुरू कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे।21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

### इनका कार्यकाल होगा समाप्त

भाजपा के डॉ. महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा,अशोक कटियार, अशोक धवन,बुक्कल नवाब,यशवंत,विजय बहादुर पाठक, -विद्यासागर सोनकर, डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, निर्मला पासवान, अपना दल केआशीष पटेल, सपा के नरेश उत्तम पटेल व बसपा के भीमराव अंबेडकर।

# छह का लैब टेस्ट, जारी किया तीन हजार उत्पादों का हलाल प्रमाण पत्र

## प्रमाण पत्र जारी करने वाली सात संस्थानों की कुंडली खंगाल रही एसटीएफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहम्मद मदनी और हलाल काउंसिल के पदाधिकारियों के खातों की जांच शुरू
- प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की हुई वसूली हजरतगंज में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचारः** हलाल प्रमाण पत्र में एसटीएफ के हाथ कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। इसमें हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया ने जिन 3000 उत्पादों को हलाल प्रमाण पत्र जारी किया था। उनमें से सिर्फ छह का ही लैब टेस्ट कराया गया था। इन जांच के साक्ष्य मिले है। बाकी अन्य उत्पादों जांच कराए जाने के प्रमाण नहीं मिले। प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली की गई। वहीं, कोर्ट दायर याचिका का जवाब भी तैयार किया जा रहा है।

स्पेशल टास्क फोर्स ने हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली करने के मामले में हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया, मुंबई के अध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ हजरतगंज थाने में पिछले साल नवंबर माह में केस दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में अध्यक्ष मौलाना हबीब युसुफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुइदशीर सपाडिआ, जनरल सेक्रेटरी मो. ताहिर जाकिर हुसैन चौहान और ट्रेजरार मो. अनवर शामिल है।

**याचिका का तैयार किया जा रहा जवाब :**वहीं, हलाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। यह याचिका मदनी की करीबी वकीलों ने दायर की। इसका जवाब भी तैयार किया जा रहा है। एसटीएफ की टीम ने मुकदमे से संबंधित सारे दस्तावेज जुटा लिए है। कोर्ट में दायर याचिका के हर बिंदु पर जवाब विधि विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किए जा रहे हैं।

**हवाला कारोबार से कनेक्शन का संदेहः** एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक हलाल प्रमाण पत्र जारी करने का अवैध कारोबार हवाला से जुड़ने का संदेह गहराता जा रहा है। इसमें कई ऐसे लेन-देन सामने आये हैं। जो कोडवर्ड और पर्चो के जरिए किए गए हैं। एसटीएफ की टीम इस बारे में भी जांच कर रही है। अधिकारी के मुताबिक रुपये लेने के कई तरीके अपनाए गए। इसमें बैंक खातों में सिर्फ दिखावे की रकम मंगाई जाती थी। वहीं, कई एजेंसी व ट्रस्ट ने हवाला के जरिए भी रुपये वसूले हैं। इसका ब्योरा जुटाया जा रहा है।

**7-8 संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही एसटीएफ :**हलाल प्रमाण पत्र मामले में पिछले साल नवंबर से ही एसटीएफ कई संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही है। इसमें 7-8 एजेंसी व ट्रस्ट के नाम सामने आये। इनमें प्रमुख रूप से हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट और हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया प्रमुख है। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ की टीम इन सभी संस्थाओं के खातों की डिटेल जुटा रही है।

### मदनी से छह घंटे हुई थी पूछताछ

चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट के चीफ महमूद मदनी को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया। उनसे छह घंटे की पूछताछ की गई। इस दौरान हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में कई सवाल किए गए। एसटीएफ की टीम ने मदनी से खाते के बारे में भी जानकारी मांगी। मामले के विवेचक व एसटीएफ के विवेचना टीम अधिकारी के मुताबिक महमूद मदनी से दोबारा पूछताछ की जाएगी। इस मामले से संबंधित कई जरूरी दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं।

# भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति

## प्रधानमंत्री मोदी ने बीएचयू में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्वतंत्रता भवन समागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है।

प्रधानमंत्री ने बीएचयू में आयोजित समारोह में अपने उद्बोधन में कहा कि महामना के इस प्रांगण में सभी विद्वानों खासकर युवा विद्वानों के बीच आकर ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने जैसा अनुभव हो रहा है। काशी समय से भी प्राचीन कही जाती है। इसकी पहचान को हमारी आधुनिक युवा पीढ़ी इतनी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है, ये दृश्य हृदय में संतोष भर देता है और ये विश्वास दिलाता है कि अमृत काल में आप सब देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

**विजेताओं और प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं :** प्रधानमंत्री ने काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद ज्ञान प्रतियोगिता और सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को उनके परिश्रम और प्रतिभा के लिए बधाई दी। यहां उन्होंने दो बुकलेट भी विमोचित की जिसमें यहां हुए विकास के हर पड़ाव और संस्कृति का वर्णन किया गया है। इसके अलावा जितनी भी सांसद प्रतियोगिताएं काशी में आयोजित की गई हैं, उनपर भी छोटी छोटी पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय, काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी, मंत्री दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', रवींद्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### परिवारवादी पार्टियों ने प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने की कोशिश की : प्रधानमंत्री

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सीर गोवर्धनपुर स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गुरु के 647वें प्रकाशपर्व समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। देश में पहली आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का किन किन लोगों ने विरोध किया था, ये हर कोई जानता है। ये सब वही परिवारवादी पार्टियां हैं, जिन्हें चुनाव के वक्त दलित की याद आने लगती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं।

### प्रधानमंत्री के प्रयास से यूएई में बना पहला हिंदू मंदिरः योगी

लखनऊ/वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहला हिंदू मंदिर बना है। बीते सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर प्रधानमंत्री काशी में पधारे हैं। योगी ने कहा कि गुरुवार रात 11 बजे भी अपने संसदीय क्षेत्र काशी में रहकर प्रधानमंत्री को आप सभी ने विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए देखा होगा। रात्रि 11 बजे जब दुनिया सोती है, तब प्रधानमंत्री जगकर आपके हित में कार्य कर रहे थे। उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित सांसद खेलकूद, सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण को संबोधित करते हुए कहीं।

# ... तो 10 जिलों ने ज्यादा डिलीट किए जॉब कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनरेगा में किसी कारण शिफ्ट या मृत श्रमिकों के जॉब कार्ड 10 जिलों में सर्वाधिक डिलीट किए गए हैं। इसमें पारदर्शित बरती गई या नहीं इसका परीक्षण कराने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दिए गए हैं। जिलों में मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड डिलीट करने हैं। उनमें वह श्रमिक शामिल हैं जो कहीं शिफ्ट हो गए या फिर उनकी मृत्यु हो गई है। या फिर ग्राम पंचायत नगर में शामिल होने के कारण काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे प्रदेश में 56,01,146 जॉब कार्ड डिलीट किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, सीतापुर, बस्ती, हरदोई, आजमगढ़, गाजीपुर, बहराइच, जौनपुर व कुशी नगर ने कार्ड डिलीट किए हैं। इन जिलों में संख्या अधिक होने के कारण कार्रवाई उचित हुई या नहीं इसका परीक्षण कराया जाएगा। संयुक्त आयुक्त मनरेगा अनिल कुमार पांडेय ने सभी जिले से रिपोर्ट मांगी है।

# प्रदेश बनेगा मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, टूरिज्म, एनर्जी और फॉर्मा का हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुनिया में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर प्रदेश मजबूत स्थिति में

**अमृत विचारः** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश विकास की नई गाथा लिखने जा रहा है। 10 लाख करोड़ से अधिक धनराशि की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं के भूमिपूजन से न सिर्फ विकास को गति मिलने जा रही है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी सुपर बूस्टअप मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में अभी प्रदेश 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है, इसमें और वृद्धि होगी और दूसरे स्थान पर स्थिति और मजबूत होगी।

जीबीसी-4 के बाद प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, फॉर्मा, एनर्जी, डाटा सेंटर, एमएसएमई, रिन्यूएबल एनर्जी, रीयर एस्टेट, वेस्ट मैनेजमेंट समेत अनेक सेक्टर्स में प्रदेश का दबदबा बढ़ने जा रहा है। सर्वाधिक 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में परियोजनाएं आने से प्रदेश इसका हब बनेगा।

इसके अतिरिक्त रिन्यूएबल एनर्जी में 13 प्रतिशत, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में 9 प्रतिशत, पावर में 8 प्रतिशत, फूड प्रॉसेसिंग में 6 प्रतिशत, रीयल एस्टेट में 6 प्रतिशत, एमएसएमई में 5 प्रतिशत, हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेनमेंट में 3 प्रतिशत, वेस्ट मैनेजमेंट में 3 प्रतिशत और एजुकेशन में 3 प्रतिशत निवेश हुआ है। जाहिर है इन सभी सेक्टर में प्रदेश क्षमता बढ़ेगी, अधिक वर्कफोर्स लगेगा, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के विकास और इसकी अर्थव्यवस्था को होगा। इसके अतिरिक्त हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरीज, डेयरी, कोऑपरेटिव्स, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फॉर्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्बैंड्री जैसे सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर निवेश अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होगा।

साथ ही प्रदेश अब जॉब क्रिएटर बन रहा है। सभी 75 जनपदों में निवेश से हर जनपद में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। 56 प्रतिशत कामगार आबादी वाला प्रदेश अब भारत के अर्थ शक्ति पुंज वाला प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

### पर्यटन से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

जीबीसी 4.0 के तहत पर्यटन स्थलों पर भी विकास परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। पर्यटन स्थलों पर विकास होने से यहां पर्यटकों का आमद बढ़ेगी, जिससे इन स्थलों की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी और लोगों को रोजगार मिलेगा। उदाहरण के तौर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक 60 से 65 लाख लोगों ने यहां दर्शन किए हैं। काशी और मथुरा-वृंदावन भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। प्रयागराज में अगले वर्ष लाखों-करोड़ों लोग महाकुंभ में स्नान करेंगे।

### रीढ़ बनेंगी एमएसएमई इकाईयां

जीबीसी 4.0 के ताजा आंकड़ों पर नजर डालें तो एमएसएमई के तहत 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं का भी शुभारंभ हुआ है। प्रदेश में अभी 96 लाख से अधिक एमएसएमई यूनिट हैं। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत के साथ अब इनका एक करोड़ के पार जाना सुनिश्चित है। प्रदेश सरकार ने एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने के लिए विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की शुरुआत की है। इसी वजह से बड़ी संख्या में एमएसएमई को लेकर निवेश हो रहा है, जो प्रदेश के विकास में नया आयाम स्थापित करेगा।


## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## सुडोकू-69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 17.59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गुरु रविदास जयंती। दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 22.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।

**वृष** – आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन** – आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कर्क** – आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।

**सिंह** – आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

**कन्या** – आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।

**तुला** – आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**वृश्चिक** – आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

**धनु** – आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** – आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।

**कुंभ** – आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

**मीन** – आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- खेल – सुबह : 10.00
- शान – रात : 07.00

**Sony Max**
- परिनीता – सुबह : 09.21
- हुड़दंग – शाम : 05.24

**Sony Pix**
- एनाकोंड्रास – सुबह : 10.13
- जर्नी 2 – रात : 09.00

**Zee Cinema**
- गंगाजल – सुबह : 10.30
- कहो ना...प्यार है – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- गब्बर इज बैक – सुबह : 09.36
- देवदास – रात : 09.24

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज** | |
| गेहूं दड़ा | 2525-2550 |
| आरआर.21 | 2700-2750 |
| गेहूं फारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़द हरा | 10000-10200 |
| उड़द काला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहर फूल | 14600-14800 |
| अरहर स्पेशल1 | 12100-12200 |
| चना दाल | 7100-7200 |
| मटर दाल | 5000-5100 |
| मसूर दाल | 7000-7050 |
| उड़द दाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूंग दाल | 8800-10300 |
| मूंग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं1. | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं2. | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाह पसंद | 1430-1475 |
| धनिया | 6000-13000 |
| लाल मिर्च | 28000-34000 |
| जीरा | 58000-62000 |
| अजवाइन | 20000-28000। |

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

## अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

# रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,400-47,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

मुंबई, एजेंसी

- बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।


## मारुत ड्रोन को मिला धान की सीधी बुवाई उपकरण के लिए पेटेंट

**नई दिल्ली।** तेलंगाना स्थित मारुत ड्रोन को अपने 'मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण' के लिए पेटेंट मिला है। इस ड्रोन की मदद से धान की सीधी बुवाई की जा सकती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत 20 वर्षों के लिए दिया गया दुनिया का पहला जनकेंद्रित पेटेंट है। यह पेटेंट मारुत के सीधे बीज बोने वाले चावल ड्रोन को मान्यता देता है। इसे प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू) के सहयोग से विकसित किया गया है। इसमें एक मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण शामिल है।

# मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

इंदौर, एजेंसी

- इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म



भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

## पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।



पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

### शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

### संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला



कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

## एक नजर

### नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## गुजरात: नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

**गांधीनगर।** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में 350 करोड़ का ड्रग्स जब्त करने में एक और बड़ी सफलता मिली है। संघवी ने एक्स पर पोस्ट में शुक्रवार को कहा है कि गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली किनारे पर छापा मारकर नौका से 350 करोड़ रुपये के हेरोइन ड्रग्स के 50 किलो सीलबंद पैकेट जब्त किए हैं। ऑपरेशन को एसओजी एवं एनडीपीएस की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए इस ऑपरेशन के तहत नौ लोगों को पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि गुजरात पुलिस की सतर्कता से ड्रग्स के खिलाफ का यह बहुत बड़ा अभियान सफलता की नई मंजिल की ओर बढ़ रहा है।

## होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**हावड़ा/कोलकाता।** भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस छापेमारी के दौरान कथित तौर पर भाजपा नेता द्वारा संचालित होटल से कई लड़कियों और महिलाओं को बचाया गया।

## पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया, लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

# कांग्रेस को उम्मीद: आप व तृणमूल के साथ जल्द हो जाएगा गठबंधन

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे की घोषणा के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आप के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है तथा तृणमूल कांग्रेस के साथ बातचीत जारी है।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस और आप दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में सीटों के तालमेल पर सहमत हैं, लेकिन गुजरात की भरूच सीट को लेकर पेंच फंसा है, क्योंकि दिवंगत अहमद पटेल के कारण पार्टी के लोगों की 'भरूच से भावना' जुड़ी है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में उत्तर मध्य दिल्ली लोकसभा सीट को लेकर पेंच फंसा है, लेकिन इसका समाधान जल्द निकाल लिया जाएगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि राहुल गांधी भरूच सीट आप को दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'भरूच से भावना जुड़ी है। हमें उम्मीद है कि बहुत जल्द इस मामले का समाधान हो जाएगा और कांग्रेस एवं आप के बीच सीट बंटवारे की घोषणा हो जाएगी।' उधर, कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत अहमद पटेल के पुत्र फैसल पटेल ने भरूच सीट आप के खाते में नहीं जाने का फैसला होने का संकेत दिया।

## जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विस के उपाध्यक्ष चुने गए

**पटना।** जनता दल यूनाइडेट (जद यू) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यादव को सदन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। इस पद पर अपनी नियुक्ति के बाद विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा, 'मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं मुख्यमंत्री और अन्य राजग नेताओं का आभारी हूं। मैं समझता हूं कि जिस पद के लिए मुझे चुना गया है, उसका महत्व है। मैं सदन के सभी विधायकों को आश्वस्त करता हूं कि मैं अपना संवैधानिक कर्तव्य निभाते हुए निष्पक्ष रहूंगा।'

# विशेष योजनाएं लागू करने के निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि बेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख-कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, "यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर है कि वह वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें। पीठ ने कहा, "जब खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'अधिकार आधारित दृष्टिकोण' के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है और जब लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते उक्त अधिनियम के तहत अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी भारत संघ और राज्यों द्वारा बनाई और कार्यान्वित की गई हैं, तो हम उस संबंध में कोई और दिशा देने का प्रस्ताव नहीं करते।"

## एक नजर

### चीनः बांध के निर्माण को लेकर बौद्ध भिक्षुओं का विरोध प्रदर्शन

**बीजिंग।** चीन अक्सर अपने आक्रामक रुख के लिए सुर्खियों में रहता है। आए दिन चीन अपने पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद को लेकर बवाल खड़ा करता रहा है। अब चीन के सुरक्षा अधिकारी अपने ही देश के भीतर उठ रही विरोध की आवाज को कुचलने का काम कर रहे हैं। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में एक विशाल बांध के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन को दबाने के लिए चीन के सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बौद्ध भिक्षुओं और स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। तमाम प्रदर्शनकारियों का मानना है कि अगर यहां बांध का निर्माण होता है, तो जल क्षेत्र में छह बौद्ध मठ डूब जाएंगे और दो गांवों को विस्थापित होना पड़ेगा।

### तरनतारन में बीएसएफ ने बरामद की आधा किलो हेरोइन

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के तरनतारन जिले से लगभग 519 ग्राम हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक विशेष जानकारी के बाद तरनतारन जिले के गांव डल में बीएसएफ जवानों और पंजाब पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। प्रवक्ता ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट सफलतापूर्वक बरामद किया। पैकेट को पीले चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था और लोहे के तार से बांधा गया था। यह बरामदगी तरनतारन जिले के गांव डल के नजदीक डीसीबी रोड पर लोहे के पुल के पास हुई।

### पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाला पत्रकार गिरफ्तार


**लाहौर।** पाकिस्तान में सेना की आलोचना करने वाले पत्रकार पर कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। टीवी एंकर और यूट्यूबर इमरान रियाज खान को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रियाज खान का कहना है कि उन्हें झूठे केस में गिरफ्तार किया गया है। वह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक हैं। पंजाब की भ्रष्टाचार निरोधक संस्था की ओर से कहा गया है कि इमरान रियाज खान और उनके पिता पर चकवाल में धाराबी झील से संबंधित एक अनुबंध को अधिक कीमत पर हासिल करने का आरोप है।

### अमेरिकी उप विदेश मंत्री भारतीय अधिकारियों से मिले, मुद्दों पर चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य दोनों देशों की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के साथ ही सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना था। अमेरिकी विदेश विभाग में रिचर्ड वर्मा सर्वोच्च पद पर आसीन भारतीय अमेरिकी हैं। वह भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत भी रह चुके हैं। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को कहा कि रिचर्ड वर्मा ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विनय मोहन क्वत्रा आदि से मुलाकात की। बैठक के दौरान स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका-भारत सहयोग मजबूत पर चर्चा हुई।

# आदित्य-एल1: पेलोड ने दी सूर्य से आने वाले सौर वायु प्रभाव की जानकारी

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 पर लगे पेलोड के उन्नत सेंसरों ने कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) के प्रभाव का सफलतापूर्वक पता लगा लिया है। इसरो के एक बयान में कहा गया है, 15 दिसंबर, 2023 को सीएमई, एक एकल घटना थी। इस अवधि के दौरान पीएपीए अवलोकनों ने कुल इलेक्ट्रॉन और आयन गणना में अचानक वृद्धि देखी गई।"

इसरो के अनुसार, पेलोड के उन्नत सेंसर एक ऊर्जा और द्रव्यमान विश्लेषक है जिसे कम ऊर्जा सीमा में सौर पवन इलेक्ट्रॉनों और आयनों के इन-सीटू माप के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें दो सेंसर हैंः सौर पवन इलेक्ट्रॉन ऊर्जा जांच और सौर पवन आयन संरचना विश्लेषक शामिल है। एकत्र किए गए डेटा से कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से 15 दिसंबर, 2023 और 10-11 फरवरी, 2024 के दौरान हुई घटनाओं की घटना का पता चला है। बता दें, पेलोड के उन्नत सेंसरों को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला और एवियोनिक्स इकाई द्वारा विकसित किया गया है। इसरो के बयान में कहा गया है कि पीएपीए द्वारा की गई जानकारियां अंतरिक्ष मौसम की स्थिति की निगरानी में इसकी प्रभावशीलता और सौर घटनाओं का पता लगाने और विश्लेषण करने की क्षमता पर जोर देते हैं। गौरतलब है कि, पीएसएलवी-सी57 रॉकेट द्वारा आदित्य-एल1 को 2 सितंबर को इसरो द्वारा सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। अंतरिक्ष यान सूर्य का अध्ययन करने के लिए सात पेलोड ले गया है।

# गाजा में 90 फीसदी लोग भुखमरी के शिकार

*राफा/तेल अवीव। मिस्र की सीमा से सटे राफा शहर में 14 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। यहां रहने वाले अधिकांश लोग वो हैं, जो उत्तर गाजा में इजराइली सेना के हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाई से बचने के लिए बेघर होने के बाद यहां पहुंचे हैं। दुनियाभर से मिलने वाली राहत में कटौती के बाद यहां रहने वाले 90 फीसदी लोग भूखमरी का सामना कर रहे हैं। हर रोज हजारों परिवारों के बच्चों और महिलाओं को पेट भर खाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इजराइली हमलों के बाद यहां गिनी-चुनी बेकरी बच्ची है, जहां खाने के लिए हंगामा सामान्य है। गाजा में चल रही जंग के चलते 23 लाख की आबादी वाले गाजा के 80 फीसदी लोग बेघर हो गए हैं।*

### रमजान से पहले सभी बंधक रिहा करे हमासः इजराइल



इजराइल की युद्ध कैबिनेट में शामिल बेनी गेंज ने चेतावनी दी है कि अगर रमजान से (संभवत: 10 मार्च) से पहले हमास ने सभी बंधकों को रिहा नहीं किया तो राफा में इजराइली सेना कार्रवाई शुरू कर देगी। बेनी गेंज को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का करीबी माना जाता है। वहीं, अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल प्रशासन ने फैसला किया है कि रमजान के दौरान फिलिस्तीनी लोगों को अल अक्सा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसे लेकर तनाव बढ़ गया है।



### अब तक कितने लोगों की हुई मौत

गाजा में मरने वाले लोगों की संख्या 29 हजार के पार हो गई है। हमास के कब्जे वाले स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले 24 घंटे में 107 लोगों की मौत हुई है। इसी के साथ 7 अक्टूबर से अब तक मरने वालों का आंकड़ा 29,092 हो गया है। वहीं, 69 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। मृतकों और घायलों में आधे से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। वहीं, इजराइल में हमास के हमले में 1200 लोगों की मौत हुई है, जबकि 250 लोगों को बंधक बना लिया गया है। इनमें से 130 से ज्यादा लोग अभी भी हमास के कब्जे में हैं।

# जबरन रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती विदेश मंत्रालय बोला-जंग से दूर रहें युवा

## रणधीर ने कहा- युवाओं को वापस लाने के लिए रूस के संपर्क में भारत सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस-यूक्रेन की बीच जारी जंग में जबरन रूसी सेना में भारतीय युवाओं को भर्ती किए जाने पर विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीयों से अपील की है जंग से दूर रहें, और सावधान रहें।



रूस में फंसे भारतीयों के मामले में विदेश मंत्रालय ने मदद का भरोसा दिलाया है। सरकार ने कहा है कि रूसी सेना के साथ सपोर्ट स्टाफ के रूप में काम कर रहे लोगों को सुरक्षित भारत लाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के रूप में कार्यरत भारतीयों को जल्द मुक्त कराने के लिए मॉस्को से लगातार संपर्क में बनी हुई है। भारत ने अपने नागरिकों से कहा है कि रूस के साथ जारी युद्ध के कारण हिंसाग्रस्त इलाकों में जाने से बचें।

विदेश मंत्रालय का बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई कि कुछ भारतीय युद्धग्रस्त इलाकों में रूसी सेना के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं।

जायसवाल ने कहा, सरकार इस बात से अवगत है कि कुछ भारतीय रूसी सेना में सहायक पदों पर नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मॉस्को में भारतीय दूतावास नियमित रूप से इस मामले पर संबंधित रूसी अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की शीघ्र वापसी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे 100 से ज्यादा भारतीय



रूस की सेना की तरफ से 100 से ज्यादा भारतीय युद्ध लड़ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया है कि पिछले एक साल के दौरान सौ से ज्यादा लोगों को मॉस्को स्थित भर्ती केंद्र से भर्ती किया गया था। रिपोर्ट में सामने आया है कि रूसी सेना के साथ लड़ने वाले अधिकांश भारतीय युद्ध शुरू होने के बाद टूरिस्ट वीजा पर रूस गए थे। साथ ही, वास्तव में रूस की सेना में शामिल होने वाले भारतीयों की संख्या और अधिक हो सकती है क्योंकि यह आंकड़ा सिर्फ मॉस्को का है। देश के कई हिस्सों में भी रूसी सेना के रिक्रूटमेंट सेंटर हैं। उन्होंने कहा है कि इन लोगों को रूसी सेना में भर्ती किए जाने से पहले कोई पैसा नहीं लिया गया था। रूसी सेना का कॉन्ट्रेक्ट एक साल का है और किसी भी व्यक्ति को 6 माह से पहले न तो छुट्टी मिलती है और न ही वह सेना छोड़ सकता है। सेना में शामिल होने वाले भारतीय युवाओं को 1.95 लाख रुपये मासिक वेतन और 50 हजार से अतिरिक्त बेनिफीट का प्रावधान है। हेल्पर के रूप में भर्ती होने के बाद कहां तैनात किया जाएगा, यह फैसला कमांड लेती है। उन्हें युद्ध के मोर्चे या फिर पोर्टर का काम करने के लिए कहा जा सकता है।

# शादी को अवैध करार देने के फैसले को इमरान बुशरा ने दी चुनौती



**इस्लामाबाद।** कई मामलों में जेल की सजा काट रहे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के अलग-अलग निचली अदालत में गैर इस्लामिक शादी मामले में फैसले को चुनौती दी है।

दरअसल, इस मामले में दोनों को सात साल की जेल की सजा हुई थी और कोर्ट ने उनकी निकाह को भी अवैध घोषित किया था। इस महीने की शुरुआत में, पिछले साल नवंबर में बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मेनका द्वारा दायर एक मामले में इस महीने की शुरुआत में सुनवाई हुई। इस दौरान एक ट्रायल कोर्ट ने इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को 'इद्दत' के दौरान शादी का अनुबंध करने के लिए सात साल की जेल की सजा सुनाई गई और प्रत्येक पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। मीडिया के मुताबिक, जिला एवं सत्र अदालत शुक्रवार को अपील पर सुनवाई करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बुशरा बीबी ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को रद करने की मांग करते हुए अपने वकीलों के माध्यम से अदालत में अपील दायर की।

# सरोगेसी कानून शीर्ष कोर्ट के सवाल के बाद हुआ संशोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अब पीड़ित दंपती को अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग को होगी अनुमति

सुप्रीम कोर्ट के सवाल उठाने के बाद सरोगेसी नियमों में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके बाद यदि पति-पत्नी में से कोई चिकित्सीय समस्या से पीड़ित है तो उन्हें दाता के अंडाणु या शुक्राणु का उपयोग करने की अनुमति होगी। बता दें, केंद्र सरकार ने हाल ही में किराए की कोख यानी सरोगेसी से जुड़े कुछ नियमों में बड़ा बदलाव किया है।

इन नियमों के बदलाव से देश के लाखों ऐसे दंपती को भी राहत मिलेगी, जो अपने घर में किलकारी सुनना चाहते हैं। सरोगेसी कानून के तहत, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अब तक बने कानून के अनुसार स्पर्म और एग सेल्स पति-पत्नी का ही होना चाहिए, लेकिन केंद्र सरकार ने इन नियम में अब संशोधन कर दिया है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की एक पीठ ने पिछले साल दिसंबर में दो दर्जन से अधिक याचिकाकर्ताओं को सरोगेसी के जरिए मां बनने के लिए दाता अंडे (एग) का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हुए कहा था कि इस तरह के नियमों से सरोगेसी का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले के नियमों में संशोधन किया है, जिसमें कहा गया था कि सरोगेसी से गुजरने वाले जोड़ों के पास इच्छुक जोड़े से दोनों युग्मक होने चाहिए। जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि कई महिलाओं द्वारा शिकायतों के बावजूद निर्णय क्यों नहीं लिया जा रहा है।

### यौन इच्छा नियंत्रण की सलाह वाली टिप्पणी पर शीर्ष कोर्ट करेगा सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह दो मई को कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले से जुड़े मामले में सुनवाई करेगा जिसमें न्यायाधीशों ने लड़कियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण' करने की सलाह दी थी। शीर्ष अदालत इस संबंध में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर अपील पर भी उसी दिन सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कथित यौन उत्पीड़न के एक मामले में उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों पर संज्ञान लिया था।

### सड़कों पर उतरे हजारों लोग...






**ब्रातिस्लावा :** यूरोपीय देश स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में हजारों लोग अभिव्यक्ति की आजादी के लिए सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। करीब 55 लाख की आबादी वाले स्लोवाकिया में हर साल 21 मार्च को 'फॉर डिसेंट स्लोवाकिया' रैली का आयोजन होता है। सरकार विरोधी प्रदर्शनों की लहर के बीच एक खोजी पत्रकार और उसकी मंगेतर की हत्या की छठी बरसी मनाने के लिए स्लोवाकिया के दर्जनों शहरों और कस्बों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। बता दें, 21 फरवरी 2018 को वेल्का मैका शहर में 27 वर्षीय जान कुसियाक और मार्टिना कुशनिरोवा की उनके घर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ● एजेंसी

# भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता हैः मुरलीधरन

**रियो दि जेनेरियो (ब्राजील), एजेंसी**



- जी-20 बैठक में विदेश राज्य मंत्री बोले- इजराइल हमास युद्ध का द्वि-राष्ट्र समाधान निकालें

दुनियाभर में संघर्ष के बीच भारत ने ब्राजील में जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक ढंग से संबोधित कर, साझा जमीन तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को कूटनीति से हल करने और इजराइल-हमास संघर्ष पर द्वि-राष्ट्र समाधान पर भरोसा जताया। भारत का जोर पश्चिम एशिया में युद्ध रोकने के प्रयासों पर रहा।

अंतर्राष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी-20 की भूमिका' शीर्षक वाले सत्र में बोलते हुए, मुरलीधरन ने संघर्ष के कई बिंदुओं को छुआ और उन पर भारत के रुख की पैरवी की। उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है और हमें पश्चिम एशिया में युद्ध को और अधिक फैलने से रोकने की हर संभव कोशिश करनी चाहिए। लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए, उन्होंने समुद्रों में सुरक्षा की जरूरत पर जोर दिया और समुद्री मार्गों की सुरक्षा जरूरी बताई। उन्होंने भू-राजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक रूप से संबोधित करने और आम जमीन खोजने की जरूरत पर भी ध्यानाकर्षित किया।

# पश्चिमी देशों की नीतियां रूस चीन को पास ला रहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रायसीना डायलॉग में विदेश मंत्री ने पश्चिमी देशों को फिर सुनाई खरी-खरी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और उनके दुष्परिणामों का जिक्र किया। इस साथ ही उन्होंने कहा कि रूस शासन कला की एक विशाल परंपरा वाली ताकत है और वह एशिया या दुनिया के गैर-पश्चिम हिस्सों की ओर अधिक रुख कर रहा है। जयशंकर ने रायसीना डायलॉग में मॉस्को और बीजिंग की बढ़ती नजदीकियों के सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

विदेश मंत्री ने कहा कि रूस अन्य देशों, खासतौर पर एशिया के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों की नीतियां रूस और चीन को करीब ला रही हैं। एक तरफ आपके पास ऐसे लोग हैं जो नीतियां बनाते हैं। दोनों को एकसाथ लाते हैं और फिर कहते हैं उनके एक साथ आने से सावधान रहें। दोनों देशों की नजदीकियों को लेकर यह सवाल ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट के कार्यकारी निदेशक माइकल फुलिलोव ने पूछा था। इससे पहले जयशंकर ने कहा था कि रूस के साथ भारत के स्थायी और बहुत दोस्ताना संबंध हैं। मॉस्को ने कभी भी नई दिल्ली के हितो को नुकसान नहीं पहुंचाया है। रूस के हमले के बावजूद भारत के संबंध मजबूत है।

# पाकिस्तानः चुनाव में धांधली के आरोप से पलटे पूर्व नौकरशाह

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह लियाकत अली चट्ठा अपने बयान से पलट गए। पूर्व नौकरशाह ने आरोप लगाया था कि रावलपिंडी से 13 प्रत्याशियों को जबरन विजेता घोषित किया गया। उन्होंने कहा है कि वह अपने दावों पर अत्यंत शर्मिंदा हैं।

मीडिया के अनुसार रावलपिंडी के पूर्व कमिशनर लियाकत ने कहा, 'मैं अपने काम की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं और किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई के लिए स्वयं को अधिकारियों के सामने समर्पित करता हूं। घटनाक्रम पर पीएमएलएन ने इमरान की पार्टी पर चुनाव को विवादास्पद बनाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# सरकार के कहने पर एक्स से कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सोशल मीडिया कंपनी एक्स ने भारत सरकार पर लगाया आरोप यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है

अरबपति एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' ने पहली बार दावा किया है कि भारत सरकार के आदेश पर कुछ अकाउंट ब्लॉक किए गए हैं। साथ ही पोस्ट भी हटाई गई हैं। एक्स ने अपने ग्लोबल गवर्नेंस अफेयर्स अकाउंट पर लिखा, 'हम इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं।

यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। भारत सरकार के आदेश के अनुसार यदि कंपनी एक्स कुछ अकाउंट्स और पोस्ट ब्लॉक नहीं करती तो उस पर जुर्माने और जेल की सजा हो सकती है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि ब्लॉक किए अकांउट और पोस्ट भारत में नहीं देखे जा सकेंगे। अन्य देशों में इन्हें देखा जा सकेगा। एक्स ने दावा किया कि कानूनी बाध्यता के कारण वह सरकारी आदेश सार्वजनिक नहीं कर सकती।

हालांकि, उसका मानना है कि पारदर्शिता के लिए इसे सार्वजनिक करना चाहिए। गौरतलब है कि कर्नाटक हाई कोर्ट में एक्स की सरकार के खिलाफ अर्जी लंबित है। इस पर 20 मार्च को सुनवाई होगी। मीडिया के अनुसार, किसान आंदोलन के चलते सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 177 अकाउंट्स ब्लॉक करने के आदेश दिए हैं।

**विज्ञान** अंतरिक्ष के विशाल तारों में सोने चांदी की तलाश, वैज्ञानिकों ने नए शोध में लगाया पता

# न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचारः** पृथ्वी पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी कहां से आया होगा। यह ऐसा प्रश्न है जिसका हल ढूंढने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनरत हैं। अब नए शोध से पता लगा है कि दो न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से सोना चांदी जैसे बहूमूल्य धातुओं की उत्पत्ति संभव है।

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन दिन पर दिन घटते जा रहे हैं, जबकि आबादी का लगातार विस्तार हो रहा है। इस परिस्थिति में स्वाभाविक है कि वस्तुओं की मांग बढ़नी है। मगर प्राकृतिक संसाधनो की आपूर्ति कैसे हो। जिसके चलते वैज्ञानिको की नजरें ब्रह्मांड में जा टिकी है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी हमारे नजदीकी ग्रहों व पिंडो पर लगातार अध्ययन कर रहे हैं और



न्यूट्रॉन स्टार की टक्कर का चित्र।


अंतरिक्ष यान भेजकर धातुओं को धरती पर लाने के प्रयास कर रहे हैं। हमारी धरती पर बहुमूल्य धातु सोना व चांदी के भंडार लगातार कम होते जा रहे हैं। इनकी आपूर्ति को लेकर अध्ययन जारी हैं। अब एक नया शोध किया गया है। नेचुरल साइंस विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो ब्रैडली शेरिल की टीम ने पांच आधार पर यह शोध किया है। जिसमे उनका कहना है कि दो न्यूट्रॉन तारे की टक्कर ब्रह्मांड के सबसे भारी तत्वों का संश्लेषण करती है यानी निर्माण होता है। शोधकर्ताओं ने पांच नए आइसोटोप संश्लेषित किए हैं जो मृत तारों के तत्वों को पृथ्वी पर लाने में मदद कर सकते हैं । इस शोध से वैज्ञानिकों यह समझने के लिए एक कदम आगे बढ़ सकते हैं कि कैसे अति-घने, मृत तारों के बीच टकराव से सोने और चांदी जैसे भारी तत्व बन सकते हैं। बहरहाल यह शोध ब्रह्मांड से बहूमूल्य धातुओं की तलाश में पहला कदम है। इस दिशा में प्रयास जारी रखे जाएंगे तो निश्चित ही भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

### तारों की टक्कर से ही तत्वों की उत्पत्ति संभव

अब तक के शोध बताते हैं कि भारी तत्वों की उपत्ति तारों से ही होती है। पृथ्वी मे सोना व चांदी भी इन्ही से आया होगा। मगर एक सामान्य तारे से यह उपलब्ध नही हो सकते। इनकी उत्पत्ति तभी संभव है, जब दो विशाल तारों की अंतिम अवस्था में टक्कर हो। तभी उच्च स्तर पर बने ताप से इन तत्वों की उपत्ति संभव है। एक सामान्य तारे से सिर्फ लोहे जैसे धातु ही बन सकती है। नए शोध से इसकी पुष्टि हुई है।

# अमेरिका के निजी स्पेसक्राफ्ट की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका की निजी कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।

चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा। संयुक्त राज्य अमेरिका का ओडीसियस अंतरिक्ष यान गुरुवार (स्थानीय समय) को सफलतापूर्वक चंद्रमा पर उतरा, जो 50 से अधिक वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बन गया। इसके साथ, इंटुएटिव मशीन्स (आईएम) नोवा के पीछे का वाणिज्यिक उद्यम -सी लैंडर - चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करने वाला पहला निजी उद्यम बन गया है। चांद का दक्षिणी ध्रुव वही हिस्सा है, जिसके करीब भारत के चंद्रयान 3 का विक्रम लैंडर उतरा था। लैंडिंग से पहले ओडिसियस के नेविगेशन सिस्टम में कुछ खराबी आई थी। इसके बावजूद लैंडिंग कराई गई। यह स्पेसक्राफ्ट मून के साउथ पोल पर उतरा है।